रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 7 मार्च 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 196 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### भारत 3-1 से सीरीज जीत कर टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में

**अहमदाबाद।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (5/47) और लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल (5/48) के एक और घातक प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही शनिवार को पारी और 25 रन से रौंद कर चार मैचों की श्रृंखला 3-1 से जीत ली और इसके साथ ही उसने आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली, जहां उसका मुकाबला इंग्लैंड के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में 18 से 22 जून तक न्यूजीलैंड के साथ होगा। भारत ने अपने पहली पारी में 365 रन बनाकर 160 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की और इंग्लैंड को दूसरी पारी में 54.5 ओवर में 135 रन पर निपटा दिया। भारत के टेस्ट इतिहास में यह छठा मौका है जब उसने पहला टेस्ट गंवाने के बाद वापसी करते हुए सीरीज जीत हासिल की है। अश्विन ने 47 रन पर पांच विकेट और पटेल ने 48 रन पर पांच विकेट लिए।

### रूस में कोरोना के 11000 मामले, 441 और की मौत

**मॉस्को।** रूस में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित 11,022 नए मामले सामने आए जो एक दिन पहले के 11,024 से मामूली कम हैं। सरकार की कोरोना वायरस प्रतिक्रिया केन्द्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रतिक्रिया केन्द्र ने कहा कि देश के 85 क्षेत्रों में इस महामारी के संक्रमण के 11,022 नए मामलों की पुष्टि हुई, जिनमें 1,290 मामले यानी 11.7 प्रतिशत बिना लक्षण वाले हैं।

### घरेलू स्तर पर सातवें दिन पेट्रोल डीजल में टिकाव

**नयी दिल्ली।** तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक प्लस द्वारा उत्पादन नहीं बढ़ाने के निर्णय के बाद कच्चे तेल में आए उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को लगातार सातवें दिन स्थिरता बनी रही। विदेशी बाजारों में लंदन ब्रेंट क्रूड ऑयल 2.62 डॉलर प्रति बैरल बढ़कर 69.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। राजधानी दिल्ली में अभी 91.17 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 81.47 रुपए प्रति लीटर पर है। 27 मार्च को इन दोनों की कीमतों में क्रमशः 24 पैसे और 15 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई थी।

# देश की सभी उच्च न्यायालयों को फैसलों की प्रति स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराना चाहिए : कोविंद

एजेंसी ◄ जबलपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज कहा कि वह चाहते हैं कि देश की सभी उच्च न्यायालय, अपने अपने प्रदेश की अधिकृत भाषा में जनजीवन के महत्वपूर्ण पक्षों से जुड़े निर्णयों का प्रमाणित अनुवाद करें और उच्चतम न्यायालय की भांति एक साथ उपलब्ध और प्रकाशित कराएं।

कोविंद ने यहां मानस भवन में ऑल इंडिया स्टेट ज्यूडिशियल एकेडमीज डायरेक्टर्स रिट्रीट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, जब उनके विनम्र सुझाव पर उच्चतम न्यायालय ने इस दिशा में कार्य करते हुए अपने निर्णयों का अनुवाद, नौ भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया। वे इस प्रयास से जुड़े सभी लोगों को बधाई देते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वाधीनता के बाद बनाए गए भारत के संविधान की उद्देशिका को हमारे संविधान की आत्मा समझा जाता है। इसमें चार आदर्शों-न्याय, स्वतंत्रता, अवसर की समानता और बंधुता-की प्राप्ति कराने का संकल्प व्यक्त किया गया है। इनमें भी 'न्याय' का उल्लेख सबसे पहले है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने कहा कि आज का कार्यक्रम एक नई प्रक्रिया का आरंभ है। संवाद, नए आयाम स्थापित करता है एवं आज हम इसी प्रकार के संवाद का प्रारंभ कर रहे है। न्याय एक अनोखी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि न्यायदान के लिए मानव स्वभाव, सामाजिक परिवेश, राजनीतिक व्यवस्था को समझना जरूरी है।

सीजेआई बोबडे ने कहा कि समय के साथ विकसित होते कानून को समझना जरूरी है। ऐसे में किसी भी न्यायाधीश को न्याय व्यवस्था को तैयार करने की प्रक्रिया को समझना एक रोचक विषय है। इस विषय पर काफी शोध हुआ है। उन्होंने कहा कि कालांतर में न्यायिक अकादमी स्थापित हुई जो उत्तम कार्य कर रही है पर न्यायिक प्रशिक्षण के तौर तरीकों को बदलना होगा। मेरे विचार में ऑल इंडिया ज्यूडियशयल एकेडमी डायरेक्टर रिट्रीट एक संवाद स्थापित करेगी ताकि अनुभव के आदान प्रदान से हम उत्कृष्टता पा सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विगत लगभग एक वर्ष से संपूर्ण विश्व सहित भारत कोविड 19 की महामारी से जूझता रहा। संकट की इस घड़ी में भी न्यायपालिका ने कार्य को बाधित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि हमारी न्यायपालिका ने जो महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जो निष्कर्ष निकलेंगे, उन्हें उच्च न्यायालय के साथ मिलकर जमीन पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय कैसे मिले, सस्ता न्याय और सुलभ न्याय कैसे मिले। इस दिशा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए दक्ष मानव संसाधन की जरूरत है। मुझे विश्वास है कि हम जो चिंतन करेंगे उसमें से निश्चित तौर पर बेहतर निष्कर्ष निकलेंगे।

चौहान ने कहा कि जितनी भी व्यवस्थाएं मानव सभ्यता के उदय के बाद बनीं हैं, अंततः उनका एक ही लक्ष्य है, एक ही केंद्र है आम आदमी को कैसे सुखी कर पाएं। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान आदि भौतिक आवश्यकताएं यदि पूरी हो जाएं तो मनुष्य सुखी हो जाएगा। कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमना ने पुस्तक मध्यप्रदेश का न्यायिक इतिहास और न्यायालय का विमोचन किया एवं इसकी प्रथम प्रति राष्ट्रपति कोविंद को भेंट की गयी।

# तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं पूर्व रेलमंत्री दिनेश त्रिवेदी भाजपा में हुए शामिल



एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व रेल मंत्री रहे दिनेश त्रिवेदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। शनिवार को यहाँ त्रिवेदी ने भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता हासिल की। त्रिवेदी ने कहा कि आज वह स्वर्णिम पल है जिसका मुझे इंतजार था। हम सार्वजनिक जीवन में इसलिए हैं क्योंकि जनता सर्वोपरि होती है। एक राजनीतिक पार्टी ऐसी होती है जिसमें परिवार सर्वोपरी होता है लेकिन आज मैं सचमुच ऐसे दल में शामिल हुआ हूँ जिसमें जनता परिवार होती है। भाजपा दल का मकसद है जनता की सेवा। उन्होंने कहा कि मैं इससे पहले जिस पार्टी में था वहां पर सिर्फ एक परिवार की सेवा होती है, जनता की नहीं। त्रिवेदी ने कहा कि,आज पश्चिम बंगाल में ऐसा माहौल है कि वहां की जनता मुझसे फोन कर यह कहती थी कि आप इस पार्टी में क्या कर रहे हैं। आज यह हालत हो गई है कि एक स्कूल बनाने तक के लिए वहाँ की सत्ताधारी पार्टी को चंदा देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि, पश्चिम बंगाल में लगातार हिंसा बढ़ रही है। वहां पर हिंसा और भ्रष्टाचार से जनता परेशान है ऐसे में बंगाल की जनता खुश है कि वहां पर असली परिवर्तन होने जा रहा है और भाजपा सरकार बनाने जा रही है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि, 'मुझे खुशी हो रही है कि हम त्रिवेदी को भाजपा में शामिल कर रहे हैं। त्रिवेदी का राजनीति में लंबा अनुभव रहा है। उन्होंने सत्ता को दरकिनार करते हुए राजनीतिक जीवन गुजारा है। बहते हुए विचार के साथ भाजपा में अपने आप को समावेश किया है।' उन्होंने कहा कि, त्रिवेदी जैसे व्यक्तित्व गलत दल में थे और ये बात वह खुद महसूस करते थे। उन्होंने राजनीति में इस वजह से बड़ी क़ीमत चुकाई है। अब सही व्यक्ति सही पार्टी में है, जहां पर उनका भाजपा, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सही उपयोग कर पाएगी। त्रिवेदी के भाजपा की सदस्यता लेने के इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल और धर्मेन्द्र प्रधान भी मौजूद थे।

# नक्सली हमले में शहीद जवान के परिजनों को शिवराज सरकार देगी 1 करोड़ रुपये



एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में शहीद सुरक्षाकर्मी लक्ष्मीकांत द्विवेदी के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। द्विवेदी प्रदेश के रीवा जिले के निवासी थे।

प्रदेश के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि द्विवेदी छत्तीसगढ़ के जिला रिजर्व गार्ड (जीआरजी) की 22 वीं बटालियल में बतौर सुरक्षाकर्मी तैनात थे और बृहस्पतिवार को दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने द्विवेदी के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा एक घर देने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को द्विवेदी का पार्थिव शरीर रीवा जिला मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर उनके पैतृक गांव बरछा काकहरा में लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया। प्रदेश सरकार के मंत्री राम खिलावन पटेल ने शहीद के गांव पहुंचकर जवान को श्रद्धांजलि दी।

# विश्व में कोरोना से मरने वाले लोगों की संख्या 25 लाख से अधिक

वार्ता ◄ वाशिंगटन/ रियो डि जेनेरो/ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विश्व भर में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के संक्रमितों की संख्या 11.60 करोड़ से अधिक हो गयी है और अब तक इस महामारी से 25.80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 11 करोड़ 60 लाख 66 हजार से अधिक हो गयी है जबकि 25 लाख 80 हजार से अधिक लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना का कहर जारी है तथा यहां संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 88 लाख 94 हजार से अधिक हो गयी है जबकि 5.22 लाख से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत में संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 11 लाख 92 हजार से अधिक हो गयी है, हालांकि यहां एक करोड़ आठ लाख 54 हजार 128 लोग कोरोनामुक्त हो चुके हैं। वहीं मृतकों का आंकड़ा बढ़कर एक लाख 57 हजार 656 हो गया है। एक करोड़ से अधिक कोरोना मामलों की संख्या वाले तीन देशों में शामिल ब्राजील में अब तक एक करोड़ आठ लाख 69 हजार से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 2.62 लाख से अधिक मरीजों की मौत हो चुकी है। अमेरिका, भारत और ब्राजील के बाद कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल रूस में कोरोना से 42.52 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 86,821 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में कोरोना संक्रमितों की संख्या 42.19 लाख से अधिक हो गई है और 124,495 लोगों की मौत हुई है। फ्रांस में 39 लाख 18 हजार 937 लोग संक्रमित हुए हैं और 88,427 मरीजों की मौत हुई है। स्पेन में इस महामारी से अब तक 31.49 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 71,138 लोगों की मौत हो चुकी है। इटली में संक्रमितों की संख्या 30.23 लाख से अधिक हो गई है और 99,271 लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्की में कोरोना से अब तक 27.57 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 28,901 लोगों ने जान गंवाई है।



## जहरीली शराब केस में 9 को सजा-ए-मौत

# देश में पहली बार शराब से जुड़े मामले में इतनी बड़ी सजा

### 2016 में हुई थी 19 लोगों की मौत

वार्ता ◄ गोपालगंज
www.dailypioneer.com

बिहार के चर्चित खजूरबानी शराबकांड के 9 दोषियों को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। 4 महिलाओं को उम्रकैद हुई है। गोपालगंज के ADJ-2 ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। इस मामले में कोर्ट ने 26 फरवरी को 13 लोगों को दोषी करार दिया था। इनमें से 11 अभी जेल में हैं। फरार चल रहे 2 दोषियों की गिरफ्तारी के लिए नए सिरे से वारंट जारी किए गए हैं। 16 अगस्त, 2016 को कच्ची शराब पीने से 19 लोगों की मौत हुई थी। थाने से महज 2 किलोमीटर दूर खजूरबानी में बड़े पैमाने पर देसी शराब बनाई जा रही थी। पुलिस पर इसकी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप लगा था। घटना के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया था। घटना के प्रत्यक्षदर्शी संतोष कुमार ने बताया कि हर घंटे लोगों की मौत हो रही थी।

12 जून 2020 को बिहार के DGP ने 21 पुलिसवालों को बर्खास्त कर दिया था। इस साल 14 जनवरी को हाई कोर्ट ने इनमें से एक सब इंस्पेक्टर समेत 5 पुलिसकर्मियों की बर्खास्तगी का आदेश रद्द कर दिया था। हाई कोर्ट के इस आदेश से बाकी 16 पुलिसवालों की बर्खास्तगी का आदेश भी निरस्त हो गया था।

**कई लोगों ने आंखों की रोशनी गंवाई**

16 अगस्त 2016 को गोपालगंज के वॉर्ड नंबर-25 स्थित खजूरबानी मोहल्ले में ज्यादातर घरों में किसी न किसी की मौत हुई थी। मरने वाले सभी गरीब परिवारों के थे। जहरीली शराब की वजह से कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। सबसे ज्यादा मौतें नोनिया टोली, पुरानी चौक और हरखुआं मोहल्ले में हुई थी।

## कांग्रेस सरकार की नीतियां किसानों और समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर धरातल पर काम कर रही हैं

# किसानों की समृद्धि और खुशहाली में पशुधन सहायक : जयसिंह अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



किसानों की समृद्धि और खुशहाली में पशुधन बहुत सहायक सिद्ध होते हैं। राज्य सरकार की अनेक किसान हितैषी नीतियों से छोटे और मझोले स्तर के किसानों के लिए पशुधन आय का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है।

अब तो सरकार द्वारा की जा रही गोबर खरीदी योजना से एक तरफ किसानों को नगद राशि की प्राप्ति हो रही है तो दूसरी ओर खेती के काम के लिए उन्हें जैविक खाद सुगमता से उपलब्ध होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मेरा ऐसा मानना है कि विगत वर्ष से सरकार द्वारा गोबर खरीदी योजना आरंभ किए जाने के बाद ग्रामीणें में जागरूकता आई है, वे गोबर के महत्व को समझने लगे हैं और बड़े पैमाने पर साफ-सफाई भी सड़कों पर दिखाई देने लगी है। उक्त उद्गार प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जांजगीर-चांपा जिला अन्तर्गत सक्ती के नंदेली भंठा में आयोजित जिला स्तरीय पशुधन एवं कुक्कुट प्रदर्शनी के अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार की नीतियां किसानों और समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर धरातल पर काम कर रही हैं और निश्चित रूप से सरकार की नीतियों का लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। ग्रामीणों और किसानों द्वारा पशुधन का पोषण एवं संरक्षण उनके अपने हित में है, पशुधन के जरिए उन्हें नियमित रूप से आय प्राप्त करने के अलावा परिवार की आवश्यकता के अनुरूप दूध, दही, मक्खन और घी की प्राप्ति भी होती है जो स्वास्थ्य की दृष्टि भी अति महत्वपूर्ण है।

सक्ती के नंदेली भांठा में आयोजित जिला स्तरीय पशुधन एवं कुक्कुट प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता और छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महा मण्डलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के विशिष्ट आतिथ्य और अध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर-चांपा यनिता यशवंत चन्द्रा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर-चांपा राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सभापति पशुधन स्थायी समिति, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा, भूतपूर्व विधायक सक्ती विधानसभी सरोजा मनहरण राठौर, अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती राजेश राठौर, सदस्य जिला पंचायत जांजगीर-चांपा टिकेश्वर गबेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सक्ती सुषमा दादू जायसवाल, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सक्ती नेहा श्याम सुंदर अग्रवाल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती ममता प्रेम पटेल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, किसानों और ग्रामीणों की उपस्थिति में हुआ।

# किसान संगठन मना रहे हैं 'काला दिवस'

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के तीन नये कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन को शनिवार को 100 दिन पूरे होने पर आंदोलनकारी किसान संगठन इस दिन (छह मार्च) को 'काला दिवस' के रूप में मना रहा है। इस बीच आंदोलनकारी किसानों ने आज पांच घंटों के लिए कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे को अवरुद्ध कर दिया है। एक्सप्रेसवे आज 1100 बजे से लेकर 1600 बजे तक अवरुद्ध रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (एसएमपी) ने किसान आंदोलन के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर छह मार्च (शनिवार) को 'काला दिवस' के रूप में मनाने और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे को पांच घंटों के लिए अवरुद्ध करने की शुक्रवार को घोषणा कर दी थी। किसान संगठनों और सरकार के बीच ग्यारह दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है लेकिन दोनों के बीच अभी तक सहमति नहीं बनी है। किसान नेता कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की मांग पर अड़े हैं जबकि सरकार इस मांग को पूरी करने के लिए तैयार नहीं है। किसानों का आंदोलन 26 नवंबर को शुरू हुआ था। हजारों की संख्या में विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा के किसान दिल्ली से लगी सीमाओं के आसपास आंदोलन कर रहे हैं।



# सुबह होते ही मिलता है खाना भरपेट मजदूरी के लिए नहीं होता लेट

## शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना से श्रमिकों की मिट रही भूख

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





संतोषी नगर के दिलीप दीप हो या पेंशनबाड़ा का बबलू खान, भिलाई के योगेश हो या नवापारा राजिम में रहने वाले राधे तांडी। ये सभी श्रमिक है। इनकी दिनचर्या की शुरुआत प्रातः 5 से 6 बजे ही शुरू हो जाती है। भले ही इन मजदूरों को रात में सोने से पहले आने वाले दिन में काम मिलने को लेकर चिंता होती होगी, लेकिन उन्हें इस बात की गारंटी होती है कि कल की सुबह वह खाली पेट नहीं रहेगा। मजदूर भलीभांति जानते हैं कि चावड़ी में काम धंधा मिले न मिलें, उन्हें भरपेट भोजन जरूर मिलेगा। निर्धारित स्थान पर बहुत कम दर पर भोजन मिलने से मजदूरों को सुबह- सुबह घर पर भोजन की चिंता नहीं रहती। इससे उन्हें अपने कार्य स्थल पर जाने में भी विलम्ब नहीं होता। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया के निर्देशन में श्रम विभाग द्वारा संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना हजारों गरीब मजदूरों के लिए वरदान साबित हो रही है। श्रम अन्न योजना का लाभ प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 2 हजार से अधिक असंगठित, निर्माण एवं संगठित श्रमिक उठाते हैं। श्रमिक कार्ड बनने के बाद असंगठित एवं निर्माण श्रमिकों को 5 रुपए और संगठित श्रमिकों को 10 रुपए में गरम भोजन (दाल, चावल, सब्जी,आचार) दिया जाता है। कुल 22 केंद्रों में मजदूरों को भोजन खिलाया जाता है। जिसमें रायपुर जिले में तेलीबांधा,गाँधी मैदान, सेरीखेड़ी, उरला और मैग्नेटो मॉल के पास भोजन केंद्र संचालित है।

श्रमिक बबलू खान इस योजना का लाभ लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह गाँधी मैदान के चावड़ी (मजदूरों के एकत्र होने का स्थान) में काम के लिए आता है। घर में पत्नी और छोटे बच्चे हैं। सुबह उठने के बाद नहा-धोकर सीधे घर से निकल जाता है और चावड़ी के पास संचालित श्रम अन्न योजना केंद्र में आकर भरपेट भोजन करता है। मजदूर बबलू खान ने बताया कि सरकार द्वारा मजदूरों के लिए 5 और 10 रुपए में भोजन दिए जाने से घर में भी सुबह-सुबह भोजन पकाने की हड़बड़ी नहीं होती है। समय पर खाना खाने के बाद वह चावड़ी में जाकर काम के लिए मौजूद रहता है। सुबह भोजन होने के बाद किसी काम को करने में कोई समस्या नहीं आती।

संतोषी नगर के दिलीप दीप ने बताया कि उसके लिए श्रम अन्न योजना एक बड़ी राहत की तरह है। 10 रुपए में इस महंगाई के जमाने में दाल, चावल सब्जी हम मजदूरों को सुबह-सुबह मिल जाना हमारे लिए राहत की तरह है। नया पारा राजिम से रायपुर आकर काम करने वाले मजदूर राधे तांडी ने बताया कि वह टेंट हाउस का काम करता है। उन्होंने बताया कि प्रातः काल में भोजन की उपलब्धता उन्हें और उनके परिवार को कई तरह से राहत प्रदान करती है। राजेश तांडी ने बताया कि वह प्रतिदिन मजदूरी के लिए चावड़ी में आता है। श्रम अन्न केंद्र में भोजन के बाद काम की तालाश होती है। इन केंद्रों में आने वाले अधिकांश मजदूरों का कहना है कि सुबह-सुबह भोजन की चिंता नहीं होने से समय पर मजदूरी मिल पाती है। पहले घर में भोजन बनवाने और खाने में समय लग जाता था और काम पर जाने में भी देरी होती थी। अब ऐसा नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल से उन्हें बहुत राहत मिली है।

# कृषि एवं जल संसाधन मंत्री चौबे को रजक समाज में दिया न्यौता

## धोबी समाज का साजा में 14 मार्च को महाअधिवेशन



- रजक कल्याण बोर्ड की घोषणा पर मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री का आभार जताया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

साजा परिक्षेत्र धोबी समाज का वार्षिक अधिवेशन समाज के सामुदायिक भवन साजा में 14 मार्च होगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे होंगे। धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में आए समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री रविंद्र चौबे से उनके निवास कार्यालय रायपुर में भेंटकर उन्हें महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का न्यौता दिया। मंत्री चौबे ने रजक समाज के आमंत्रण को स्वीकार करने के साथ ही उनके आयोजन की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। मंत्री रविंद्र चौबे ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' के सपने को साकार करने में तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारी यह कोशिश है कि छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने में सभी लोगों की भागीदारी हो। उन्होंने रजक समाज के लोगों के उत्साह और उनकी एकता की सराहना की।

प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने रजक समाज के कल्याण के लिए रजक कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा के प्रति मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविंद्र चौबे का आभार जताया। अध्यक्ष सूरज निर्मलकर एवं समाज के लोगों ने प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की भलाई विशेषकर समाज के गरीब तबके के लोगों के बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि इससे पिछड़ों एवं गरीबों के मन में विश्वास जगा है। निर्मलकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने रजक समाज के कल्याण के लिए बोर्ड का गठन किया है। इससे सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन पूरे देश के रजक समाज के लोग उत्साहित हैं।

इस अवसर पर समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश कन्नौजे, युवा धोबी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता राजेन्द्र निर्मलकर, क्षेत्रीय पदाधिकारी संतोष निर्मलकर, श्यामलाल रजक, होरीलाल कन्नौजे, जिला युवा अध्यक्ष नीरज निर्मलकर, विसहत रजक एवं अन्य सामाजिकबंधु उपस्थित थे।

# नगर पालिका आम एवं उप निर्वाचन : दावा-आपत्ति 1 से 9 मार्च तक किया जा सकता है

- लिंक का प्रयोग कर मतदाता प्रारंभिक मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते है

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिका आम एवं उप निर्वाचन - 2021 के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 01 मार्च 2021 को किया गया। इसके लिए दावा-आपत्ति 1 से 9 मार्च तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चिन्हांकित स्थलों पर प्राधिकृत कर्मचारी को निर्धारित समय पर प्रस्तुत किये जा सकते है। नगर पालिक निगम बीरगाँव के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 1 मार्च को किया गया है। मतदाता लिंक का प्रयोग कर प्रारंभिक मतदाता सूची मे अपना नाम खोज सकते हैं। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय और संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में किया गया है। निर्वाचक नामावली में दावा-आपत्ति ऐसे व्यक्ति कर सकते है, जिनका नाम विधानसभा निर्वाचन की प्रचलित निर्वाचक नामावली में है, किन्तु नगर पालिका की निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन से छूट गया है या जिनका नाम गलत वार्ड में प्रकाशित हो गया हो या जिनका विवरण निर्वाचक नामावली में त्रुटिपूर्ण हो, उसके संशोधन हेतु दावा-आपत्ति 9 मार्च तक किया जा सकता है। इसी तरह प्रारंभिक प्रकाशन में किसी मतदाता/स्वयं के निर्वाचन नामावली में नाम होने पर आपत्ति हो तो उसके विलोपन हेतु दावा-आपत्ति की जा सकती है।

# आपदा पीड़ितों को 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है। बस्तर जिले में ऐसे 10 प्रकरणों में 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत बस्तर जिले के अंतर्गत विकासखण्ड बकावण्ड के ग्राम तोंगकोंगरा की देवकी, छिंदगांव की मंगली और बस्तानार की सुनीता गावड़े की सांप के काटने से, टालनार के भुवनेश्वर और काकलूर के सोमारू राम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह के तोकापाल विकासखण्ड के ग्राम सिरिसगुड़ा के लखू, टिकरा धनोरा के सुखदेई और एरण्डवाल के पाण्डूराम की पानी में डूबने से और ग्राम छापरभानपुरी के हड़मे की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई थी और विकासखण्ड लोहाण्डीगुड़ा के ग्राम मारडूम के भुरलूराम कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# 'हमर ग्रामसभा' की 32वीं कड़ी का प्रसारण आज

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव श्रोताओं के सवालों के देंगे जवाब

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव रेडियो पर 7 मार्च को हमर ग्रामसभा कार्यक्रम में श्रोताओं के सवालों के जवाब देंगे। वे शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित इस विशेष कार्यक्रम में व्हाट्सएप के माध्यम से श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देंगे। सिंहदेव कार्यक्रम में राज्य शासन की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी करेंगे।

कार्यक्रम को मीडियम वेब 981 किलो हर्ट्ज पर सुना जा सकता है। प्रदेश में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे। विभागीय योजनाओं की जानकारी देने और उनका लाभ उठाने लोगों को प्रेरित करने राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा द्वारा साप्ताहिक रेडियो कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' का निर्माण किया जाता है। इसे आकाशवाणी रायपुर द्वारा हर रविवार शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक प्रसारित किया जाता है। 7 मार्च को इसकी 32वीं कड़ी का प्रसारण होगा।

### स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव 8 को रायपुर लौटेंगे

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव अंबिकापुर प्रवास के बाद 8 मार्च को रायपुर लौटेंगे। वे 7 मार्च को रात साढ़े दस बजे अबिंकापुर से दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस द्वारा रवाना होकर 8 मार्च को सवेरे 08.40 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

# राज्यपाल ने त्रिभुवन पांडेय के निधन पर दुख व्यक्त किया

**रायपुर ।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार त्रिभुवन पांडेय के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि स्व. पांडेय ने अपना संपूर्ण जीवन साहित्य के प्रति



समर्पित कर दिया। उनका जीवन का एकमात्र संदेश लोगों को साहित्य से जोड़ना था। उन्होंने जो लेखन कार्य किया वह विशिष्ट व मौलिक था। उन्होंने साहित्य जगत के सभी विधाओं में लेखन किया। उनकी रचनाएं नई पीढ़ी को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। राज्यपाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लाईवलीहुड कॉलेज में मेला

- रायपुर में महिलाओं के लिए रोजगार सह कौशल मेला का आयोजन होगा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला कौशल विकास प्राधिकरण, रायपुर द्वारा रोजगार सह कौशल मेला का आयोजन किया जा रहा है। 8 मार्च अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर रोजगार सह कौशल मेला का आयोजन जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जोरा, रायपुर में होगा। यह मेला मुख्यतः महिलाओं के लिए होगा।इसी तरह 12 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) सड्डू रायपुर में, 15 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) धरसीवां में 18 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) आरंग में 22 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) अभनपुर में, 25 मार्च में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) तिल्दा में होगा। इनमें युवक और युवतियां दोनों शामिल हो सकेंगे। यह मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक होगा। शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र या आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो आदि के साथ उपस्थित होकर, आवेदक लाभान्वित हो सकते हैं। रोजगार सह कौशल मेला निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार हेतु साक्षात्कार भी होगा। शासकीय स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी एवं आवेदन दिए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग होगी तथा उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन दिया जायेगा। इस संबंध में जानकारी के लिए फोन नं.- 0771-2539979, 0771-2443066 पर सम्पर्क कर सकते है। इस रोजगार सह कौशल मेला में निजी नियोजकों के साथ उपसंचालक रोजगार एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायपुर उपस्थित रहेंगे।

# गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार, एक किलो 700 ग्राम गांजा जब्त

**रायपुर ।** राजधानी के कालीबाड़ी ऑटो स्टैण्ड में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलों 700 ग्राम गांजा जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने 5 मार्च को शाम 6.45 बजे कालीबाड़ी ऑटो स्टैण्ड में गांजा तस्करी की सूचना पर घेराबंदी कर मोहम्मद लतीफ 30 वर्ष पिता अब्दुल जब्बार को गिरफ्तार कर उसके पास से एक बैग की तलाशी के दौरान 1 किलों 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्स की धारा 20 बी के तहत कार्रवाही कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जमीन विवाद में बेटे ने मां और भाई की पत्नी को उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में सुबह-सुबह जमीन विवाद के चलते एक बेटे ने अपनी माँ और छोटे भाई की पत्नी की हत्या कर दी है। हत्या के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम भगत टंडन है। जानकारी के मुताबिक घटना उरला थाना क्षेत्र की है। आज सुबह आरोपी उत्तम की बहू बाथरूम निर्माण के लिए गड्ढा खोंद कर रही थी, उस दौरान भगत टंडन का उसके साथ विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उत्तम ने पास रखे फावड़ा से अपने छोटे भाई की पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। बीच बचाव करने आई अपनी मां पर भी आरोपी ने फावड़े से हमला कर दिया। हमले में दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। इधर दोहरे हत्याकांड के बाद पूरे उरला क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची उरला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की लगाई गई उपलब्धियों की प्रदर्शनी

# फोटो प्रदर्शनी और सूचना शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जा रही है जानकारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों के ग्रामीण इलाकों के लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए सूचना शिविर लगाए जा रहे हैं। लोग स्वस्फूर्त सूचना शिविरों में पहुंच रहे हैं, जहां फोटो प्रदर्शनी में आकर्षक ढंग से जन कल्याणकारी योजनाओं के फोटो प्रदर्शित किए गए हैं। लोग अपने लिए उपयोगी योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं और सूचना शिविर में शासकीय योजनाओं के जानकारी की पुस्तिकाओं को लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। कबीरधाम जिले के आदिवासी एवं बैगा बाहुल विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत तरेगांव जंगल के सप्ताहिक हाट-बाजार में छाया प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हाट-बाजार करने आए ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों तथा बच्चों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वनांचल के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला जनसंपर्क कार्यालय कबीरधाम द्वारा जिले के 10 बड़े हाट-बाजारों में सूचना शिविर और ?ोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हॉट-बाजारों में जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पहला फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन 5 मार्च को बोड़ला विकासखण्ड के अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्राम तरेगांव जंगल में किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पत्रिका जनमन, बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के संबल, किसान गाइड सहित अन्य प्रचार समाग्रियों का वितरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी के कियान्वयन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, आदर्श गोठान, बिजली बिल हाफ योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, अल्पकालिन ऋ ण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीडीएस, कृषि विभाग के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित की गई थी। नागरिको ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की।

# स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए 15 तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की एजेंसी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसके लिए कार्यपालन अभियंता (सिविल) या इससे उच्च पद से सेवानिवृत्त अभियंताओं तथा छत्तीसगढ़ व पड़ोसी राज्यों के इंजीनियरिंग या पॉलिटेक्निक कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों (सिविल इंजीनियरिंग) से आवेदन मंगाया गया है। आवेदकों को इन व्यावसायिक योग्यताओं के साथ ही सड़क या पुल या दोनों के निर्माण एवं रखरखाव का अनुभव होना आवश्यक है। आवेदन 15 मार्च 2021 तक जमा किए जा सकते हैं। इम्पैनलमेंट के लिए पात्रता की शर्तें, स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के कर्तव्य और आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट पर 'डीओ एंड एसक्यूएम सलेक्शन एंड परफॉर्मेंस इवेल्यूएशन' शीर्षक के तहत देखी जा सकती है। स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के रूप में कार्य करने के इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, विकास भवन, सिविल लाइन, रायपुर को 15 मार्च तक भेज सकते हैं। अभिकरण ने एनआरआईडीए में नेशनल क्वालिटी मॉनिटर और दूसरे राज्यों में स्टेट क्वालिटी मॉनिटर के रूप में इम्पैनल्ड अधिकारियों तथा 15 मार्च 2021 को 67 साल की उम्र पूरी कर रहे अधिकारियों को आवेदन नहीं करने कहा है।

# विधायक विक्रम शाह मंडावी ने भैरमगढ़ नगर को दी 1 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात

## भैरमगढ़ नगर के हर वार्ड में बनेगा सामुदायिक भवन, लम्बे समय से थी नगरवासियों की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर के विधायक विक्रम शाह मंडावी ने भैरमगढ़ नगर को एक और सौग़ात देते हुए लगभग 1 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया जिसमें प्रमुख रूप से सामुदायिक भवन माता मंदिर गढ़पारा, सामुदायिक भवन ठेठापारा, सामुदायिक भवन तेलंगा समाज पेरमापारा, सामुदायिक भवन बोरिंग पारा, सामुदायिक भवन नागपारा, सामुदायिक भवन हल्बा समाज, सामुदायिक भवन तहसील कालोनी, सामुदायिक भवन बंगाली समाज संजयपारा, सामुदायिक भवन शिक्षक कालोनी नगर पंचायत के पास, और सामुदायिक भवन बंजारा समाज लंकापारा शामिल है। इसके पूर्व भी विधायक विक्रम शाह मंडावी ने नगर पंचायत भैरमगढ़ के विकास के लिए विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क, नाली निर्माण, भैरमबाबा मंदिर के सौंदर्यकरण, भैरमगढ़ के तालाब सौंदर्यकरण और नगर के सड़कों का बीटी कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की सौग़ात दी थी। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य बुधराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, जनपद उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, सांसद प्रतिनिधि सीताराम माँझी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरमगढ़ के अध्यक्ष लच्छुराम मौर्य, विधायक प्रतिनिधि सुखदेव नाग , बब्बू राठी और अभिषेक सिंह के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# दस सूत्रीय मांग को लेकर सरपंच संघ ने दिया धरना



■ कहा जब तक भुगतान नही तब तक नही करेंगे मनरेगा के काम

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

### जब तक नहीं होगा भुगतान काम बंद: मंजू कवासी

सरपंच संघ सुकमा की अध्यक्षा मंजू कवासी से कहा कि पिछले एक साल से मनरेगा की मजदूरी बाकी है। कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन भुगतान नही हुआ लिहाजा इस साल काम नही कर रहे है। क्योंकि शासन की योजनाओं को धरातल पर ि यान्वयन हम लोग करते है लेकिन हमारी समस्या का समाधान नही किया जा रहा है।

मनरेगा जैसी योजना जिसके माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति को लाभ हो रहा था लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण आज मनरेगा में मजदूरी भुगतान नही हो रहा है जिसके कारण स्थानीय बेरोजगार दूसरे प्रदेशों में काम करने के लिए जाने विवश हो गए है। प्रशासन को चाहिए कि लंबित भुगतान को तत्काल दिया जाए उक्त बातें सीपीआई नेता व जिला पंचायत सदस्य रामसोड़ी ने कही। शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर तीनों जनपदों के सरपंच संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें दस सूत्रीय मांग का ज्ञापन कलेक्टर के नाम का सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मनरेगा योजना में लंबित मजदूरी का एफटीओ जारी होने के बाद भी पंचायतों में राशि नही पहुँची जिसको तत्काल भुगतान किया जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के लिए 50 लाख तक व्यय करने का अधिकार दिया जाए। वही 14, 15 वे वित्त आयोग की राशि अभिसरण करने से पहले ग्राम पंचायत से सहमति पत्र लिया जाए। वही मनरेगा के तहत गिट्टी व मुरुम सड़क निर्माण पर लगे रोक को हटाया जाए। साथ ही प्रत्येक गोठान में 200 ट्रिप पैरा संग्रहण करने का आदेशित हुआ था जिसका भुगतान अभी तक नही हुआ उसे दिया जाए। साथ ही पंचायतों में वित्तीय मामलों में अधिकारियों के द्वारा भोखिक आदेश दिया जाता है उसे लिखित में दिया जाए समेत 10 सूत्रीय मांग का ज्ञापन दिया गया। इस दौरान छिंदगढ़, सुकमा व कोण्टा के सरपंच मौजूद रहे।

# भानपुरी कॉलेज में नियमित प्राध्यापकों की भर्ती करें सरकार : अभाविप

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भानपुरी इकाई के द्वारा शुक्रवार को भानपुरी कालजे में नियमित प्रध्यापको की नियुक्ति के माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अभाविप भानपुरी के नगर मंत्री आसमन बघेल ने बताया की विगत 10 वर्षों से कॉलेज में नियमित प्राचार्य एवं प्रध्यापको की नियुक्ति न होने पढाई प्रभावित हो रहा है जिसमे परीक्षा परिणाम का प्रतिशत घट रहा है ,बस्तर जैसे सुदूर क्षेत्र में राज्य सरकार की उपेक्षा का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है सरकार से मांग है कि छात्र हित को ध्यान में रखकर प्राध्यापको के नियुक्ति की मंजूरी दें।

ज्ञापन के दौरान, बस्तर जिला सयोजक कमलेश दीवान ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पितेश्वर बघेल, नगर सह मंत्री टिकेश नाग, शानु कश्यप ,भुनेश्वरी, कश्यप , प्रदीप मौर्य, शिदार्थ कश्यप, चंदन, फगनु, डमरू, सुकदू, संजय , हेमकांत, छबिलाल, महेश, केदार, डोमबति, प्रमिला, दीपाली , लेमबति, सिया, भागबति, सीमती , तूलाबती , एवम अभाविप के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध चिकन व मटन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई

■ पहले भी कई बार दे चुके हिदायत, सड़क किनारे लगती थी दुकाने

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com





बिना अनुमति के एनएच 30 ब सड़क के किनारे अवैध रूप से मटन व चिकन की दुकान लगाने वालों के खिलाफ नगर पालिका ने सख्ती बरतते हुए कार्रवाई की है। कुल 9 दुकानों का समान जब्त किया गया और मटन मॉर्केट में ही दुकान लागने के निर्देश दिए गए। शनिवार को नगर पालिका के द्वारा अवैध मटन व चिकन मार्केट के खिलाफ अभियान चलाया और कार्रवाई की गई। सुबह से ही जिला मुख्यालय में अवैध रूप से लग रही चिकन व मटन दुकानों में नगर पालिका की टीम पहुँची और उनके खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी। नगर पालिका की टीम ने नगर में 9 दुकानों के खिलाफ एक्शन लेते हुए दुकान का सामान जब्त कर दिया गया। और नगर पालिक में लाया गया। ज्ञात हो कि नगर पालिका के द्वारा पहले भी कई बार हिदायद दी गई थी उसके बावजूद मनमानी ढंग से अवैध रूप से चिकन व मटन की दुकाने लग रही थी जिसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

**सड़क किनारे लग जाती थी दुकानें :** मटन व चिकन दुकान लगाने के लिए नगर पालिका की और से जगह निर्धारित की गई है। उसके बावजूद कई ऐसी दुकानें जो सड़कों के किनारे लग रही है। मछली से लेकर चिकन की दुकानें अवैध रूप से लगा रहे थे। इससे पहले भी कई बार नगर पालिका ने चेतावनी दी लेकिन उसके बाद भी दुकानें लग रही थी जिसके बाद नपा के द्वारा कार्रवाई की गई।

### साफ-सफाई रखना हमारी जिम्मेदारी : राजू साहू

नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि चिकन -मटन के लिए जगह निर्धारित है उसके बावजूद सड़कों के किनारे दुकान लगाई जा रही है और पूरा कचरा वही फेका जा रहा है। जिसके बाद कार्रवाई की गई। क्योकि नगर को साफ रखने की जिम्मेदारी हमारी है इसलिए सभी से अपील है कि निर्धारित जगह पर दुकान लगाए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें।

# पर्वतारोहण एवं आपदा प्रबंधन शिविर में शामिल होने के लिए छात्र रवाना



पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

पर्वतारोहण एवं आपदा प्रबंधन शिविर में शामिल होने के लिए जिले के 22 स्काउट्स गाइड का दल कुल्लू मनाली के लिए रवाना हो गया है। बस्तर संभाग के दल में जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों के छात्र भी शामिल है।

शिविर प्रभारी आशीष राम ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली में पर्वतारोहण एवं आपदा प्रबंधन का शिविर आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ-साथ बस्तर का दल भी भाग लेने रवाना हुआ है जिसमे सुकमा जिले के 22 स्काउट्स छात्र भी भाग लेंगे। जिसमे कोण्टा विकासखंड के पोलमपल्ली व जगरगुंडा के भी छात्र शामिल है। यह शिविर 7 मार्च से 11 मार्च तक चलेगा। दल को कलेक्टर विनित नंदनवार व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने शुभकामनाएं दी।

# जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष कुनाल सिंह ठाकुर के बचेली आगमन पर स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com



मंडल में दंतेवाड़ा जिला युवा मोर्चा कुणाल सिंह ठाकुर का जोशीला स्वागत किया गया।मंडल के युवा मोर्चा साथियो द्वारा अपने जिला मोर्चा के अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर हर्षित और गौरवान्वित प्रतीत हुए। कुणाल सिंह ठाकुर जी माता के दर्शन पश्चात् , वरिष्ठ बीजेपी कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारीयो से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारीयो द्वारा आशीर्वाद संबोधन एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया। तत्पश्चात जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल सिंह ठाकुर का अपने संभाषण मे युवाओ मे जोश भरने के साथ-साथ अपने कार्य के प्रति निष्ठवाँन बने रहने एवं दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने की बात कही, विशेष रूप से उनके द्वारा सभी व्यक्ति के गुणों का अपना अपना महत्व होता है इसका उल्लेख किया, तथा प्रत्येक व्यक्ति का अहम भूमिका को चिन्हांकित् करने और उसे उस अनुरूप कार्य करने की स्वतंत्रता और पूर्ण सहयोग की बात कही। आगे आने वाले चुनाव मे विजय तिलक मे अहम भूमिका युवाओ के द्वारा होने की घोषणा किया। बचेली मंडल मे समस्त युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एवं मंडल के समस्त पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओ के सम्मिलित होने के साथ-साथ सहयोग एवं आशीर्वाद देने वरिष्ठ बीजेपी कत्यकर्ताओ की उपस्थिति अतुलनीय रहा ।

# संसदीय सचिव ने शहर के विभिन्न निर्माण कार्यों का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा सत्र के मध्य दो दिन के अवकाश पर अपने विधानसभा क्षेत्र पहुंचे विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने महापौर सफीरा साहू निगम सभापति कविता साहू जिला कलेक्टर रजत बंसल पुलिस अधीक्षक दीपक झा एवं अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शहर के विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन सुबह से ही सायकल पर सवार हो अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शहर के एतिहासिक दलपत सागर , मुक्ति धाम, नेहरू मंच , सिटी ग्राउंड,नये बस स्टैंड काम्प्लेक्स एवं गीदम रोड निर्माण कार्य का जायजा लेने निकले इस अवसर पर उन्होंने सिटी ग्राउंड के निर्माण का जायजा लेते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर खिलाड़ियों को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए इसी तरह दलपत सागर के सफाई कार्य एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ महापौर सफीरा साहू सभापति कविता साहू कलेक्टर बस्तर रजत बंसल पुलिस अधीक्षक दीपक झा निगम आयुक्त प्रेम कुमार पटेल सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

**किरन्दुल।** शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोड़ेनार में महिला एवं बाल विकास परियोजना किरन्दुल के द्वारा महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें किशोरी बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने की एवं इस दौरान परियोजना अधिकारी मनीषा साहू, सुपरवाइजर सायरा बानो खान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के सदस्य भावना आजाद सक्सेना, अहमद जाफरी सीईओ जनपद पंचायत व डॉ रवि कुमार कोरी डॉ प्रेमलता साहू,दिलीप पटेल,अमृत टंडन,दिनेश प्रसाद, सुकाली चंद्रकार, राजू कुंजाम उपस्थित रहे।इस शिविर में कुल 20 बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर दवाई वितरण किया गया और 35 किशोरी बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच कर निर्देशित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मातृत्व वंदना एवं नोनी सुरक्षा योजना के बारे में बताया गया।

## नक्सल प्रभावित इलाकों में कलेक्टर का दौरा

# पेड़ के नीचे कलेक्टर की चौपाल, ग्रामीणों की समस्या से हुए रूबरू

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com





इन दिनों कलेक्टर विनित नंदनवार ग्रामीण इलाकों में पेड़ के नीचे चौपाल लगा रहे है और ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हो रहे है साथ ही शासन की योजनाओं और निर्माण कार्य का जायजा के रहे है। शनिवार सुबह करीब 10 बजे कलेक्टर विनित नंदनवार दोरनापाल के पास डुब्बाटोटा गांव पहुँचे उनके साथ जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। गांव के ही पेड़ के नीचे कुर्सी व खटिया लगाकर बैठे कलेक्टर विनित नंदनवार ने ग्रामीणों की समस्या सुननी शुरू कर दी। ग्रामीणों ने गाँव मे सड़क, बिजली व पानी को लेकर कुछ शिकायत दर्ज करवाई जिसके निराकरण को लेकर सबधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। वही गांव का दौरा भी किया जिसमें निर्माण कार्य, शासन की योजनाओं को देखा और सुधार के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही दो दिन पहले कलेक्टर विनित नंदनवार ने नक्सल प्रभावित मुर्लिगुड़ा व मरईगुड़ा का दौरा किया था। वहां पर ग्रामीणों के द्वारा लगाई जा रही मिर्ची व गोठान का दौरा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। साथ ही ग्रामीणों की समस्या पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। उनके लगातार दौरे से हड़कम्प मच गया।

### शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास : कलेक्टर

कलेक्टर विनित नंदनवार ने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर प्रयास किया जा रहा है। साथ ही डुब्बाटोटा के ग्रामीणों की मांग थी कि यहां पर पुराने तरीके से मछली उत्पादन शुरू हो जिसको लेकर चर्चा कर प्लान तैयार किया गया। और ग्रामीणों की समस्या सुनी गई जिसका निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

# बिलासपुर हाईकोर्ट ने कुम्हरावंड के सरपंच निर्वाचन को ठहराया वैध

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



दो साल पहले पंचायती राज चुनाव के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा सरपंच का निर्विरोध चुनाव संबंधी आदेश हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है और सरपंच के निर्विरोध निर्वाचन को वैध ठहराया है। निर्विरोध निर्वाचित महिला सरपंच दशमीबाई ने कलेक्टर को आवेदन देकर सरपंच का प्रभार दिलाने पत्र लिखा है। पंचायती राज चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी ने 7 जनवरी 2020 को ग्राम कुम्हरावंड के सरपंच के निर्वाचन प्रक्रिया के तहत दो प्रत्याशियों का नामांकन निरस्त कर दिया था, जिसके बाद दशमी बाई बेलसरिया निर्विरोध निर्वाचित हो गई थी। उसे निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र भी जारी कर दिया गया था। इसके बाद मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को की गई। देर रात तक चली कार्रवाई के बाद उन्होंने निर्विरोध निर्वाचन को अवैध ठहरा दिया था। इस निर्वाचन को चुनौती देते हुए दशमी बाई बेलसरिया ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर हाई कोर्ट ने दशमी बाई के पक्ष में फैसला सुनाते हुए अनुविभगीय अधिकारी राजस्व के आदेश को निरस्त कर दिया है। इस निर्णय के बाद दशमी बाई बेलसरिया कुम्हारवंड ग्राम पंचायत की सरपंच बन गई हैं।

# भूतेश्वरनाथ में महाशिवरात्रि पर को लगेगा भक्तों का मेला

## विश्व प्रसिद्ध शिवलिंग में रहेगी महाशिवरात्रि की धूम

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





जिले में विराजित विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ में को महाशिवरात्रि की धूम रहेंगी। चलो बुलावा आया है भुतेश्वरनाथ ने बुलाया है । यही जयकारा लगाते खिंचे चले आतें है महादेव के भक्त। द्वादष ज्योतिर्लिगों की भांति छत्तीसगढ़ में एक अर्धनारीश्वर प्राकृतिक शिव लिंग हैं जो विष्वप्रसिध्द विषालतम शिवलिंग के नाम से प्रसिध्द हैं यह शिव लिंग हर साल अपने आप में बढ़ता जा रहा हैं जो आश्चर्य किन्तु सत्य है। इसी सत्य की छांव में सत्य को पाने नगे पांव मीलो दूर से आते है भोले के भक्त। छत्तीसगढ़ी भाषा में हुकारने की आवाज को

भकुर्रा कहते हैं इसी से छत्तीसगढ़ी में इनका नाम भकुर्रा पड़ा हैं। यहां हर वर्ष महाशिवरात्रि और सावन माह पर्व पर मेले जैसे महौल रहता हैं, यहां पर दूर दराज से भक्त आकर महादेव की अराधना करते हैं। सावन माह के समय शिव भक्त अनायास ही गरियाबंद की ओर खिंचे चले आते है और एक लोटा जल चढाकर अपनी सारी चिंताओं को त्याग कर भूतेश्वर नाथ की शरण में हो जाते है। गरियाबंद से 3 किलो मीटर दूर घने जंगलो के बीच बसा है ग्राम मरौदा सुरम्य वनों एवं पहाडियों से घिरे अंचल में प्रकृति प्रदत्त विश्व का सबसे विशाल शिवलिंग विराजमान है। इस शिवलिंग के बारे में बताया जाता है कि आज से सैकडो वर्ष पूर्व जमीदारी प्रथा के समय पारागांव निवासी शोभासिंह जमींदार की यहां पर खेती बाडी थी। शोभा सिंह शाम को जब अपने खेत मे घुमने जाता था तो उसे खेत के पास एक विशेष आकृति नुमा टीले से सांड के हुंकारने (चिल्लानें) एवं शेर के दहाडनें की आवाज आती थी। अनेक बार इस आवाज को सुनने के बाद शोभासिंह ने उक्त बात ग्रामवासियों को बताई। ग्राम वासियो ने भी शाम को उक्त आवाजे अनेक बार सुनी। तथा आवाज करने वाले सांड अथवा शेर की आसपास खोज की। परंतु दूर दूर तक किसी जानवर के नहीं मिलने पर इस टीले के प्रति लोगो की श्रद्घा बढने लगी। और लोग इस टीले को शिवलिंग के रूप में मानने लगे। इस बारे में पारागावं के लोग बताते है कि पहले यह टीला छोटे रूप में था। धीरे धीरे इसकी उचाई एवं गोलाई बढती गई। जो आज भी जारी है। इस शिवलिंग में प्रकृति प्रदत जललहरी भी दिखाई देती है। जो धीरे धीरे जमीन के उपर आती जा रही है।

## गिरिवन है गरियाबंद

यह समस्त क्षेत्र गिरी (पर्वत) तथा वनों से आच्छादित हैं इसे गिरिवन क्षेत्र कहा जाता था परंतु कालांतर में गरियाबंद कहलाया जाता हैं भूमि, जल, अग्नि, आकाष और हवा पंचभूत कहलाते हैं इन सबके ईष्वर भूतेश्वर हैं समस्त प्राणियों का शरीर भी पंचभूतों से बना हैं इस तरह भूतेष्वरनाथ सबके ईष्वर हैं उनकी आराधना सम्पूर्ण विष्व की आराधना हैं। आज के इस अज्ञानता के जमाने में जहॉं प्रत्येक क्षेत्र में अनैतिकता और अवांक्षनीयता सिध्दान्तो के नाम पर अनेक प्रकार की भ्रांतिया फैली हैं वैसे ही अनादि शिव की महिमा करने में हम असमर्थ हैं।

कहा जाता है कि उन्होने ज्ञान रूपी गंगा, शांति रूपी चन्द्रमा,विवके रूपी तीसरी आंख तथा कटुता रूपी सर्प और मृत्यु रूपी मुंड धारण किया हैं और डमरू से इनका आषय प्रकट करते हैं समस्त चराचर जगत इसे समझने में असमर्थ हैं उक्त गूंजता को नासमझी में भूलकर केवल स्वार्थ की पूजा में व्यस्त हैं आज भूतेश्वर नाथ धाम का महत्व इन सब कारणों से और भी बढ़ जाता हैं यहा शांति और सौंदर्य रूपी प्रेम उत्पन्न होता हैं वह सभी धन से उपर हैं जो भी यहां आता हैं उनका होकर रह जाता हैं।

भूतेश्वर नाथ प्रांगण अत्यंत विषाल हैं यहां पर श्री गणेष मंदिर, श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, यज्ञ मंडप, दो सामुदायिक भवन, एक सांस्कृतिक भवन तथा बजरंग बली का मंदिर हैं भूतेश्वर नाथ समिति तथा अनेक श्रध्दालुओं के द्वारा यह निर्माण हुये हैं जो भूतेष्वर नाथ धाम को भव्यता प्रदान करते हैं। वन आच्छादित सुरम्य स्थलि बरबस मन को मोह लेती हैं, समय समय पर यहां भक्तजन रूद्राभिषेक कराते हैं चौमासे में भक्तजनों का तांता लगा रहता है। सावन मास का कांवरियो का बेसब्री से इंतजार रहता है। सावन मास में कांवरिये छत्तीसगढ के प्रयाग राजिम से जल लाकर महादेव को अर्पित करते है। इसी तरह विभिन्न नदियों से जल लाकर अनेक कांवरिये भूतेष्वरनाथ को अर्पित कर मनोकामना पूरी होने की याचना करते है। साथ ही यहां सावन मास में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से हजारों की संख्या में कावरीये आकर जल अभिषेक करते हैं गरियाबंद जिला धार्मीक व पर्यटन स्थलों से भरपूर गरियाबंद जिला धार्मीक व पर्यटन स्थलों से भरपूर हैं लोग रायपुर राजधनी से निकल कर गरियाबंद जिले में राजीव लोचन कुलेष्वरनाथ, घटारानी, मां जतमई, गरजई माता, भाठीगढ़ पैरी नदी का उदगम स्थल (मैनपुर) कांदाडोंगर (अमलीपदर) ऋषिझरन (देवभोग) तथा भूतेश्वर नाथ का दर्शन करते हैं। शिव पूजा का पावन दिन,,पंडितों का कहना है कि भगवान शंकर के भक्तों के लिए महाशिवरात्रि सबसे बड़ा दिन और पर्व होता है। शिव पूजा का सबसे बड़ा और पावन दिन महाशिवरात्रि को माना गया है। शिव पुराण के मुताबिक यह दिन उनके साधकों और भक्तों के लिए मनोकामनाओं की पूर्ति और भक्ति का सबसे उत्तम दिन होता है।

## नगर पालिका गुमास्ता एक्ट उल्लंघन, शुक्रवार बंद का प्रावधान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत गुमास्ता एक्ट के अंतर्गत शुक्रवार बंद का प्रावधान है, किन्तु नगर में कुछ दुकानें खुली होने की जानकारी मिलने पर नगर पालिका एवं श्रम विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा निरिक्षण के दौरान दुकान खुली पायी जाने पर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड वसूला गया, नगर में पूर्व से ही दुकानें खुली होने की शिकायतें प्राप्त होते रही है, जिस पर कार्यवाही करते हुए गार्डन चौंक में अग्रवाल ट्रेडर्स एवं बाजार क्षेत्र में किरण टाईम सेंटर, अंकित बुट हाऊस, कैलाश बुट हाऊस से गुमास्ता कानून उल्लघंन करने पर प्रत्येक दुकानदार से 2000-2000 रू अर्थदण्ड लगाते हुए कुल 8000/- रू वसूला गया व भविष्य में शुक्रवार बंद के दौरान दुकान नहीं खोलनें की चेतावनी दी गई इस कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी हरीश साहू, श्रम कल्याण निरीक्षक कार्तिकेश दुबे, श्रम कल्याण अधिकारी रोमेन्द्र साहू , सहायक राजस्व निरीक्षक शतेन्द्र सिन्हा एवं प्रसून शर्मा सहित पुलिस विभाग की टीम के द्वारा कार्यवाही की गई।

## बजट को लेकर पिथौरा क्षेत्र के राजनैतिक गलियारे में मिली-जुली प्रतिक्रिया

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com

सीएम भूपेश बघेल ने सोमवार को छत्तीसगढ़ का 21वां व कांग्रेस सरकार का 3रा बजट पेश किया. राज्य का इस बार का बजट 97,106 हजार करोड़ का रहा. बजट में कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ अधोसंरचना पर फोकस कि या गया है. इस बार के बजट में नक्सल के साथ वन क्षेत्रों की समस्याओं पर ध्यान दिया गया है। बजट को लेकर पिथौरा क्षेत्र के राजनैतिक गलियारे में मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है, कोरोना काल के बाद पेश पहले बजट में युवाओ को निराशा हाथ लगी, विपक्ष इस बजट को निराशाजनक व काला बजट बताया वही सत्ताधारी इसे अबतक का सबसे ऐतहासिक बजट बता रहें है।



1, छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार बजट का आकार छोटा हुआ है, बजट में युवा वर्ग, महिला वर्ग, स्वास्थ विभाग को लेकर कुछ खास नही रहा है। बजट का छोटा होना दुर्भाग्यजनक है. बजट केंद्र पर निर्भर है, विभागवार राशि स्पष्ट नहीं है, बजट में कुछ नया शामिल नहीं किया गया. स?कों के लिए पूरी तरह केंद्र पर निर्भर हैं. बजट प्रदेश को पीछे धकेलने वाला बजट है. कुल मिलाकर बजट निराशाजनक रहा।

**-प्रेमशंकर पटेल,** प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा



(2) मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने तीसरे बजट में एक बार फिर गांव किसान को फोकस किया है बजट में समग्र विकास शिक्षा स्वास्थ्य और अंधों संरचना के विकास की झलक दिखाई दे रही है कोरोना काल में आई आर्थिक पेचीदगियों के बीच इससे अच्छा बजट हो ही नहीं सकता।

**-उषा पटेल,** अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद



(3) छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट एक छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ को दिया गया अनुपम सौगात है राज्य की संस्कृति की झलक दिखला ता बजट विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है कोरोना का संकट चल रहा है पूरे देश की अर्थव्यवस्था उतार पर है ऐसे दौर में मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल की योजनाएं अन्य राज्यों और विदेशी राष्टों का भी ध्यान आकृष्ट कर रही हैं नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की पूरी तैयारी इस बजट में दिख रही है बजट स्वागतेय है

**-मुकेश यादव,** उपाध्यक्ष जप पिथौरा



(4) छत्तीसगढ़ का बजट देखकर यह प्रतीत होता है की बजट में महिलाओं युवाओं किसानों बुजुर्गो के लिए सरकार बिल्कुल चिंतित नहीं है रोजगार बेरोजगारी पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। सरकार का बजट उद्योग, स्वास्थ्य, इंफास्ट्रक्टर, रोजगार, शिक्षा, मूलभूत सुविधा, महिला, बुजुर्ग, किसान, कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, आदिवासी क्षेत्रों के विकास, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास, सिंचाई, आवास हर मोर्चे पर निराशाजनक रहा हैं। किसानों को किस्तो में ठगने वाली सरकार के रवैये और निति में कोई बदलाव नजर नहीं आता।

**- स्वप्निल तिवारी,** भाजयुमो नेता महासमुंद



(5) छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने जो बजट पेश किया है वह छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने वाला बजट है किसानों के हित का समावेश माटी के सम्मान की बात युवाओं को रोजगार गारंटी वह गांव शहर नगर गली का विकास भूपेश बघेल सरकार ने जो वादा किया है उसे पूरा करने में सरकार कटिबद्ध है बजट सरकार के वादों को पूरा करने वाला है जो आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है

**-दिलप्रीत खनूजा,** उपाध्यक्ष नप पिथौरा



(6) छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार बनने के बाद से ही जनता से किए गए वादों मसलन किसानों का ऋण माफ बिजली बिल हाफ शिक्षाकर्मियों के संविलियन आदि कई जनहित के कार्य ईमानदारी के साथ किए हैं वर्तमान बजट में भी शिक्षा रोजगार किसान चिकित्सा आदि सभी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है इसके साथ ही आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के तहत पूरे छत्तीसगढ़ में 119 हायर सेकेंडरी स्तर तक इंग्लिश मीडियम के स्कूल खोले जाएंगे

**-शिवानंद महंती,** जिला जेल संदर्शक महासमुंद



(7) इस बजट में प्रदेशवासियों को काफी उम्मीदें थी लेकिन एक बार फिर राज्य सरकार ने महिलाओं युवाओं बेरोजगारों के साथ-साथ प्रदेश की जनता को छला गया है भूपेश सरकार को पहले बस्तर में तैनात उन पुलिस वालों के बारे में सोचना चाहिए जिन्हें आज की महंगाई के दौर में महज 15000 महीने की पगार मिल रही है वही साइकिल भत्ते के नाम पर 25 महीना दिया जा रहा है सभी को उम्मीद थी कि इस बजट में उनके लिए कुछ अच्छी घोषणा की जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ कुल मिलाकर बजट बेहद निराशाजनक रहा

**-आलोक त्रिपाठी,** भाजयुमो नेता महासमुंद



(8) शराबबंदी की कसम खाकर सत्ता में काबिज हुए भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ की महिला युवा वर्ग को खासा निराश किया है इस बजट में महिला सुरक्षा संबंधित या युवाओं के रोजगार संबंधित मसले पर ध्यान नहीं दिया गया।

**-आशीष शर्मा,** भाजपा मंडल महामंत्री पिथौरा।

## धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष का समाजजनों ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < पलारी
www.dailypioneer.com



धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने और रजक कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर राज्यव्यापी दौरे पर है जान्जगीर के सम्मेलन में शामिल होने जान्जगीर जा रहे थे तब पलारी के धोबी समाज चक्रीय समाज जनों ने प्रदेश अध्यक्ष का नगर पालिका भवन के सामने नगर पंचायत के उपाध्यक्ष नरसिंह निर्मलकर के नेतृत्व में गर्मजोशी से स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष ने पार्षदों के आग्रह पर नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा को भी सौजन्य भेंट दी नगर पंचायत अध्यक्ष ने भी अस्मिता से अपने कक्ष में स्वागत किया। तत्पश्चात रजक कल्याण बोर्ड के स्वरूप को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से समाज जनों की चर्चा भी हुई जिसमें कन्नौजे समाज के केंद्रीय अध्यक्ष झड़ी राम कन्नौजे ने कहा फिरका परस्ती समाप्त करने का प्रयास प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जो किया जा रहा है वह सराहनीय कदम है और यह शुरुआत हमारे बलौदाबाजार जिले से होनी चाहिए उन्होंने एक शानदार आयोजन राजधानी में प्रदेश स्तरीय करने का प्रस्ताव रखा और रजक कल्याण बोर्ड में समाज के प्रति समर्पित लोगों को इस स्थान मिलने की मांग उठाई नगर पंचायत के उपाध्यक्ष नरसिंह निर्मलकर ने कहा छत्तीसगढ़ में झेरिया कनौजिया की बहुलता है परंतु आयोग निगम मंडल में दोनों फिरके को स्थान नहीं मिला जिसकी वजह हमारे ही समाज के कुछ लोगों के द्वारा दागी व्यक्ति के साथ चले जाने से पार्टी के हाईकमान दिग्भ्रमित होते गए और यही समझते गए कि जिसको आयोग का सदस्य बना रहे हैं वह समाज का मुखिया है उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष मांग रखते हुए कहा रजक कल्याण बोर्ड के गठन में समाज के पदाधिकारियों से राय ली जानी चाहिए नगरपालिका के सभाकक्ष में समाज जनों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामाजिक सोच और सामाजिक जानकारी रखने वाले राजनेता हैं और मुख्यमंत्री के पास कई आंखें होती है और भूपेश बघेल जी जमीनी नेता है इसलिए उन्हें वास्तविकता की जानकारी है वह समाज के दागी बागी और उनको समर्थन करने वाले रागी को अच्छे से जान गए होंगे या जान जाएंगे लेकिन इसमें समाज के स्वाभिमानी सदस्यों को सक्रिय रहना होगा और सबको खुलकर के दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक होना होगा जिसकी शुरुआत बलौदा बाजार जिले से आप लोग कर रहे हैं इसके लिए जिले के सो जाती बंधु बधाई के पात्र हैं इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक निर्मलकर, खूबीराम कन्नौजे,राजेश कन्नौजे, डालेंद्र कन्नौजे, पुनीत रजक,शैलेन्द्र रजक, ताजेन्द्र कन्नौजे, मोनू निर्मलकर, नेतरंजन निर्मलकर स्वजातीय बधुओं का उपस्थिति हुआ।

## नगर हाईटेक केमरों से होगा लैश

### दो दिन पूर्व प्रकाशित हुई खबर में तत्काल संज्ञान लेते हुए जनप्रतिनिधिगण व प्रशासन ने कैमरा लगाने समिति गठित की

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com

पायनियर इम्पैक्ट

नगर को सुरक्षित रखने की दृष्टि से व्यापारियों की बैठक थाना परिसर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश गोलछा एस डी ओ पी पुपलेश पात्रे थाना प्रभारी केशव कोसले पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अन्नत सिंह वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल ग्राम सभा शीतला समाज अध्यक्ष प्रेमलाल सिन्हा व्यापारी एकता मंच अध्यक्ष अनूप अग्रवाल व नगर के व्यापारीयो की उपस्तिथि में बैठक संपन्न हुई। जहां नगर के मुख्य चौक चौराहों व चिन्हांकित जगहों को हाईटेक कैमरों से लैस करने योजना तैयार की गयी।आपराधिक गतिविधियों में लगाम लागने एवम नगर में बाहर से आने जाने वाले लोगो पर पैनी नजर रखी जा सके बताया जा रहा है की ये केमरे इतने हाईटेक होंगे की गाड़ियों के नंबर प्लेट व चालक को तत्काल तत्काल ट्रेस कर सकेंगे जिससे अपराधिक व्यक्ति यों व गलत गतिविधियों से नगर को सुरक्षित रखा जा सके इस योजना को मूर्त रूप देने एक समिति का गठन किया गया जिसमे संरक्षक एस डी एम राकेश गोलछा एस डी ओ पी पुपलेश पात्रे थाना प्रभारी केसव कोसले अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष आत्मा राम यादव सदस्य प्रेमलाल सिन्हा अनूप अग्रवाल सुरेश बंसल आशीष अग्रवाल बोधीराम चौधरी स्वप्निल तिवारी राजेश गोयल शामिल है।

जल्द ही प्रशासन व समिति द्वारा सर्वे कर कैमरा लगाने की जगहों का चयन किया जाएगा, व्यपारी वर्ग समेत जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**-एसडीओपी पुपलेश पात्रे पिथौरा**

### जिले में एक लाख अकुशल श्रमिकों को मिल रहा रोजगार

## लोगों की आजीविका को सुदृढ़ करने में मनरेगा की महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जिला गरियाबंद में कोरोना काल के दौरान जिस प्रकार ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को प्रतिरुप प्रदान करते हुए पुनः एक बार फिर गरियाबंद के पांचों विकासखण्ड के 336 ग्राम पंचायतों में कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक निलेश क्षीरसागर तथा जिला सीईओ चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सक्रिय मजदूरों को रोजगार मोहैया कराने के उद्देश से रणनीति तैयार कर कार्य किया जा रहा है, प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं उसके आश्रित ग्राम में पर्याप्त मात्रा में रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु मजदूरी मूलक कार्य जैसे- तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, भूमि सुधार, नाला सफाई, इत्यादि कार्य कराया जा रहा है, तथा नीचले स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के कारण वर्तमान स्थिति में एक लाख से भी अधिक अकुशल श्रमिक अपने गांव में ही रोजगार का सृजन कर पा रहे है। ज्ञात हो कि महात्मा गांधी नरेगा रोजगार मोहैया कराने की दृष्टि से सबसे बड़ी योजना है। जो अकुशल श्रमिकों के कार्य के आधार पर प्रतिदिवस 190 रुपये के दर से भुगतान किया जाता है। रोजगार के साथ-साथ जल संरक्षण, जल संवर्धन, भूमि विकास, वृक्षारोपण, स्वसहायता समूह हेतु कार्य, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत मूलक कार्यों के तथा ग्रामीण अधोसंरचना हेतु स्थायी परिसम्पतियों का निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जिला गरियाबंद में कोरोना काल के दौरान प्रतिदिवस एक लाख से भी अधिक श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराया गया था, जिसके कारण ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो पाया तथा प्रवासी श्रमिकों को पलायन की स्थिति पुनः निर्मित नहीं हुआ। वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु जिला गरियाबंद को प्रदाय कुल 97 लाख 41 हजार मानव दिवस के विरुद्ध अद्यतन स्थिति में 73 प्रतिशत मानव दिवस का सृजन किया जा चुका है तथा समय पर 97 प्रतिशत मजदूरी भुगतान किया जा रहा है, जिसके कारण मजदूरों को कार्य के प्रति उत्साहित होकर बढ़-चढ़कर मनरेगा अंतर्गत कार्य करने हेतु आगे आ रहे है, फलस्वरुप 1 लाख से अधिक श्रमिक मनरेगा योजनान्तर्गत कार्य कर रहे है। जिला गरियाबंद में एक नवीन पहल करते हुए वन अधिकार के तहत प्राप्त पट्टाधारी जमीन में कृषि करने हेतु इच्छुक हितग्राहीयों के जमीन में भूमि सुधार, डबरी निर्माण, कुंआ निर्माण, तालाब निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत कृषक अपने जमीन में कार्य करने के साथ-साथ मजूदरी राशि प्राप्त कर रहा है, जिसके तहत खेत का निर्माण भी हो जा रहा है। जिसे देखकर अन्य कृषक भी अपने जमीन में उपरोक्त कार्य लिये जा रहे है तथा साथ ही साथ वृक्षारोपण, कृषि, बाडी विकास कार्य एवं मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। जिससे उसकी आजिविका को सुदढ़ करने में मनरेगा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## समस्त नागरिकों से कोरोना वैक्सीन के टीके लगाने की अपील

**भाटापारा।** भाजपा के जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह गुंबर, महामंत्री योगेश अनंत एवं गोपाल देवांगन ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि भारत सरकार के द्वारा भेजे गए कोरोना वैक्सीन के टीके निःशुल्क सरकारी अस्पताल के पीछे शंकर वार्ड के स्कूल में 60 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों को लगने शुरू हो गए हैं जिन व्यक्तियों की आयु 60 वर्ष से अधिक हो चुकी है वे सरकारी अस्पताल के पीछे शंकर वार्ड के स्कूल में जाकर लगवा सकते हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की एक और योजना आयुष्मान कार्ड बनने शुरू हो गए हैं जिन परिवारों के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना हो वह अपने घरों के समीपस्थ च्वाईस सेंटर में जाकर अपना आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवा सकते है।

## छत्तीसगढ़ में पहली बार मछुआरों के हित मे बजट भूपेश है तो भरोसा हैः मांझी

**कोरिया।** ऑल इंडिया फिशरमेंन कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार मांझी ने बताया कि पहली बार छत्तीसगढ़ बजट में मछुआरों का ख्याल रखा गया है, छत्तीसगढ़ शासन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मछुआरों के लिए 171 करोड 20 लाख रुपये का बजट और 2 लाख मछुआ परिवारो को रोजगार सृजन करने, मछली पालन को कृषि का दर्जा देकर निश्चित ही मछुआरों के लिए विकास की नई सृजन गाथा लिखी जाएगी, नदी किनारे विद्युत लाइन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही मछुआरो का सम्मान बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ नहीं भारत के पटल रखकर एक नया इतिहास रच दिया है।

## डेयरी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बेमेतरा मे प्रवेश अब 10 मार्च तक

**बेमेतरा।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा (दुर्ग) अंतर्गत शासन द्वारा स्थापित किये जा रहे डेयरी पॉलिटेक्निक, बेमेतरा तथा तखतपुर (जिला बिलासपुर) मे प्रवेश हेतु अब 10 मार्च 2021 तक शैक्षणिक योग्यता (गणित, भौतिक, रसायन) विषयों के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा।

# उत्पादन में गिरावट, संकट में तरबूज का अस्तित्व

### उपेक्षा से किसान निराश, सीमाकंन पर आए-दिन विवाद

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बीते साल सीजन के समय कोरोना की दहशत के बीच बाजार का संकट था। इस बरस बाजार के साथ प्रशासनिक असहयोग के संकट से दो-चार हो रहे हैं जिले के तरबूज उत्पादक किसान। रही-सही कसर कीमतों में आ रही गिरावट पूरा कर रही है। स्थिति का आकलन, शायद पहले ही किया जा चुका था, इसलिए इस बार तरबूज की खेती में हैरत में डालने वाली गिरावट आ चुकी है।

कसडोल, लवन और पलारी, ये तीन ऐसी जगह है जहां के ग्रामीण, ग्रीष्मकालीन फसल में तरबूज, खरबूज, ककड़ी और खीरा की खेती करते हैं। महानदी के तटीय इलाके की यह फसल देश के अलावा विदेशों तक में अपनी पहचान बना चुकी है। यही महीना था, जब बीते साल कोरोना ने तेजी से इस क्षेत्र को भी अपनी चपेट में लिया था, जिसके घेरे में आने के बाद, इसे तबाह होता हुआ, पूरे देश ने देखा था। अब दूसरी लहर का दौर चालू हो चुका है और चालू हो चुका है, ठीक साल भर पहले जैसा तबाही के दृश्यों के आने का सिलसिला। जिसके बाद, अब



इसकी खेती से तेजी से किनारा करने के प्रयास में है जिले का तरबूज उत्पादक किसान।

### असामान्य होते दिन

जिले की जिले की जीवन रेखा महानदी में पानी अब भी बह रहा है लेकिन खामोशी इतनी ज्यादा है कि यह भय ही पैदा कर रही है। बीते बरस लगभग 70 हेक्टेयर में ले गई तरबूज की फसल इस बार 50 से 60 हेक्टेयर पर सिमट चुकी है। वजह सिर्फ दो है। पहला, बाजार का नहीं मिलना और दूसरा प्रशासन का असहयोगात्मक रवैया। पहली समस्या से जैसे-तैसे करके छुटकारा के प्रयास तो जारी हैं लेकिन प्रशासनिक असहयोग जैसी स्थितियों का हल सूझ नहीं रहा है। फसल तैयार है। पूछ-परख के साथ खरीदी भी गति पकड़ने लगी है।

### साथ नहीं प्रशासन का

तरबूज उत्पादक किसानों का दर्द यह है कि लीज पर महानदी के तटीय क्षेत्र तो दे दिए गए। आज नहीं तो सीमांकन के लिए कल आएंगे अधिकारी, इस सोच ने फसल की तैयारी भी करवा दी। अब अधिकारी ना तो सीमांकन के लिए आ रहे हैं, ना ही संतोषजनक जवाब दे रहे हैं। तहसील स्तर पर निपटने वाले इस काम के लिए अब किसान जिले के संवेदनशील कलेक्टर से गुहार लगाने की तैयारी कर रहे हैं कि इस काम को करवाएं ताकि तैयार फसल बेची जा सके।

### गांव में चाहिए मंडी

जिले के तरबूज उत्पादक किसानों में अब लोकल मंडी की मांग जोर पकड़ने लगी है। यह इसलिए क्योंकि जिले की इस फसल की कीमत, महाराष्ट्र के कमीशन एजेंट तय करते हैं। अपनी सुविधा के अनुसार कीमत तय करने के साथ कमीशन की राशि भी तय हो जाती है। इसके अलावा भुगतान में भी इन्हीं व्यापारियों की ही चल रही है। इसलिए भुगतान का कभी भी समय पर नहीं होना, स्थानीय स्तर पर तरबूज मंडी की मांग का मजबूत आधार बन चुकी है।

### बढ़ती लागत घटती आय

तरबूज उत्पादक किसानों का एक और दर्द है। वह यह कि बाजार से खरीदी जाने वाली बीज, उर्वरक, कीटनाशक दवाओं के सही होने की कोई गारंटी नहीं दी जाती जबकि उद्यानिकी विभाग की दर्जनों योजनाओं के तहत यह सुविधा दी जाती है लेकिन जिले का उद्यानिकी महकमा जिस तरह अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट चुका है उसके बाद हताश किसान अपने दम पर फसल ले रहा है। ऐसे में लागत प्रति हेक्टेयर असमान्य रूप से बढ़ चुकी है और इसी के अनुपात में आय का दायरा सिमटता जा रहा है।

> महानदी के तटीय इलाके में किसानों को आबंटित जमीन का सीमाकंन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा रहे हैं ताकि किसान पट्टे के अनुसार खेती कर सकें।
>
> **-सुनील कुमार जैन,** कलेक्टर बलौदाबाजार

# सक्ति विधानसभा क्षेत्र में ज्योत्सना महंत कर रही क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त

### ज्योत्सना महंत पूरी सजगता से कर रही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन-मनोज जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की धर्मपत्नी एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत इन दिनों शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में जाकर जनता का आभार व्यक्त कर रही हैं, तथा महंत के साथ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता घनश्याम पांडेय, शक्ति विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान कांग्रेस नेता अधिवक्ता मनोज जायसवाल, अधिवक्ता पियूष राय सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता उनके साथ निरंतर प्रवास कर रहे हैं, तथा इस दौरान कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत क्षेत्रवासियों के प्रति विगत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए वर्तमान समय में पूरे विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा में अध्यक्ष के रूप में आसीन डॉ चरणदास महंत के प्रयासों से विकास को मूर्त रूप मिलने के बाद कह रही हैं, तथा इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक सरोजा मनहरण राठौर, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजू राठौर, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गीता देवांगन सहित अनेकों महिला कांग्रेस की नेता भी साथ चल रही हैं, जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष निरंतर कार्य कर रहे हैं, एवं उनकी धर्मपत्नी ज्योत्सना महंत जो कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद हैं, एवं उनका संसदीय



क्षेत्र भी काफी व्यापक है, उसके बावजूद भी शक्ति विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से आत्मीय लगाव होने के कारण एक-एक गांव में जाकर लोगों से संपर्क कर उनका आभार व्यक्त कर रही हैं, इस दौरान शक्ति अनुविभागिय अधिकारी राजस्व बीएस मरकाम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी साथ चल रहे हैं, तथा इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी ग्रामीण क्षेत्रों की आम जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उनके तत्काल निराकरण करने का प्रयास कर रहे हैं।

तथा इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय एवं ऊर्जावान कांग्रेस नेता अधिवक्ता मनोज जायसवाल ने भी शक्ति विधानसभा क्षेत्र के सकरेली, जाजग, ढोलनार, सहित अनेको गांव में क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज शक्ति विधानसभा क्षेत्र में डॉ चरणदास महंत के प्रयासों से विगत 2 वर्षों में ही ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में विकास के अनेकों कार्य हुए हैं।

गांव- गांव में जहां बिजली, पानी, सड़क,नाली की समुचित व्यवस्था हो रही है, तो वहीं आम

# शिवसेना भारतीय कामगार सेना की बैठक में कई अहम फैसले

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शिवसेना की मजदूर इकाई भारतीय कामगार सेना के स्थानिय पदाधिकारीयो की बैठक रावन खपराड़ीह अल्ट्राटेक प्लांट गेट में संपन्न हुआ जिसमें पदाधिकारियों ने बताया की श्री सीमेंट में आंदोलन के फलस्ववरूप लिखित समझौता हुआ था जिसमें सभी जायज माँगो को प्रशासन के हस्ताक्षेप के बाद मान लिया गया था जिनको श्री सीमेंट प्रबंधन लागु नहीं कर रहा हैं जिसके लिए जल्द ही मजदुर कामगार आंदोलन करने का मन बना रहे हैं जिसकी तैय्यारी कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने बताया की श्री सीमेंट में संचालित शिवसेना भारतीय कामगार सेना के युनियन पदाधिकारीयो की कार्यकारणी को भंग कर अनुशासन हिनता व संगठन विरोधी कार्य में संलिप्त होने के आरोप में अध्यक्ष डेकराम यादव , उपाध्यक्ष हेमलाल वर्मा को पद मुक्त कर युनियन से निष्काशित करने का निर्णय लेकर घोषणा किया गया जल्द ही कामगारो की बैठक लेकर नये पदाधिकारीयो की कार्यकारणी का गठन किया जाएगा किसी भी प्रकार के भ्रमित करने वालो के बातो में नहीं आकर संगठन विरोधी गतिविधियो में शामिल नहीं होने कामगारो को यदु ने अपिल करते हुए बताया जल्द संयंत्र प्रबंधन मजदुरों की मांगों को नहीं मानता तो मजबुरन आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता हैं। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष व कामगार सेना जिला प्रभारी संतोष यदु, जिला उपाध्यक्ष शिवचंद निर्मलकर, राजा यदु, दाऊलाल निर्मलकर, कन्हैय्या, राजेन्द्र चतुर्वेदी, राजकुमार साहु एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जन जागरूकता रथ सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का शुभारंभ

**जांजगीर चांपा।** यातायात सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत ग्राम मित्र समाज सेवी संस्था द्वारा 03 एवं 04 मार्च 2021 को जन जागरूकता रथ सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का शुभारंभ किया गया। यह जागरूकता रथ प्रथम दिवस को चांपा रेलवे स्टेशन से प्रात 10 बजे संस्था प्रमुख के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ की गई। जन जागरूकता रथ चांपा रेलवे स्टेशन से होते हुए जांजगीर चांपा जिले के विकासखंड बलोदा और अकलतरा और उसके प्रमुख गावों जिसमें प्रमुख रूप से लक्षन पुर , मड़वा , पहारिया, पंटोरा, खीसोरा, सिवनी, जावलपुर, जांजगीर, जिला मुख्यालय जिला यातायात थाना जांजगीर में पहुंच कर समापन हुई।

इसी प्रकार दूसरे दिन 04 मार्च को पुनः परशुराम चौक चांपा से नगर के प्रतिष्ठित जन और समाज सेवी संस्था के सदस्यों द्वारा सुबह 11 बजे जागरूकता रथ शासकीय महविद्यालय चांपा, सिंधी कॉलोनी से होते हुए विकासखंड बम्हिदिह, जैजेपुर, और नवागढ़ अंतर्गत सभी गावों में सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों की जानकारियों को लोगो को बताया इसप्रकार दोनों दिवस में जागरूकता रथ के माध्यम से लोगो को पम्पलेट बाटकर ट्रैफिक के नियमो को पालन करने। बाइक धीमी चलाने के साथ साथ हेलमेट लगाने और दुर्घटना से बचने साथ ही सड़क सुरक्षा के सभी जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया।

# सुपोषण चौपाल के प्रति ग्रामीण महिलाओं में उत्साह

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोरोना काल के बाद धीरे-धीरे सामान्य होती जिंदगी के बाद आं.बा. केन्द्रों में सुपोषण चैपाल का आयोजन किया गया। सुपोषण चैपाल के प्रति स्थानीय ग्रामीणों एवं महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। सुपोषण चैपाल के तहत् स्थानीय जनों एवं आं.बा. कार्यकर्ता के द्वारा केन्द्रों में कई प्रकार के पौष्टिक खाद्यान्न को सजाया गया। लगभग 3 हजार बच्चों को खीर-पुड़ी, गर्भवती माताओं का गोदभराई, 05 से 06 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम ढनढनी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश कुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति सहकारिता विभाग गोरेलाल साहू, स्थानीय सरपंच तथा समूह की महिलाओं के द्वारा अन्नप्राशन, गोदभराई का कार्य किया गया। जिला पंचायत के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी बच्चे सुपोषित हो और माताएं बच्चों की देखभाल ठीक से करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ सभी को प्राप्त करने का आह्वान किया गया। जिले के विभिन्न विकासखंडों के केन्द्रों जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत, सदस्य, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहुंचकर सुपोषण चैपाल में नव नैनीहालों का अन्नप्राशन कराकर उन्हें आर्शीवाद दिया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई। कोरोना काल के लंबे समय बाद सुपोषण चैपाल के आयोजन से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। इस सिलसिले में अगला सुपोषण चैपाल 18 मार्च को होगा।

## जस झांकी से अधर्म पर धर्म और अंधकार पर प्रकाश की जीत का संदेश मिलता है-तिवारी

**बेमेतरा।** बेरला ब्लॉक के ग्राम देवसरा में शनिवार को दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता के समापन हुआ। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में भक्ति भाव का माहौल बनता है। जस झांकी के जरिए एक ओर जहां माता के महिमा का वर्णन किया जाता है, वही अधर्म पर धर्म, पाप पर पूण्य और अंधकार पर प्रकाश की जीत का संदेश मिलता है। जो हमेशा अनैतिक और गलत कामो से दूर रहने सजग करता है। गांवो में आज भी पुरानी परम्पराओ को जीवित रखा गया है। जो सराहनीय है। भावी पीढ़ी पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आज की भाग दौड़ भरी जीवन के कारण लोग आध्यात्म से दूर होते जा रहे हैं। इसलिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। इस दौरान संस्था की ओर से भोजराम चक्रधारी, खेलावन चक्रधारी, भूषण वर्मा, नारद निषाद, भूपत चक्रधारी, गजानंद चक्रधारी, रेखराम वर्मा, लखन चक्रधारी समेत ग्रामीण मौजूद थे।



## स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में बैठक

**मुंगेली।** स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनाने के संबंध कल 06 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर सभा कक्ष में बैठक आहुत की गई है। बैठक कलेक्टर पी.एस एल्मा की अध्यक्षता होगी। जिला षिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी विकास खण्ड षिक्षा अधिकारी और सभी शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य को निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने के लिए कहा है।

## पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने करवाया कोविड-19 वैक्सीनेशन




**कोरिया।** पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में कोविड-19 वैक्सीनेशन करवाया। उन्होंने वैक्सीन को पूर्णतः सुरक्षित बताते हुए सभी हितग्राहियों से वैक्सीन लगवाने की अपील की है। टीकाकरण से पूर्व पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई और टीकाकरण उपरांत उन्हें आब्जर्वेशन में भी रखा गया। बता दें कि पुलिस विभाग से फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में अब तक 866 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने टीकाकरण का फर्स्ट डोज लिया है। जिले में अब तक हेल्थ केअर वर्कर वर्ग में 6 हजार 685 तथा फ्रंटलाइन वर्कर वर्ग में 2931 अधिकारियों एवं कर्मचारी ने टीकाकरण करवाया है। कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम के लिए दूसरे चरण का टीकाकरण अभियान एक मार्च से कलेक्टर एसएन राठौर के मार्गदर्शन में प्रारंभ हो गया है। 01 मार्च से शुरू हुए दूसरे चरण के टीकाकरण के अंतर्गत 04 मार्च तक 60 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 651 तथा 45 से 59 आयु वर्ग के कोमार्बीड वर्ग में 164 हितग्राहियों का टीकाकरण किया जा चुका है।

# रिश्ते हुए शर्मसार, आरोपी जेठ पहुचा सलाखों के पीछे

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



रिश्तों की मर्यादा को लांघते हुए डरा धमका कर जान से मारने की धमकी देते हुए शारीरिक संबंध बनाकर आनाचार करने वाले आरोपी जेठ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की बड़ी कार्यवाही की गई है, पूरा मामला जांजगीर-चांपा जिले की सक्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम टेमर का है तथा संबंधित प्रकरण पर गिरफ्तार आरोपी युवक का नाम चैतन पटेल उर्फ धनोराम पिता स्व निरजन पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी साकिन ग्राम टेमर है। उक्त आरोपी युवक के द्वारा अपने छोटे भाई की पत्नी को अपनी हवस का शिकार बनाते हुए उसके साथ दुराचार किया गया वही इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले की पीड़िता के द्वारा 4 मार्च को थाने में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई की उक्त आरोपी युवक के द्वारा जुलाई 2019 में संध्याकालीन समय जब वह अपने घर की बाड़ी में पानी फेंकने गई थी तो उसी दरमियान वहां मौजूद उनका जेठ चैतन पटेल द्वारा डरा धमका कर जान से मारने की धमकी देते हुए जमीन पर लेटाकर शारीरिक संबंध बनाकर अनाचार किया गया। तथा वर्तमान समय में 3 मार्च को अपनी पत्नी बनाकर रखूंगा संबंधित आश्वासन देते हुए जबरन सक्ती रेलवे स्टेशन ले जाया गया तथा सुनसान इलाके में ले जाकर एक बार फिर शारीरिक संबंध बनाकर अनाचार किया गया तथा मायके ग्राम सिंघनसरा में छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता की इस रिपोर्ट पर उक्त आरोपी युवक के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376 तथा 506 पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया थाने में महिला से हुए दुराचार संबंधित प्रकरण दर्ज होने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्ती एसडीओपी शोभराज अग्रवाल द्वारा मामले पर तत्काल कार्यवाही कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

## बुज़ुर्गों का रखें अधिक ध्यान : सुंदरानी

**बेमेतरा।** शासकीय पण्डित जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ ओ पी सुंदरानी ने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के कारण वर्तमान मे 60 वर्ष से अधिक मरीजों की मृत्यु अधिक हो रही है। इसलिए युवाओं को अपने बुजुर्ग परिजनों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होने कहा कि सर्दी, बुखार, थकावट, गंध न आना आदि लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना चाहिए। यदि मरीज को सांस लेने में तकलीफ हो रही है तो तुरंत अस्पताल जाएं और तब तक पल्स आक्सीमीटर से आक्सीजन स्तर नापते रहें। 95 प्रतिशत से कम होने पर चिकित्सक के पास तुरंत जाएं। इस बीच कुछ सीधे लेटें एवं अस्पताल पहुंचने तक कुछ एक्सरसाइज फेफड़ों के लिए करें जिससे फेफ़ड़ों में हवा ठीक से जा सके।

### आयुक्त ने दिया कामागारों को मास्क और साबुन

# हिंद नगर तालाब में गंदा पानी जाने से रोकने बनेगा प्लान

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

हिंद नगर रिसाली तालाब में गंदा पानी जाने से रोकने प्लान तैयार किया जाएगा। अपर कलेक्टर व रिसाली नगर पालिक निगम के आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने उक्त निर्देश दिए। वे आज मॉर्निंग विजिट के तहत रूआबांधा समेत रिसाली क्षेत्र का भ्रमण किए। गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक ताम्रध्वज साहू के क्षेत्र में नागरिकों को मूल भूत सुविधा मिले इस उद्देश्य से आयुक्त लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे है। मोहल्ले से पानी निकासी व्यवस्था, तालाब पोखर संरक्षण और सार्वजनिक शौचालय के रखरखाव व संधारण उद्देश्य के थीम के साथ रूआबांधा व रिसाली क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान निगम अधिकारी धनोरा रोड रिसाली स्थित हिंद नगर तालाब पहंचे। विद्युत वितरण कंपनी के सब स्टेशन के



सामने बने नाली का पानी निस्तारी तालाब में जाते देख आयुक्त ने तालाब में गंदा पानी को जाने से रोकने प्लान तैयार करने प्रभारी उपअभियंता को निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, प्रभारी कार्यपालन अभियंता बी के सिंह, उपअभियंता हिमांशु कावड़े, उमयंती ठाकुर, डिगेश्वरी चंद्राकर, गोपाल सिन्हा व स्वास्थ्य विभाग प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा, स्वास्थ्य निरीक्षक बृजेन्द्र परिहार उपस्थि थे।

### जुर्माना वसूली के आदेश

झिरिया पारा रूआबांधा स्थित शौचालय में गंदगी देख आयुक्त ने सुपरवाइजरों को जमकर फटकार लगाया। उन्होंने शौचालय सफाई ठेकेदार बबलू पर 5000 जुर्माना करने और राशि जमा नही करने पर ठेका निरस्त करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम क्षतिग्रस्त होने पर उसे ठीक करने निर्देश दिए।

### स्वच्छता मित्र को दिया मास्क

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मौके पर सफाई कार्य कर रहे स्वच्छता मित्र से चर्चा की। इस दौरान मास्क नही लगाने पर निगम आयुक्त ने स्वच्छता मित्रों को काटन मास्क और हाथ मुंह धोने साबून का वितरण किया।

### कल्याणी मंदिर तालाब किनारे सौंदर्यीकरण

कल्याणी मंदिर तालाब किनारे हराभरा करने और सौंदर्यीकरण करने का कार्य जल्द शुरू होगा। सौंदर्यीकरण को मवेशी क्षतिग्रस्त न करे इसके लिए तालाब पार को पहले अच्छी तरह फेसींग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि तालाब पार के निकट खाली जगह में उद्यान बनाना भी प्रस्तावित है।

### यह भी दिए निर्देश

- प्रत्येक वार्ड के मुख्य नाली में जाली लगाए।
- प्रत्येक वार्ड की सीमा पर वार्ड नाम व नंबर वाला बोर्ड लगाए।
- ऐसे खटाल जहां की गंदगी (गोबर व चारा अवशेष) सीधे नाली में आने पर 5000 जुर्माना लगाए।
- मैदान या सड़क किनारे गड्ढो को फिलिंग करे
- कचरा पृथक केन्द्र को व्यवस्थित रखे।

# पार्षद निधि से ठंडा पानी की मशीन लगाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय कुरूद में पार्षद सुचिता अग्रवाल द्वारा पार्षद निधि से वहां के छात्र-छात्राओं को एवं शिक्षक जनों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ठंडा पानी की मशीन लगाया गया जिसमें की वहां के सभी छात्राओं को ठंडा एवं पेयजल मिल सके पार्षद सुचिता अग्रवालने कहा कि इस स्कूल में छात्राओं को सभी सुविधाएं मिले यह मेरा प्रयास हमेशा रहेगा मैं स्कूल में धीरे-धीरे जो भी जरूरत है रहेगी साला समिति प्रबंधन एवं प्रिंसिपल शिक्षक गणों से सलाह लेकर इस स्कूल में समस्याओं का निदान करने के लिए प्रयास करती रहूंगी यह सपना मेरे स्वर्गीय राजकुमार अग्रवाल का था इस स्कूल में छोटी-छोटी समस्याओं का निदान करने का वह हमेशा प्रयास करते थे उन्हीं के मार्गदर्शक एवं उनके द्वारा दी गई सोच को मैं हमेशा अनुसरण



करते हुए इस स्कूल के समस्याओं का समाधान के लिए हमेशा शासन एवं शासकीय विभागों में करवाने के लिए हमेशा प्रयास करती रहूंगी कार्य म में उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य डीपी देवांगन शाला प्रबंधन अध्यक्ष आशीष शर्मा पार्षद राखी चंद्राकर मनोज राजकुमार अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि एलिस चंद्राकर पालक प्रतिनिधि उषा साहू शिक्षक गण एमएस ध्रुव एम एल चंद्राकर जेएल गुहा अश्वनी शर्मा प्रज्ञा तिवारी मनीषा नायडू ज्योति साहू एवं प्यारे बच्चे सभी की उपस्थिति में ठंडा पानी मशीन पेयजल का लोकार्पण किया गया।

## संपादकीय

# म्यांमार में कोहराम सेना की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई

**सारी** दुनिया की अपीलों के बावजूद सेना पर इसका कोई असर नहीं है और वह लोकतंत्र-समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफदमनकारी कार्रवाइयां कर रही है। सेना के तख्तापलट का शांतिपूर्ण विरोध करने वाले प्रदश्रनकारियों को कुचलने के लिए बेलगाम हिंसा से म्यांमार की सड़कों पर कोहराम मचा है। इससे लोगों को 1989 के वसंत में तियनमान चौक पर चीन द्वारा नरसंहार तथा 2010 में अरब वसंत के दौरान लीबिया व यमन में रक्तपात की यादें ताजा हो गई हैं। हालांकि 'बर्मा के वसंत' में मारे गए लोगों की आधिकारिक संख्या 38 है, पर संयुक्त राष्ट्रसंघ यह संख्या लगभग 50 बताता है। एक्टिविस्ट यह संख्या और ज्यादा बता रहे हैं क्योंकि सशस्त्र बल लगातार प्रदर्शनकारियों के खिलाफघातक हथियारों का प्रयोग कर रहे हैं। इस कारण निहत्थे किशोर, महिलायें और नौजवान अपने उचित अधिकारों की मांग करने के लिए मारे जा रहे हैं। टटमाडा द्वारा की जाने वाली हिंसा के हालिया बर्बर प्रदर्शन से कोई आश्चर्यचकित नहीं है जो म्यांमार में 1962 से सत्ता पर काबिज है और वह किसी तरह 2011 से जारी अर्ध-लोकतंत्र को सहन कर रही थी। हालांकि, वैश्विक दबाव के कारण स्वयं सेना ने संसदीय चुनाव व अन्य सुधार किए थे। 1 फरवरी को हुए सैनिक तख्तापलट के बाद सेना फिर से पूरी तरह सत्ता में आ गई है, उसने नागरिकों का बर्बर दमन शुरू किया है जो टटमाडा की क्रूर छाया में फिर नहीं आना चाहते हैं। पहले भी टटमाडा ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चला कर 1988 व 2007 में लोकतंत्र-समर्थक आंदोलनों को कुचला है। हालांकि, प्रदर्शनों की शुरुआत होने पर सेना ने पहले थोड़ा संयम बरता, पर हर गुजरते दिन के साथ अब सेना का दमन बढ़ रहा है, जबकि प्रदर्शनों में कमी आने के कोई संकेत नहीं हैं।

वास्तव में लोकतंत्र को बचाने तथा लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेताओं को रिहा कराने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ आने के बाद आंदोलन का विस्तार हुआ है। सेना को वैश्विक स्तर पर अपमान झेलना पड़ रहा है। उसने संरा. महासभा में न्यूयार्क में देश के राजदूत द्वारा भावनात्मक भाषण देने के बाद उनको पद से हटाया। राजदूत ने अपने देश में लोकतंत्र बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अपील की थी। सारी दुनिया का ध्यान अत्यधिक आकर्षित होने से बिफरी हुई टटमाडा और ज्यादा आक्रामक हो गई है तथा वैश्विक प्रतिबंधों का खतरा मंडराने लगा है। सेना पर लंबे समय से टकराव वाले क्षेत्रों में मानवाधिकार हनन के आरोप लग रहे थे। यदि संरा. विशेष दूत क्रिस्टीन स्क्रैनर बर्गनर के खुलासों पर गौर किया जाए तो सेना का दागदार अतीत पूरी तरह सामने आ जाएगा। बर्गनर ने सेना को चेतावनी दी थी कि संरा. सुरक्षा परिषद और उसके सदस्य देश उसके खिलाफकठोर कदम उठा सकते हैं। इस पर सुश्री बर्गनर से कहा गया था, 'हम प्रतिबंधों के आदी हैं और हम अतीत में भी इन प्रतिबंधों का सामना कर चुके हैं।' वैश्विक स्तर पर अलगाव की चेतावनी देने पर टटमाडा का जवाब था, 'हमने केवल कुछ मित्रों के साथ आगे बढ़ना सीख लिया है।' यह एक चिन्ताजनक विचार है क्योंकि जब क्रूरता और दमन के इतिहास वाली कोई सरकार अपनी कार्रवाइयों के परिणामों की चिन्ता करनी छोड़ देती है तो विश्व समुदाय भी बहुत कुछ नहीं कर सकता है। ऐसे में पीड़ित देश की जनता दुहरी मुसीबत में घिर जाती है। एक ओर उसे तानाशाही सरकार का क्रूर दमन झेलना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर उसे प्रतिबंधों के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। विश्व समुदाय म्यांमार के पीड़ित नागरिकों के लिए जो कुछ करना चाहता है, उसे यह काम जल्दी से करना चाहिए क्योंकि अब जनता के पास ज्यादा समय नहीं है।

# अंतरधार्मिक विवाहों का महिमामंडन

## यदि कोई मुस्लिम पुरुष व हिंदू महिला विवाह करते हैं तो उनको विशेष विवाह कानून के अंतर्गत यह करना चाहिए जो समान अधिकार सुनिश्चित करता है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



किसी मुस्लिम पुरुष से विवाह करने वाली गैर-मुस्लिम महिला के अधिकार फौरन समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि वह अधिक अधिकारों वाली एक विधिक व्यवस्था से कम अधिकारों वाली व्यवस्था में जाती है। यह स्थिति अपरिवर्तनीय है, क्योंकि इस्लाम धर्मत्याग की अनुमति नहीं देता है। विवाह करने के लिए धर्मान्तरण करने वाली अनेक महिलाओं को विश्वास होता है कि वे अपने धर्म का पालन करती रहेंगी, पर जल्दी ही उनकी यह धारणा टूट जाती है। क्योंकि जिस धर्म में उन्होंने विवाह किया है, वह इसकी अनुमति नहीं देता है।

**एक** चर्च में मेरी भतीजी का विवाह करवाने वाले पादरी ने शुरुआत में ही घोषणा की कि 'विवाह एक दैवी व अविभाज्य संबंध है।' यह विवाह को एक पवित्र बंधन घोषित करने का तरीका है जिसे मृत्यु के बाद भी तोड़ा नहीं जा सकता है। रूपा एंड कंपनी द्वारा प्रकाशित थामस पैट्रिक हग्स की डिक्शनरी आफ इस्लाम में विवाह को निकाह बताया गया है जिसका शाब्दिक अर्थ एक संयोजन है। यह उस समय तक एक अनुबंध होता है, जब तक पति इसे चाहे। वह तीन महीने की नोटिस देकर अपनी इच्छा से पत्नी को तलाक दे सकता है। पत्नी को यह विशेषाधिकार प्राप्त नहीं है। यदि वह अलग होना चाहती है तो उसे खुला की प्र क्रिया अपनानी पड़ेगी जिसमें उसे एक काजी तलाश कर उसे फिक्रह या मुसलमानों के काल्पनिक धर्मशास्त्र के अंतर्गत अपनी बात समझानी पड़ेगी। यदि किसी मुस्लिम पुरुष व हिंदू महिला में प्रेम हो जाता है तो उनको विशेष विवाह कानून के अंतर्गत विवाह करना चाहिए जो असमान अधिकार नहीं देता है तथा महिला को अपना धर्म या नाम नहीं बदलना पड़ता है, जबकि निकाह इस बात पर जोर देता है कि दोनों एक ही धर्म के, यानी मुसलमान हों। यदि पुरुष तलाक नहीं देना चाहता है तो भी वह दूसरी पत्नी ला सकता है।

विरले ही कोई अंतरधार्मिक विवाह ऐसा होता है जिसमें दूल्हा हिंदू और दूल्हन मुस्लिम हो। इसका कारण शायद यह है कि किसी गैर-मुस्लिम को मुस्लिम महिला से विवाह की अनुमति नहीं है क्योंकि उसका पत्नी पर विधिक अधिकार होगा। इस्लाम धर्म के नियमों के अनुसार ईश्वर नहीं चाहता कि किसी गैर-मुस्लिम का मुसलमानों पर अधिकार हो। एक मुस्लिम पुरुष एक गैर-मुस्लिम महिला से विवाह कर सकता है, पर इसका उल्टा संभव नहीं है। यह बात न्यायोचित नहीं लगती है, पर इस्लामी तार्किकता के अनुसार कोई गैर-मुस्लिम अपनी मुस्लिम पत्नी के धर्म का सम्मान नहीं कर सकता है। इन धर्मोपदेशों में यह भी बताया गया है कि जहां मुसलमान सभी पूर्व धर्मों और ईश्वर के पैगंबरों का सम्मान करते हैं, वहीं गैर-मुस्लिम का यह विश्वास होना जरूरी नहीं है। भले ही कोई गैर-मुस्लिम पति इसे स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त न करे, पर मुस्लिम पत्नी अपने पति से अपने धर्म के सम्मान की उम्मीद नहीं कर सकती है। मुस्लिम केवल किताब द्वारा प्रकाशित धर्मों में विश्वास करते हैं, अन्य धर्मों में नहीं। एक गैर-मुस्लिम से विवाह करने वाली मुस्लिम महिला धर्म की इस मान्यता का पालन नहीं करेगी।

कुछ समय पहले आईएएस दंपति टीना डाबी व आर्थर आमिर खान ने विवाह के दो साल बाद जयपुर में तलाक की याचिका दी। 2018 में उनके प्रेम और विवाह ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। टीना द्वारा बनाए एक वीडियो में उसने अपने मुस्लिम पति पर अत्याचार का आरोप लगाया था जिसमें बुर्का पहनना, इस्लाम में धर्मान्तरण करना, नमाज पढ़ना तथा अपने नाम में 'खान' जोड़ना शामिल था। यह वीडियो वाइरल हो गया था। बिना तलाक के भी कोई मुस्लिम पुरुष एकसाथ चार पत्नियां रख सकता है और तलाक के साथ इसकी कोई सीमा नहीं है कि वह कितनी पत्नियां रख सकता है। हिंदू धर्म व ईसाइयत केवल एक पत्नी पर जोर देते हैं। मुस्लिम लड़के से विवाह करने की इच्छुक लड़कियों को अपने सामने आने वाली संभावनाओं की जानकारी होनी चाहिए। यदि लड़का मुस्लिम है तो उसका विश्वास उसे यथासंभव अधिकाधिक बच्चे पैदा करने की प्रेरणा देता है ताकि मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ सके। हग्स की डिक्शनरी आफ इस्लाम के अनुसार, कुरान के बाद दूसरी पवित्र पुस्तक हदीस या परंपराओं में यह बात कही गई है। ऐसे में हिंदुओं द्वारा इस संदर्भ में 'जिहाद' शब्द के प्रयोग की बात समझ में आती है।

समय आ गया है कि आंखें बंद कर अंतरधार्मिक विवाहों का महिमामंडन बंद किया जाए। मुस्लिम पुरुषों से विवाह करने से गैर-मुस्लिम महिलाओं को कानूनी अधिकार नहीं मिलते हैं। वर्तमान राजनीतिक विमर्श इस मामले में ज्यादा खुला नहीं है और वह उन लोगों के तर्क अनदेखा करता है जिनको ऐसे विवाहों से समस्यायें पैदा हुई हैं। चयनित ढंग से कुछ खास मामलों तथा स्वीकार्य दृष्टिकोण पेश करने से अनौपचारिक बहस का लक्ष्य पूरा नहीं होता है। अंतरधार्मिक विवाहों पर ज्यादा ध्यान जाने से सेक्युलर लोगों के मौजूदा गुस्से का संबंध उनके द्वारा अंतरधार्मिक विवाहों के महिमामंडन से है। इनको अपने आप में एक गुण माना जाता है तथा समान धर्म वाले विवाहों की तरह समझा जाता है, लेकिन दुःख की बात है कि ऐसा नहीं है। हिंदू विवाह कानून या विशेष विवाह कानून के अंतर्गत महिलाओं को मिलने वाले अधिकारों की तुलना शरीया के अंतर्गत मिलने वाले अधिकारों से नहीं की जा सकती है। इसके खास नतीजे होते हैं। शरीया के अंतर्गत गैर मुस्लिम महिला को पहले इस्लाम धर्म स्वीकार करना पड़ता है क्योंकि यइ इस्लाम में विवाह की पूर्व शर्त है। इस प्रकार किसी मुस्लिम पुरुष से विवाह करने वाली गैर-मुस्लिम महिला के अधिकार फौरन समाप्त हो जाते हैं क्योंकि वह अधिक अधिकारों वाली एक विधिक व्यवस्था से कम अधिकारों वाली व्यवस्था में जाती है। यह स्थिति अपरिवर्तनीय है क्योंकि इस्लाम धर्मत्याग की अनुमति नहीं देता है। विवाह करने के लिए धर्मान्तरण करने वाली अनेक महिलाओं को विश्वास होता है कि वे अपने धर्म का पालन करती रहेंगी, पर जल्दी ही उनकी यह धारणा टूट जाती है क्योंकि जिस धर्म में उन्होंने विवाह किया है, वह इसकी अनुमति नहीं देता है।

हिंदू विवाह को एक पवित्र बंधन मानते हैं जहां विधिक अनुमति के बावजूद विवाह-विच्छेद को अच्छा नहीं माना जाता है। शरीया के अंतर्गत यह केवल एक अनुबंध है जहां पुरुष अपनी पत्नी को मौखिक रूप से और फौरन तीन तलाक के माध्यम से तलाक दे सकता था, लेकिन अब इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह दोनों धर्मों के बीच की दुनिया का विरोधाभास है। गैर-मुस्लिम महिलाओं को इन परिणामों की जानकारी दी जानी चाहिए। अंतरधार्मिक विवाहों का अंध समर्थन तथा यह मान लेना गलत है कि ऐसे विवाह समानधर्मी विवाहों जैसे होते हैं। अंतरधार्मिक विवाहों की गुलाबी तस्वीर पेश कर उनका महिमामंडन करने से गैर-मुस्लिम महिलाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वे जल्दबाजी में गलत सूचनाओं के आधार पर फैसला कर सकती हैं जिसके लिए उनको बाद में पछताना और खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# वैक्सीन को लेकर राजनीति उचित नहीं

"चुनाव प्रचार में उतरने वाले नेताओं को सुरक्षा तथा सार्वजनिक भलाई का संदेश देने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**भारत** ने 16 जनवरी को वैश्विक स्तर पर किए गए सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में से एक शुरू किया और फरवरी में फ्रंटलाइन श्रमिकों के लिए इसे खोला। इनोक्यूलेशन ड्राइव का दूसरा चरण 1 मार्च को शुरू हुआ, जिसमें दरवाजे एक निश्चित आयु से ऊपर के नागरिकों के लिए खुले हैं और विशिष्ट मानदंडों को पूरा करते हैं। दूसरे चरण के शुभारंभ में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरकारी सुविधा पर टीकाकरण किए जाने के एक दृश्य से देश जाग उठा। यह एक विस्तृत संदेश था, जिसमें भारत-विकसित वैक्सीन लेने से लेकर, होम स्टेट ऑफ़ हेल्थकेयर स्टाफ़ के प्रति सचेत रहना और असम से एक गमछा के शॉट और सार्टोरियल पसंद को शामिल करना शामिल था। हालाँकि, देश भर के कई टीकाकरण केंद्रों में मिड-डे के बाद एक और कहानी सामने आई, क्योंकि कई वरिष्ठ नागरिक 'कोविन' वेबसाइट पर सफलतापूर्वक पंजीकरण करने के बावजूद, एक दो दिन तक टीकाकरण कराने में विफल रहे।

खामियों के बावजूद, यह हमारे देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसे पिछले साल लगभग इसी समय तक, सामने आने वाले भयावह स्वरूप की जानकारी नहीं थी यहां तक कि व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के बुनियादी उपकरण भी नहीं थे। इसलिए इसका उल्लेख करने का कारण महत्वपूर्ण है ताकि हम हर पल सीखते रहें और वितरण योग्य प्रक्रियाओं पर काम करते रहें, जैसे कि हमने 2020 में किया था।

यह एक स्वागत योग्य कदम है कि टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण के लिए निजी अस्पतालों का एक बड़ा हिस्सा रोप दिया गया है। हालांकि, ऐसा लगता है कि जब उन्हें आपूर्ति और निष्पादन रसद की बात आती है, तो उनके साथ हीन संस्थानों की तरह व्यवहार किया जाता है। कई निजी अस्पतालों ने वॉक-इन पंजीकरणों के लिए एक कतार की सूचना दी और जो कोविन वेबसाइट के माध्यम से पुष्टि किए गए समय स्लॉट के साथ पंजीकृत हैं। इसके कारण भीड़ बढ़ गई, जो इन समयों में बचने के लिए एक आमने-सामने की गड़बड़ी है। निजी क्षेत्र टीकाकरण के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं के साथ पर्याप्त रूप से सुसज्जित है और कुछ निर्देशित जानकारी के साथ, उचित सामाजिक दूरी के साथ ड्राइव का प्रबंधन कर सकता है। आदर्श रूप से, अधिकारियों को प्रमुख अस्पतालों के साथ एक कार्यशाला करनी चाहिए थी और कर्मचारियों को मांग-संचालित हाइब्रिड मॉडल टीकाकरण अभ्यास का प्रबंधन करना सिखाया था। किसी स्तर पर सरकार को कॉरपोरेट्स के लिए टीकाकरण अभियान खोलने के बारे में सोचना होगा और खर्च किए गए धन को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के हिस्से के रूप में माना जाना चाहिए।



अधिकांश कॉरपोरेट या तो सीएसआर प्रमुख के तहत अपने कर्मचारियों के लिए टीकाकरण अभियान चलाने के लिए तैयार हैं या कर्मचारियों को भुगतान करने की अनुमति देते हैं, बशर्ते कि आधार पंजीकरण जैसे अभ्यास उनके परिसर में लाए जाएं। आरएस शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के वर्तमान प्रमुख, भारत के टीकाकरण पाइपलाइन को अनुकरण के लायक मॉडल बनाने के लिए आवश्यक निजी-सार्वजनिक सहकारी पाइपलाइन के बारे में जानते हैं। उन्हें इस बात की भी जानकारी है कि तथ्यात्मक सूचनाओं के उपयोग और उपयोग को लेकर देश में तकनीक का चलन चल रहा है और देश में डिजिटल विभाजन हो रहा है। कोविन ऐप बनाम कोविन वेबसाइट के उपयोग के बीच भ्रम को संबोधित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं के कारण समाज के कुछ वर्गों के बीच वैक्सीन की झिझक पैदा होती है। यह प्रक्रिया में शामिल सभी टेक्नोक्रेट्स के लिए गलत सूचना के अवरोध से निपटने के लिए समय है और उपलब्ध सभी प्लेटफार्मों पर तथ्यों के बारे में बात करें।

टीकाकरण कार्यक्रम का एक अन्य पहलू राजनीति से प्रेरित है। पहले से ही टीका पूर्णता प्रमाणपत्र पर प्रधान मंत्री की तस्वीर के बारे में कुछ टिप्पणी की गई है, विशेष रूप से चुनाव के लिए बाध्य राज्यों से। खूंखार वायरस के खिलाफ सार्वभौमिक टीकाकरण केंद्र और राज्य स्तर पर सभी नेताओं की एक साझा परियोजना है। बाधाओं को बनाकर प्रक्रिया को उलटने का कोई भी प्रयास मतदाताओं के साथ अच्छा नहीं हो सकता है या नेता की छवि के लिए अच्छा नहीं हो सकता है। बेशक, कुछ दिनों में मतदाताओं का सामना करने वाले किसी भी उम्मीदवार के लिए प्रकाशिकी अधिक होनी चाहिए, हालांकि यह अच्छा होगा यदि वे अपनी प्रतिबद्धता दिखाना शुरू कर दें। चुनावों से पहले चुनाव प्रचार में उतरने वाले अधिकांश नेता टीकाकरण, सुरक्षा के लिए और जनता की भलाई के लिए जोरदार संदेश भेजने के लिए अच्छा करेंगे।

## फरमाया



**कानूनों** में सुधार के माध्यम से कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद है।

– **नरेंद्र सिंह तोमर**
केंद्रीय कृषि मंत्री



**मूल्य** वृद्धि एक अभिशाप है। सरकार सिर्फ टैक्स वसूलने के लिए लोगों को महंगाई के दलदल में धकेल रही है। देश की तबाही के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**चूंकि** पश्चिम बंगाल के चुनाव 'दीदी बनाम अन्य सभी' की तर्ज पर हो रहे हैं, इसलिए शिवसेना ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है, लेकिन ममता के साथ एकजुटता से खड़ी होगी।

– **संजय राउत,** शिवसेना नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## दिखावा मात्र है सेकुलरिज्म

**कांग्रेस** पार्टी में नेताओं की असहमति बढ़ती जा रही है और ऐसा माना जा रहा है कि इस झगड़े का अंत देश की सबसे पुरानी पार्टी को समाप्त कर देगा लेकिन क्या राहुल गांधी इसे लेकर चिंतित हैं? फिलहाल राहुल गांधी इस समय तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के दौरे पर हैं और विधान सभा चुनावों के प्रचार में जुटे हुए हैं परन्तु इस दौरे के बीच कांग्रेस में झगड़ा काफ़ी बढ़ गया है और इस झगड़े से स्पष्ट हो गया है कि लोकतंत्र में असहमति और सहिष्णुता की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में इन दिनों शब्दों की कोई जगह नहीं बची है और शायद कांग्रेस का सेकुलरिज्म भी दिखावटी है। आलम तो ये है कि कांग्रेस पार्टी असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर बातें तो बड़ी बड़ी करती है लेकिन पश्चिम बंगाल में जो उन्होंने किया उससे यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस पार्टी अपने फायदे के लिए ऐसी पार्टी से हाथ भी मिला लेती है जिनका राजनीतिक ढांचा ही सांप्रदायिक विचारों से संक्रमित है दरअसल पार्टी ने पश्चिम बंगाल में एक कट्टरपंथी पार्टी इंडियन सेकुलर फ्रंट के साथ गठबंधन किया है जो पार्टी कुछ ही दिनों पहले बनी थी। गौरतलब तो यह है कि इस लेफ़्ट पार्टियों ने भी इसके साथ मिल कर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

## कांग्रेस की दशा

**आदरणीय** महोदय, यह पत्र 'कांग्रेस में विभाजन' के सन्दर्भ मे है। कॉग्रेस मे दो धड़े काफ़ी समय से चल रहे हैं, एक धड़ा राहुल गांधी को और दूसरा सोनिया गांधी के नेतृत्व को चुनता है। मगर जो पिछले वर्ष घटित हुआ जब 23 वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया गांधी को चिट्ठी लिख कर अनुरोध किया की नेतृत्व के निर्णय पर देरी ना की जाय और पार्टी मे आंतरिक चुनाव किए जाएं वह निःसंदेह चौंकाने वाला था, और आज जब जम्मू मे यह नेता मिल कर गुलाम नबी आज़ाद के नेतृत्व मे रैली कर रहे हैं और पश्चिम बंगाल मे होने वाले चुनाव के संबंध मे जो फैसला कांग्रेस पार्टी ने लिया है, सी पी एम के दबाव मे लिया हुआ गया निर्णय लग रहा है। उसने पार्टी के दोनो धड़ों को और आमने सामने खड़ा कर दिया है। ऐसा नही कि 1947 के बाद से कांग्रेस मे विभाजन देखने को नही मिला है, मगर आज जिस मोड़ पर पार्टी खड़ी है वहां गांधी परिवार को और परिपक्वता का परिचय देना होगा और पार्टी को दुबारा से पुनर्जीवित करना होगा वरना जिस तरह से पार्टी एक चुनाव के बाद के चुनाव हारती जा रही है उस से वह किनारे पर ही जाती चली जाएगी।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

## जल संकट

**कोरोना** का काल जहां एक तरफ खत्म नही हो रहा है तो वहां दूसरी तरफ से रोजमर्रा की समस्याएं पीछा नहीं छोड़ रही है। आजकल हम देख रहें हैं कि जल संकट एक विकट समस्या बन रहा है। जल संकट की ओर नगरपालिका भी ध्यान नहीं दे रही है। नगर में पानी का टैंकर लोगों को ज्यादा सुविधाएं नहीं पहुंचा रहा है। जिन लोगों के यह समरपंप की सुविधा है वो लोग सही से रह रहे हैं परंतु जिन लोगों के यहां यह सुविधा नहीं है वो लोग अनेकों दिक्कतों का सामना कर रहें है। बतातें चलें कि हमारी सरकार ने वर्ष 2024 तक देश के सभी ग्रामीण घरों तक पाइप से पानी पहुचाने का लक्ष्य रखा है। परंतु अभी यह हालत है कि पाइप से पानी ही नही आ रहा है। सरकार द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय लक्ष्य है परंतु मौजूदा हालातों में यह लक्ष्य बहुत ही कठिन है। इससे पहले कम्पोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स में भी यह माना गया था कि भारत अभी भी जल संकट से गुजर रहा है। वर्ष 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी को पानी उपलब्ध ही नहीं होगा। इस स्थिति से बचने के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

## शालिनी राजपूत का दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम



**कवर्धा।** भारती जनता पार्टी के महिला मोर्चे की अध्यक्ष शालिनी राजपूत का दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम इस प्रकार है, प्रदेश और जिले में महिला दिवस में 'नारी रक्षा और संम्मान' से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगी, इसी कड़ी में आज वे कवर्धा, जिले के'नारी संम्मान और अलंकरण' के कार्य क्रम में शामिल होंगी, उनके साथ महा मंत्री विभा अवस्थी जी, उपाध्यक्ष ममता साहू जी, और शीतल नायक जी भी शामिल होंगी, इसी प्रकार कल गरियाबंद जिले में होने वाले नारी सम्मान कार्यक्रम में विभा अवस्थी जी और सरोज ठाकुर जी भी साथ होंगी।

### निधन

## अहिल्या बाई साहू



**कुम्हारी।** ग्राम उरला के अहिल्या बाई साहू का आकस्मिक देहान्त हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी शुक्रवार की शाम को उन्होंने अंतिम सांस ली वे ग्राम उरला के अमरू राम साहू की धर्मपत्नी थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम उरला के मुक्तिधाम में किया गया।

# मंत्री मोहम्मद अकबर से संबंधित विभागों की वर्ष 2021-22 के लिए करीब 3 हजार करोड़ रूपए की अनुदान मांगे पारित

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



**राज्य में वनों के संरक्षण, संवर्धन तथा उसके विकास पर विशेष जोर**

**छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता को छोड़कर समस्त लघु वनोंपजों के परिवहन को किया गया टी.पी. मुक्त**

वन एवं जलवायु परिवर्तन, आवास एवं पर्यावरण, परिवहन तथा विधि-विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अपने विभागों से संबंधित 2 हजार 915 करोड़ 53 लाख रूपए की प्रस्तुत अनुदान मांगे ध्वनि मत से पारित की गई। इनमें न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन के लिए 488 करोड़ 45 लाख रूपए, परिवहन विभाग के लिए 96 करोड़ 3 लाख रूपए, आवास एवं पर्यावरण विभाग के लिए 546 करोड़ रूपए 54 लाख रूपए और वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के लिए 1 हजार 784 करोड़ 51 लाख रूपए की राशि शामिल है। वन्य एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री अकबर द्वारा प्रस्तुत अनुदान मांगों में राज्य में वनों के संरक्षण, संवर्धन तथा उसके विकास पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही इसमें स्थानीय वनवासियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके आय के साधन में वृद्धि के लिए पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। इसके तहत वर्ष 2021-22 के बजट में वृक्षारोपण की विभिन्न योजनाओं के लिए 495 करोड़ 94 लाख रूपए का प्रावधान रखा गया है। वृक्षारोपण की इन समस्त योजनाओं में अधिक से अधिक फलदार पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिससे स्थानीय जनसमुदाय को वनोपज आधारित जीविकोपार्जन के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध हो सके। इसी तरह नदियों में सतत् जल प्रवाह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2021-22 में नदी तट वृक्षारोपण के लिए 7 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा राज्य में तेंदूपत्ता संग्राहकों के सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए राज्य सरकार द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना लागू की गई है। इसमें तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया की सामान्य मृत्यु पर दो लाख रूपए तथा दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके लिए वर्ष 2021-22 में 13 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता को छोड़कर समस्त लघु वनोपजों के परिवहन को अभिवहन अनुज्ञा पत्र (ट्रांजिट पास) की अनिवार्यता से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है। सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण इकाईयों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। साथ ही लघु वनोपज से निर्मित उत्पादों को विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा सीधे निर्धारित मूल्य पर क्रय किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में वर्ष 2018-19 में तत्कालीन सरकार द्वारा मात्र 07 वनोपजों का भारत सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर क्रय किया जाता था। राज्य सरकार द्वारा इसे बढ़ाकर वर्तमान में 52 लघु वनोपजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की गई है। इसके परिणाम स्वरूप कोविड काल में भी छत्तीसगढ़ राज्य ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पूरे देश का 73 प्रतिशत लघु वनोपज खरीदी कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ में अब तक वन क्षेत्रों में एक लाख 78 हजार हितग्राहियों को एक लाख 50 हजार हेक्टेयर में वन अधिकार मान्यता प्रदान की गई है। 21 हजार प्रकरणों में 8 लाख 16 हजार हेक्टेयर सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया है साथ ही 3 हजार 529 ग्रामों में 8 लाख 98 हजार हेक्टेयर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दिए गए हैं, जो कि देश में एक कीर्तिमान है। इसी तरह परिवहन विभाग के अंतर्गत ओव्हर लोडिंग तथा अवैध परिवहन के रोकथाम और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण तथा सुगम यातायात व्यवस्था आदि के लिए आवश्यक प्रावधान रखा गया है।

## दस-दस सत्र आयोजित कर शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण करें- कलेक्टर



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में कोविड-19 का टीकाकरण कार्य शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप करें। प्रत्येक विकासखण्ड में टीकाकरण हेतु दस-दस सत्र आयोजित करने का प्लानिंग करें। टीकाकरण हेतु जनजागरूकता के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। महोबे शुक्रवार संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने जिले के वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक के व्यक्ति यों) व चिन्हांकित बीस बीमारियों से ग्रसित 45 वर्ष से 59 वर्ष के मध्य को-मार्बिड व्यक्ति यों का कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कोविड-19 का सैम्पल लेने के भी निर्देश दिए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसके सोनी ने बताया कि जिले में कोविड-19 टीकाकरण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण के प्रथम डोज में 7 हजार 41 लक्ष्य के विरूद्ध 6 हजार 826 हेल्थ केयर वर्कर को टीका लगाया जा चुका है जो कि लक्ष्य का 96.95 प्रतिशत है। उनमें से अब तक 4 हजार 209 हेल्थ केयर वर्कर को दूसरा डोज का टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार फंटलाईन वर्कर को कोविड-19 टीकाकरण के प्रथम डोज का टीका लगाने का कार्य प्रगति पर है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं कोविड-19 टीकाकरण के जिला नोडल अधिकारी अभिषेक दीवान, बालोद एसडीएम आरएस ठाकुर, गुण्डरदेही एसडीएम भूपेन्द्र अग्रवाल, डौण्डीलोहारा एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, गुरूर एसडीएम अमित श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जेपी मेंश्राम, सिविल सर्जन डॉ. एसएस देवदास, जिला कार्य म प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि मौजूद थे।

## चार दिवसीय शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण कार्यशाला

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण सुनिश्चित करने हेतु बेमेतरा विकासखण्ड के शिक्षकों को भाषा, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन विषय से संबंधित टीएलएम निर्माण कार्यशाला का संचालन दो चरणों में किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में 04 मार्च से 08 मार्च 2021 तक बेमेतरा, बैजी, बावामोहतरा, बालसमुंद, जेवरा, जेवरी, चंदनु, मोहरंगा संकुल केन्द्र में किया जायेगा तथा दूसरे चरण में 09, 10, 12 एवं 13 मार्च 2021 को ग्राम झाल, नरी, जांता, दाढ़ी, खण्डसरा, बटार, बैहरसरी एवं छिरहा संकुल में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यशाला में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के एक-एक शिक्षक प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। दोनों चरण की समाप्ति के पश्चात 15 मार्च 2021 को सभी कार्यशाला प्रतिभागी शिक्षक अपने-अपने संकुल केन्द्र में टीएलएम प्रदर्शित करेंगे। जिससे सीख लेते हुए अन्य सभी शिक्षक 25 मार्च तक टीएलएम खुद से बनाकर कक्षा में उपयोग करेंगे। एपीसी, बीआरसी आदि अधिकारियों के निरीक्षण में इस पूरी कार्यशाला में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, बेमेतरा के सदस्य सहयोगी की भूमिका में हैं। ऐसे टीएलएम (शिक्षण सहायक सामग्री) के निर्माण को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है जो कक्षा में अध्यापन से सीधे जुड़ रहे हों। इन शिक्षण सहायक सामग्रियों में मुख्यतः शब्द खिड़की, अंक खिड़की, संख्या कप, शब्दों की साँप-सीढ़ी, भिन्न चार्ट, प्लकार्ड, कविता चार्ट, कहानी कार्ड, स्थानीय मान कैलेंडर आदि बनाए जा रहे हैं।

## 'विश्व ग्लाकोमा सप्ताह में 7 से 13 मार्च तक की जाएगी आंखों की जांच

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम जिला बेमेतरा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश शर्मा के निर्देशानुसार एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. वंदना भेले व जिला नोडल अधिकारी डॉ. समता रंगारी (अंधत्व) के मार्गदर्शन में 07 से 13 मार्च तक विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ग्लाकोमा के संबंध में जिला चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नेत्र परीक्षण का आयोजन कर लोगों में जागरूकता अभियान चला कर इलाज व निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। नोडल अधिकारी डॉ. समता रंगारी ने ग्लाकोमा के संबंध में बताया कि ग्लाकोमा (कांचबिंद) ऑख के अंदर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आंखो का तनाव धीरे-धीरे बढ़ता है और ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाता है, परिणामस्वरूप नजर धीरे-धीरे बंद हो जाती है। सही समय पर ईलाज कराने से रोषनी जाने से रोका जा सकता है। 40 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को समय-समय पर अपनी आंखो की जांच करानी चाहिए। आंखो के अंदर लगातार एक्वस हुमर नामक तरल प्रवाहित होते रहता है। आंखो की निश्चित आकृति बनाये रखने के लिए निश्चित मात्रा का एक्वस हुमर तैयार होते रहता है और उसी मात्रा में आंखो से बाहर निकलते रहता है। यदि बाहर निकलने का रास्ता किसी वजह से बंद हो जाता है तो आंखों के अंदर तरल की मात्रा बढ़ने से आंखो का तनाव बढ़ जाता है। ये तनाव सीधा ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाकर धीर-धीरे नजर बंद कर देता है। ग्लाकोमा का कोई ईलाज नहीं है, परंतु इसे बढ़ने से रोका जा सकता है। यदि ग्लाकोमा के कारण दृष्टि चली गई है तो उसे जांच कर उपचार किया जाये तो बची हुई दृष्टि को बचाया जा सकता है।

## जिले में खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योगों के लिए पर्याप्त संभावनाएं- कलेक्टर महोबे

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला व औद्योगिक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले के गुरूर, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में लघुवनोपज एवं वनौषधि का संग्रहण किया जाता है। इसी प्रकार जिले के कृषको द्वारा धान एवं गन्ने की उन्नत किस्मों का उत्पादन किया जाता है, जिले में खाद्य प्रसस्करण से संबंधित उद्योगों हेतु पर्याप्त संभावनाएं है। सिटकॉन के राज्य निर्देशक पीके निमोनकर ने कार्यशाला में प्रेजेन्टेशन के माध्यम से औद्योगिक नीति 2019-2024 के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने हेतु दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में उपलब्ध जैव विविधता, वनोपज, हर्बल एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों पर आधारित उद्योगों की स्थापना को अधिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राज्य की आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में सहभागिता हेतु कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला उद्यमियों, तृतीय लिंग, भूतपूर्व सैनिकों को अधिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान जिले के उद्योगपतियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को सब्सिडी राशि का चेक वितरण किया गया। कार्यशाला की समाप्ति पर महाप्रबंधक एमएस उईके ने आभार प्रकट किया। इस अवसर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बसंती बाला भेंडिया, होरीलाल रावटे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चंद्राकर, अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रणय दुबे, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जिले के उद्योगपति व स्वसहायता समूहों के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## एसपी जितेंद्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




**पूर्व में भी चोरी जैसी घटना को दिया गया अंजाम**

आरोपी द्वारा पूर्व में भी ग्राम सिकोसा स्तिथ देवांगन कम्प्यूटर शॉप में उसके दुकान के पीछे का दरवाजा कटर मशीन से काट कर कम्प्यूटर, मानीटर, यूपीएस, लैपटॉप, प्रिंटर, जिओ वाईफाई डिवाईस, चोरी कर ले गया था। जिस पर थाना गुण्डरदेही में अपराध माक-72/2019 धारा-457, 380 भादवि कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते के निर्देशन एवं डीएसपी दिनेश सिन्हा के पर्वेक्षण में सभी थाना प्रभारियों को समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रो मे डेरावाले, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने एवं बैंक, एटीएम की चेकिंग कर चोरी, न?बजनी, उठाई गिरी जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर 4 और 5 मार्च 2021 की दरम्यानी रात थाना अर्जुन्दा प्रभारी कुमार गौरव साहू के हमराह में पेट्रोलिंग टीम रात्रि गस्त हेतु रवाना हुआ था। गश्त में निकली टीम में देखा कि करीबन रात्रि 2 बजे अर्जुन्दा नगर के दाउपारा चौक के पास स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम मशीन के अंदर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रवेश कर एटीएम मशीन को कटर मशीन तथा वेल्डिग मशीन को काट रहा था। जिसे थाना प्रभारी अर्जुन्दा तथा स्टाफ द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम प्रीतम मारकण्डे पिता दीपक मारकण्डे निवासी सिकोसा बताया। आरोपी अपने कथन में बताया कि वह कुछ दिनों से एटीएम मशीन व लॉकर काटने का तरिका यूट्यूब पर देखकर बालोद जिले के सभी क्षेत्रों में एटीएम मशीन एवं बैंक को रेकी कर रहा था। एक दिन पूर्व वह अर्जुन्दा एसबीआई एटीएम का फोटो खीच कर ले गया था। आरोपी के विरूद्ध थाना अर्जुन्दा में अपराध क्रमांक 31/2021, धारा-457, 380, 511 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। मौके से उक्त आरोपी से 4 नग मेटल कटर मशीन, इलेक्ट्रीक बोर्ड, वेल्डिंग राड, 2 नग हथौडा, पाना, मोटर सायकल जब्त किया गया हैं। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अर्जुन्दा निरीक्षक कुमार गौरव साहू, आर.263 जितेन्द्र कुमार, आर.344 कामता साहू, आर.392 टीकम धरमगुडी की सराहनीय भूमिका रही है।

## सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली से अधिकारी-कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य में, विभागों की विभिन्न योजनाओं में मजदूर तथा सामग्री के भुगतान और योजना को सुचारू, सुनियोजित और समयबद्ध तरीके से संचालित करने के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पी.एफ.एम.एस.(पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम) राज्य निदेशालय, रायपुर की टीम के द्वारा मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण दिया जाता है। इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव और वन एवं जलवायु परिवर्तन, विधि एवं विधायी, परिवहन तथा पर्यावरण एवं आवास मंत्री मोहम्मद अकबर के मंशानुसार जिला कबीरधाम के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं में मजदूर तथा सामग्री के भुगतान और योजना को सुचारू, सुनियोजित एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली 6पी.एफ.एम.एस.(पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम)8 राज्य निदेशालय, रायपुर की टीम के द्वारा मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण दिया गया। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, राज्य निदेशालय, रायपुर की टीम ने आज शुक्रवार को जिला पंचायत कबीरधाम के अधिकारी और कर्मचारियों को एक्सपेंडिचर, एडवांस एंड ट्रांसफर मॉड्यूल (ई.ए.टी.) पर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में जिला पंचायत के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी तथा प्रोग्रामर और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का इस प्रशिक्षण का अनुभव बहुत अच्छा बताया तथा उनको सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, राज्य निदेशालय, रायपुर की टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिए जाने की सराहना की गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और गुणात्मक सुधार के लिए प्रशिक्षण कारगार बताया जा रहा है।

**हॉट बाजार करने आएं ग्रामीणों को मिली छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी**

## बैगा बाहूल्य ग्राम तरेगांव जंगल के हॉट बाजार में लगी फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के आदिवासी एवं बैगा बाहुल विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत तरेगांव जंगल के सप्ताहिक हाट-बाजार में आज शुक्रवार से छाया प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन प्रारम्भ हो गया है। हाट-बाजार करने आए ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों तथा बच्चों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वनांचल के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला जनसंपर्क कार्यालय कबीरधाम द्वारा जिले के 10 बड़े हाट-बाजारों में सूचना शिविर और फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सहायक जनसंपर्क अधिकारी गुलाब डडसेना ने बताया कि जिले के विभिन्न सप्ताहिक हाट-बाजारों में आयोजित किए जा रहे जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पहला फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन 5 मार्च को बोड़ला विकासखण्ड के अतिसंवेदनशील क्षेत्र के ग्राम तरेगांव जंगल में किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन, बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के संबल, किसान गाइड सहित अन्य प्रचार समाग्रियों का वितरण किया जा रहा है, जिसे नागरिको ने हाथो-हाथ लिया। इसी तरह जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का लोगों द्वारा बड़ी उत्साह के साथ अवलोकन किया। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग के रामसिंह बघेल पूणेंद्र चौधरी सहित अन्य सहयोगी कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी के कियान्वयन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, आदर्श गोठान, बिजली बिल हाफ योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, अल्पकालिन ऋण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीडीएस, कृषि विभाग के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित की गई थी। नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उल्लेखनीय है कि 06 मार्च को ग्राम राजानवांगांव, 07 मार्च को रबेली, 08 मार्च को बैजलपुर, 09 मार्च को बम्हनी, 10 मार्च को दशरंगपुर, 11 मार्च को कामठी, 15 मार्च को बिढ़ोरा, 16 मार्च को रणवीरपुर और 17 मार्च को मोहगांव में छायाचित्र प्रदर्शनी और सूचना शिविर का आयोजन किया जाएगा और आम जनता को छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

## खण्डसरा के साप्ताहिक बाजार में फोटो प्रदर्शनी में दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित विकासखंड स्तरीय विकास फोटो प्रदर्शनी सह-सूचना शिविर का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिलाधीश शिव अनंत तायल के निर्देशन मे आज शुक्रवार को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम पंचायत खण्डसरा के हाट-बाजार में शिविर का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार समाग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। ग्राम मोहतरा के किसान यादराम पटेल, खण्डसरा के रिटायर्ड शिक्षक नाथूराम सोनी स्थानीय मितानीन कंचन बाई साहू एवं सावित्री बाई साहू तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सरकार की योजनाओं की जानकारी ली। अन्य गांव से आये लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और राज्य सरकार की योजनाओं को जनकल्याणकारी बताया और योजनाओं की सराहना की। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के क्रियान्वयन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, आदर्श गौठान, बिजली बिल हाफ योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राम वन गमन पथ, अल्पकालीन कृषि ऋण माफ, डॉ खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, शिक्षा, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, पीडीएस, के विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं से संबंधित छायाचित्र के माध्यम से जानकारी दी गई।

शनिवार 06 मार्च को विकासखण्ड साजा के ग्राम सहसपुर में फोटो प्रदर्शनी शिविर का आयोजन किया जायेगा। छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर आयोजित कर आम जनता को छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

क्विक न्यूज

## महाविद्यालय जनभागदारी समिति की बैठक आयोजित



**मुंगेली।** डॉ.जे.पी.मिश्र शास. स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली में महाविद्यालय जनभागदारी समिति की बैठक आयोजित हुई । जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसके अंतर्गत कार्यालय स्टॉफ की कमी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं स्वीपर के रिक्त पदों की जानकारी दी गई। इस कड़ी में महाविद्यालय में गार्डन, कैटीन, ऑडिटोरियम, बाउड्रीवाल, मैदान समतलीकरण एवं बास्त्रि में पानी का भराव आदि समस्याओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया गया। तत्पश्चात् डॉ. रामकुमार साहू, अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति द्वारा सभी समस्याओं को रेखांकित करते हुए सदस्यों के सहयोग से समस्या का निराकरण करने एवं महाविद्यालय को उत्कृष्ट महाविद्यालय बनाने हेतु प्रयास करने की बात कही।

## छत्तीसगढ़ की बजट ऐतिहासिक व सराहनीय : संदीप लहरे

**जांजगीर चांपा।** गुरु घसीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के छात्र प्रतिनिधि संदीप लहरे ने मुख्यमंत्रीके पेश किए बजट को ऐतिहासिक व सराहनीय बताया है। उन्होंने बजट की घोषणाओं के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुल 97 हजार 106 करोड़ का कुल बजट पेश किए, बजट पेश करने के बाद सीएम भूपेश बघेल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बजट का उद्देश्य गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ है, वर्ष 2021-22 का अनुमान बजट इस प्रकार है। वर्ष 2021-22 का कुल आय 97,145 करोड़ रुपए, वर्ष 2021-22 का कुल व्यय 97,106 करोड़ रुपए, 2021-22 का राजस्व 83,028 करोड़ रुपए, 2021-22 का पूँजीगत व्यय 13,839 करोड़ रुपए है। बजट में सभी वर्गों , छात्रों , किसान , मजदूर , सहरी क्षेत्र ,ग्रामीण क्षेत्र, छत्तीसगढ़ की विकाश के लिए यह बजट है।

# जिले के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा किंकारी डेम

### ट्रैकिंग हुड, कैंपिंग अन्य एडवेंचर एक्टिविटीस के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश





**बोटिंग सुविधा के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश**

डेम के बीच स्थित टापू को एडवेंचर्स के रूप में विकास किया जा सकता है। यहां पहुंचने वाले पर्यटक डेम के बीच स्थित टापू पर जाना चाहेंगे। इसलिए यहां पर्यटकों के बीच बोटिंग सुविधा की मांग रहेगी। कलेक्टर भीम सिंह ने निरीक्षण के दौरान डेम में बोटिंग सुविधा के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

बरमकेला ब्लॉक में स्थित किंकारी डेम का पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। कलेक्टर भीम सिंह व जिला पंचायत सीईओ ऋचा प्रकाश चौधरी ने डेम का निरीक्षण कर ट्रैकिंगहुड, कैंपिंग व अन्य एडवेंचर एक्टीविटीस के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भीम सिंह ने प्रस्तावित प्रोजेक्ट की जानकारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों से ली। सिंचाई विभाग के यंत्री डीआर डहरिया ने बताया कि केन्द्र सरकार के मिडिल प्रोजेक्ट के तहत किंकारी डेम को रिमॉडलिंग के लिए चयन किया गया है। इसके लिए 11 करोड़ 9 लाख रुपए प्रस्तावित है। इसमें डेम के नीचे दो गार्डन का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह पर्यटकों के लिए एक टॉवर भी बनाया जाएगा। डेम पहुंच मार्ग से लेकर डेम के नीचे परिक्षेत्र में लाइटिंग कार्य और डेम के साइड व नीचे में मिट्टी डाल कर पैचिंग किया जाएगा। डेम के रेस्ट हाउस को नए सिरे से रिनोवेट करने का कार्य भी प्रस्तावित है। कलेक्टर भीम सिंह ने डेम में वर्तमान जल भराव की स्थिति की जानकारी ली। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में डेम में 24 प्रतिशत जल भराव है।

डेम के बीच में दो टापू है, जिसमें से एक टापू का कुछ हिस्सा 100 प्रतिशत जल भराव में डूब जाता है, लेकिन करीब 8 हेक्टेयर का एक टापू बीच में स्थित है। जिसमें बोट के माध्यम से जाया जा सकता है। इस पर कलेक्टर भीम सिंह ने ट्रैकिंग हुड, कैंपिंग आदि एडवेंचर एक्टीविटीस के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बहुत सी संभावनाएं है। इस पर कार्य करना चाहिए।

# रागी से मजबूत होगी सेहत की नींव

### कलेक्टर की पहल पर जिले के आदिवासी विकासखण्डों में शुरू होने जा रहा विशेष कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रागी के पोषक गुणों से जिले में बच्चों, गर्भवती व एनीमिक महिलाओं की सेहत संवारी जाएगी। कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले में रागी का प्रोसेसिंग कर लड्डू तथा अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। पोषक खूबियों से भरपूर ये लड्डू आंगनबाड़ी केन्द्रों के जरिये बच्चों व महिलाओं को दिए जाएंगे। इसके लिये रागी के उत्पादन से लेकर उसके प्रोसेसिंग व उत्पाद तैयार करने तक का सारा काम जिले में ही किया जायेगा। बच्चों को सेहत व बड़ों को रोजगार देने वाले इस विशेष कार्यक्रम पर जल्द ही अमल होने जा रहा है।

कलेक्टर भीम सिंह ने इसके लिए आकांक्षी जिलों में काम करने वाली राज्य स्तरीय टीम के माध्यम से पूरी कार्ययोजना तैयार करवायी है। जिले के पांच आदिवासी विकासखंड से इसकी शुरुआत होने जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के साथ खाद्य, कृषि और एनआरएलएम को जिले में इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए शामिल किया गया है। यह कार्यक्रम सीएसआर मद से पोषित होगी। आकांक्षी जिलों के लिये राज्य कार्यक्रम अधिकारी नीरजा कुद्रीमोती ने आज इस पर प्रजेन्टेशन दिया। कलेक्टर भीम सिंह ने कार्ययोजना के विभिन्न पहलुओं पर शामिल विभागों से चर्चा कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी भी इस दौरान मौजूद रही।

**रागी में होता है दूध से तीन गुना ज्यादा कैल्शियम**

हड्डियों को मजबूती के लिए जरूरी कैल्शियम रागी में चावल से 30 गुना तथा दूध से तीन गुना अधिक पाया जाता है। यह बढ़ते बच्चों व महिलाओं के लिए अत्यंत आवश्यक पोषक तत्व है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में यह लड्डू सप्ताह में दो दिन सुबह के नाश्ते के रूप में दिया जाएगा। अप्रैल माह से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाना है। जिला मुख्यालय में एक क्लीनिंग तथा प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। जहां रागी की प्रोसेसिंग कर पाउडर तैयार किया जाएगा। जिसे विकासखण्डों में भेजा जाएगा। वहां से यह आंगनबाड़ियों में वितरित की जाएगी। जिसके लड्डू बनाकर बच्चों को खिलाया जाएगा। शुरूआत में इसे जिले के पांच आदिवासी विकासखण्डों लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया एवं तमनार में प्रारंभ किया जाएगा।

# रायगढ़ पुलिस तीसरी बार इन्द्रधनुष पुरस्कार से हुआ सम्मानित

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




पिछले एक वर्ष के अंतराल में रायगढ़ पुलिस को पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी के हाथों तीन बार इन्द्रधनुष पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। माह जुलाई 2020 को रायगढ़ एटीएम लूटकांड के आरोपियों को 10 घण्टे के अंदर लूट की रकम एवं असलहा सहित गिरफ्तार करने की सफलता पर इन्द्रधनुष पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

रायगढ़ एसपी संतोष सिंह के कुशल नेतृत्व में रायगढ़ पुलिस को लगातार गंभीर एवं संवेदनशीन मामलों के खुलासा करने में सफलता मिल रही है। जिले में बेहतर पुलिसिंग की जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। सराहना एवं पुरस्कारों क्रम में डीजीपी डीएम अवस्थी द्वारा थाना धरमजयगढ़ (पुलिस चौकी रैरूमा) क्षेत्र में 12 वर्षीय बालक का फिरौती के लिये अपहरण के मामले में सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने तथा खरसिया थाना क्षेत्र में 06 वर्षीय बालक शिवांश की किडनैपिंग में महज 08 घंटे के भीतर बालक को दूसरे राज्य से सुरक्षित वापस लाने वाली टीम को आज पुलिस मुख्यालय में धन्द्रधनुष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी द्वारा दोनों किडनैपिंग मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए इन्द्रधनुष पुरस्कार के लिए बिलासपुर रेंज, आईजी रतनलाल डांगी, रायगढ़ एसपी संतोष सिंह तथा दोनों किडनैपिंग में रेस्क्यू ऑपरेशन में संलग्न रहे एडिशनल एसपी रायगढ़ अभिषेक वर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस पुष्कर शर्मा ,एसडीओपी खरसिया पीतांबर पटेल, एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील नायक,थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहू, थाना प्रभारी छाल निरीक्षक विवेक पाटले, चौकी प्रभारी रैरूमा उपनिरीक्षक जेम्स कुजूर, चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंद किशोर गौतम, साइबर सेल प्रभारी प्रधाल आरक्षक राजेश पटेल, प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह सायबर सेल, प्रधान आरक्षक दादू सिंह सिदार थाना छाल, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक जॉन प्रकाश एक्का, डेहरू उरांव, बृजेश लकड़ा चौकी रैरूमा, आरक्षक विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी, सोहन यादव, मुकेश यादव को इंद्रधनुष पुरस्काप्रदाय किया गया है। रेस्क्यू टीम का हिस्सा रहे कुछ अधिकारी, कर्मचारी कानून व्यवस्था ड्यूटी में व्यस्त रहने से पुलिस मुख्यालय, रायपुर नहीं पहुंच पाये जिन्हें, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा एसपी कार्यालय में पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा।

# चंद्रहासिनी विद्यापीठ चंद्रपुर के नए प्रिंसिपल : देवोज्योति मुखर्जी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे चंद्रपुर अंचल में अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव तत्पर एवं प्रख्यात गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा संचालित शैक्षिक संस्थान चंद्रहासिनी विद्यापीठ में देवोज्योति मुखर्जी ने प्राचार्य के रूप में अपना पद ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर पूनम चंद अग्रवाल तथा विद्यालय के सभी सदस्य मौजूद रहे और उन्होंने नए प्राचार्य का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया। मुखर्जी जी ने विद्यालय परिसर का जायजा लिया और समस्त योग्य शिक्षकों से मिलकर कहा कि इस अंचल में शायद ही ऐसा कोई विद्यालय हो जो कि इस प्रकार सर्वसुविधायुक्त और विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए इस वैश्विक कोरोना काल में भी आरंभ से क्रियाशील हो। आपको ज्ञात हो कि चंद्रहासिनी विद्यापीठ में सामान्य वर्षों की भांति इस भयंकर कोरोना काल में भी ऑनलाइन माध्यम से अप्रैल से ही विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करके उनके शैक्षणिक गतिविधियों का खास खयाल रखा गया तथा परीक्षा पूर्व कोविड नियमों का ध्यान रखते हुए सभी विद्यार्थियों से व्यक्ति गत रूप से मिलकर उनके पठन पाठन सामग्री का निरीक्षण किया गया तथा उनके शैक्षिक दुविधाओं का निराकरण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक गोविन्द अग्रवाल ने मुखर्जी का स्वागत करते हुए सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दिया और कहा कि मुखर्जी के सानिध्य में चंद्रहासिनी विद्यापीठ एक नया आयाम को प्राप्त करके पूरे देश में अपना कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## बरगढ़ ओड़िसा से मोटर सायकल पर गांजा लेकर आता युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** सरिया पुलिस ने बीते दिन ओड़िसा की ओर से मोटर सायकल पर गांजा लेकर आने की सूचना पर अमलीपाली एवं बड़े नावापारा के बीच पुलिस के पास आरोपी को बाइक पर गांजा लाते हुए पकड़ा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरिया पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई के लिए अमलीपाली एवं बड़े नावापारा के बीच पुलिस के पास छिपकर संदेही के आने का इंतजार कर रहे थे। देर शाम मुखबिर के बताये अनुसार संदेही को सीडी डॉन मोटर सायकल क्र. सीजी 13 ई- 6697 में काला बैग रखकर आते हुए पकड़ा। मोटर सायकल चालक अपना नाम अक्षय कुमार डोंगरी पिता चौतन डोंगरी दर्रीपाली अम्बाभाना बरगढ़ ओडिशा ने बताया जिसकी सहमति से तलाशी ली गई।

# डीजल चोरी के मामले में तीन आरोपी 50 लीटर डीजल समेत गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा पुलिस ने डीजल चोरी के मामले में तीन आरोपियों को पकड़कर उनके पास से 50 लीटर डीजल के अलावा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में डीजल चोरी के मामले में आरोपी ललित सिदार पिता जंगसिंह सिदार उम्र 26 वर्ष सा. बेलजोर थाना तमनार, किशोर कुमार चौहान पिता गिठीराम चौहान उम्र 29 वर्ष सा. भालुमुडा थाना तमनार ,अजय कुमार पैंकरा पिता भुवनेश्वर पैंकरा उम्र 19 वर्ष सा. बेलजोर, थाना तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्टकर्ता दिनेश कुमार पासवान निवासी बरघाट द्वारा बायपास पर खड़ी इसके ट्रेलर से कोई अज्ञात चोर डीजल टंकी का ढक्कन को उखाड़ कर लगभग 50 लीटर डीजल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया था। रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा के धारा 379 भा.द.वि. कायम कर माल मुल्जिम पतासाजी दौरान संदिग्ध हालत में घूम रहे तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किए। जिनसे एक ड्रम जिसमें 50 लीटर डीजल भरा कीमती 4,300रू., दो खाली ड्रम, 01 पेचकस, 01 पाईप तथा घटना में प्रयुक्त एक पीकप वाहन क्र. ओ.आर.-16-बी-6430 को जप्त किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र./264/बी-121/2020-21

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **श्यामा पिता रामप्रसाद** जाति गोंड़ निवासी चिपरेल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, कि आवेदिका अपने **दादी मां फुलोबाई पति फुलसिंह** का दिनांक 06.11.2012 को ग्राम चिपरेल में मृत्यु होना बताया है। उसे मृत्यु प्रमाण हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार को आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18.03.2021 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
केशकाल, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 468, 2020-2021
वार्ड का नाम - विपिन बिहारी सुर वार्ड क्र.-64

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विपिन बिहारी सुर वार्ड क्र.-64 वार्ड स्थित भवन / भूमि **64/1112 पुजारी नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री देवलाल श्रीवास पिता स्व. डगरू राम श्रीवास** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती (1) ईश्वर श्रीवास (2) नरेश श्रीवास दोनों पिता स्व. श्री देवलाल श्रीवास (3) बेनू श्रीवास पिता स्व. श्री सुरेश श्रीवास (4) श्रीमती अंजनी श्रीवास पति स्व. श्री सुरेश** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा / रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानामा / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 469, 2020-2021
वार्ड का नाम - विपिन बिहारी सुर वार्ड क्र.-64

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विपिन बिहारी सुर वार्ड क्र.-64 वार्ड स्थित भवन / भूमि **64/946 दुलारी नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री /श्रीमती सूरजा बाई यादव पति स्व. तिजऊराम** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती आकाश यादव पिता संतोष यादव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा / रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानामा / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कांकेर (ग्रामीण) जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र./202102140100053/अ-20(3)/2020-21
ग्राम नाथियानवागांव तहसील कांकेर

एतद् द्वारा ग्राम नाथियानवागांव के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपपंजीयक सहकारी संस्थाएँ कांकेर द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित नाथियानवागांव अंतर्गत ग्राम नाथियानवागांव में स्थित शासकीय चट्टान मद की भूमि खसरा नम्बर 710/1 रकबा 1.37 हे. में से रकबा 0.80 हे. भूमि को गोदाम सह कार्यालय तथा धान खरीदी केन्द्र निर्माण किये जाने हेतु आबंटन करने बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 10.03.2021 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
कांकेर

**न्यायालय तहसीलदार कांकेर (ग्रामीण) जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र./202102140100054/अ-20(3)/2020-21
ग्राम इच्छापुर तहसील कांकेर

एतद् द्वारा ग्राम इच्छापुर के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपपंजीयक सहकारी संस्थाएँ कांकेर द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित इच्छापुर अंतर्गत ग्राम इच्छापुर में स्थित शासकीय आबादी मद भूमि खसरा नम्बर 119 रकबा 4.10 हे. में से रकबा 0.80 हे. भूमि को गोदाम सह कार्यालय तथा धान खरीदी केन्द्र निर्माण किये जाने हेतु आबंटन करने बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 10.03.2021 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
कांकेर

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 466, 2020-2021
वार्ड का नाम - सिविल लाईन वार्ड क्र.-47

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन वार्ड क्र.-47 वार्ड स्थित भवन / भूमि **47/363 सिविल लाईन** जो कि निगम अभिलेख में **श्री सुखदेव सिंग सैण्डो पिता कृपाल सिंग सैण्डो** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती (1) मंजीत कौर पति स्व. सुखदेव सिंग सैन्डो (2) रबिन्दर सिंग सैन्डो एवं दलजीत सिंग सैन्डो दोनों पिता स्व. सुखदेव सिंग सैन्डो** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा / रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानामा / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 467, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र.-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र.-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/13 से 15 का भाग** जो कि निगम अभिलेख में **श्री दौलतराम आसीजा पिता श्री खैराजमल आसीजा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती सिद्धार्थ तलरेजा पिता नरेश तलरेजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा / रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानामा / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 444/2020-2021
दिनांक 04.03.2021
वार्ड का नाम- पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.-42

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.-42** वार्ड स्थित भवन/भूमि **D00332** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजेश नायक पिता केशरी लाल नायक** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती एस.के.तिवारी पिता पी.सी.तिवारी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1**

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

-: आम-सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एम.आई.जी. डुप्लेक्स भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **एम.डी.-221 फेस-4** में **श्री अमरजीत कौर पति स्व. श्री मनजीत सिंह** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **5.7.2011** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के दान विक्रय हेतु दिनांक **22.2.2021** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री/श्रीमती जसप्रीत सिंग पिता श्री स्व. मनजीत सिंह** के नाम से दान विक्रय करने के लिए दान विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1**

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

-: आम-सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **एम.आई.जी.-5/54 प्रथम तल** में **श्रीमती अनिता पाण्डेय पति श्री मनोरंजन कुमार पाण्डेय** को स्ववित्तीय/एकमुश्त/ ऑफर आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि. **30.03.2014** को लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्रीमती गीतेश्वरी साहू पति श्री उत्तम सिंह साहू** के पक्ष में दिनांक **25.12.2020** को विक्रय कर दिया।

तद्उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता **श्रीमती गीतेश्वरी साहू पति श्री उत्तम सिंह साहू** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्तिम मान्य नहीं की जावेगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक -10**

अमलीडीह, सामुदायिक भवन, पानी टंकी के पास
Email :- rmczone10@gmail.com

-: ईश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 370/2020-21
वार्ड का नाम - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र.-56

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र.-56** वार्ड स्थित भवन / भूमि **गोल्डन सेन्टर शॉप-608** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती धनेन्द्र सिंह राठौर S/o राजन सिंह राठौर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती सौरभ तिवारी S/o दीपक तिवारी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र / सहमति पत्र / शपथ पत्र / दान पत्र / हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा / बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम / बिना पंजीकृत बंटवारानामा / पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

जोन आयुक्त
जोन क्र. -10
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 3017/नि.प्र.क्र.-17/लो.नि.वि./2020-21 दुर्ग, दिनांक 03.03.2021

**मूल निर्माताओं एवं उनके अधीकृत विक्रेताओं से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदाएं आमंत्रित की जाती है।**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 12.03.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 24.03.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 25.03.2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| (1) T0250 | मदर एण्ड चाईल्ड केयर हॉस्पिटल जिला चिकित्सालय दुर्ग में 13 पैसेंजर लिफ्ट लगाने का कार्य। (Make:- Thyssenkrupp /KONE/Mitsubishi/ Schindler) | 17.64 Lacs | 02 Month 15 days | OEM or their Authorized Dealer |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-87595/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

# विधानसभा में गूंजा हाथी के आतंक का मामला

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



विधानसभा सत्र के नौवें दिन सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने विगत दिवस सारंगढ़ अनुविभाग में जंगली हाथी द्वारा किए गए उत्पात का मामला उठाया और कहा कि जंगल से भटक कर गांव पहुंचे हाथी और उसके शावक ने गत दिवस ग्राम मल्दा थाना कोसीर वृद्ध महिला को पटक कर मार डाला। उसके बाद ग्राम गोड़ीहारी के 21 वर्षीय युवक के टुकड़े टुकड़े कर दिए इन तरह एक सप्ताह तक सारंगढ़ अनुविभाग के कई गांवों में हाथी ने आतंक मचाया मैं मंत्री जी से मांग करती हूं कि दोनों मृतक गरीब परिवार से उनके लिए तत्काल मुआवजा कार्यवाही कर परिवार को राहत प्रदान की जाए। मंत्री मोहम्मद अखबर ने जवाब में कहा कि हाथी के द्वारा किए गए जनहानि मामले में मुआवजे का प्रावधान है मैं अधिकारियों को बोलकर सहायता के साथ साथ मुआवजा के लिए शीघ्र प्रकरण तैयार करने निर्देशित करता हूँ। इस तरह विधायक उत्तरी जांगड़े ने विधानसभा में हाथी के आतंक का मामला उठाया और पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया है साथ ही उनके साथ खड़े रहने की बात भी कही है।

## किरंदुल कोविड केयर सेंटर में सीनियर सिटीजन तथा सीआईएसएफ जवान कोरोना टीका

**किरंदुल।** किरंदुल के कोविड केयर सेंटर में द्वितीय चरण का कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा है।बता दें आज 05 मार्च शु वार को 60 वर्ष से अधिक आयु के सीनियर सिटिजन एवं सीआईएसएफ जवान के कुल 25 लोगों को कोविशील्ड टीका लगाया गया।इस कार्य को डॉ पी एस पटेल,राजेश बेहेरा,पारसमणि मौर्या,संगीता राकेश लाल,चन्द्रकान्ता पटेल द्वारा पूर्ण की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन ने पद्मश्री फुलबासन यादव का महिला दिवस पर किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



बालाजी आई हॉस्पिटल, छत्तीसगढ. ईएनटी केयर हॉस्पिटल, क्रिश्चचन फेलोसिप हॉस्पिटल, डीएनए क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, गांधी नर्सिंग होम, गौतम हेल्थ केयर अम्बागढ़ चौंकी, गौतम नर्सिंग होम मानपुर, जय तुलसी नर्सिंग होम, जीवन रेखा हॉस्पिटल, पारख नर्सिंग होम, राजनांदगांव मेडिसिटी हॉस्पिटल, सांई कृपा हॉस्पिटल, संजीवनी नर्सिंग होम, शारदा हॉस्पिटल, श्रीराम हॉस्पिटल, शुक्ला मल्टी स्पेश्लिटी हॉस्पिटल, स्पर्श चाईल्ड केयर, उद्याचल धर्माथ नेत्र चिकित्सालय, यूनाईटेड हॉस्पिटल।

### 5 लाख से 50 हजार तक मिलेंगे

एसईसीसी सूची में शामिल परिवार, अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्ड धारी परिवारों को 5 लाख रूपए प्रति परिवार एवं शेष अन्य राशनकार्ड धारी परिवारों को 50 हजार रूपए प्रति परिवार को प्रति वर्ष निःशुल्क इलाज पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में मिलेगा। ई-कार्ड (आयुष्मान कार्ड) बनाने के लिए शासन के नियमानुसार अभी किसी भी वार्ड, पंचायत, ग्राम स्तर पर शिविर नहीं लगाया जायेगा। आवश्यकतानुसार मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होते समय मान्यता प्राप्त शासकीय या निजी अस्पताल में ई-कार्ड (आयुष्मान कार्ड) तत्काल बनाया जा सकता हैं।

# 31 तक शत प्रतिशत वसूली के निर्देश, बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

■ नवागत आयुक्त ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम के नवागत आयुक्त अशुतोष चतुर्वेदी ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षकों से परिचय प्राप्त कर सम्पतिकर, जलकर,समेकित कर व दुकान किराया की वसूली के संबंध में जानकारी लेते हुये कहा कि सभी कर्मचारी वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थत 31 मार्च तक सतप्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करे। साथ ही लंबे बकायादारों से टीम के साथ जाकर वसूली की कार्यवाही करे। साथ ही उन्होंने बैठक के माध्यम से करदाताओं से भी राजस्व करों का भुगतान करने की अपील की है।

नवागत आयुक्त चतुर्वेदी ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है इस लिये वसूली में तेजी लाये एवं 31 मार्च तक शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करे। अनुपस्थिति या कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक पर कडी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना दुकान किराया,अटल आवास योजना के किराये वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। जिन कर्मचारियों की वसूली कम है, उन्हें वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही सहायक राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक प्रतिदिन प्रगति प्रतिवेदन राजस्व अधिकारी को देंगे तथा राजस्व अधिकारी वसूली की समीक्षा करेंगे। वसूली के संबंध में उपायुक्त सुदेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि फरवरी माह तक सम्पत्तिकर 65 प्रतिशत एवं दुकान किराये की वसूली 75 प्रतिशत हुयी है। मार्च माह में भी वसूली में तेजी लाई जा रही है। जलकर व समेकित कर की वसूली कम है, उसके लिये भी कडाई की जा रही है। आयुक्त चतुर्वेदी के कहा कि जलकर की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित का नल विच्छेदन करने की कार्यवाही करे।

आयुक्त चतुर्वेदी ने निगम सीमाक्षेत्रान्तर्गत निवासरत भवन एवं भूमि स्वामियों तथा निगम स्वामित्व के दुकानों के किराएदारों से अपने स्वामित्व की भवन व भूमियों के संपत्तिकर,समेकितकर एवं जलकर की सम्पूर्ण बकाया राशि तथा निगम स्वामित्व की दुकानों का सम्पूर्ण बकाया किराया का भुगतान निगम कार्यालय में अनिवार्यतरू जमा कर रसीद प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही लंबे समय से करों का भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायादारों से अपने लंबित करों का भुगतान निर्धारित तिथि 31 मार्च तक करने की अपील की है। बैठक में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक उपस्थित थे।

## खेलकूद का हुआ आयोजन, ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

# गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई, नवजात बच्चों की मुंह जुठाई रस्म भी हुई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कल्लुटोला में 4 मार्च को महिला एवं बाल विकास विभाग छुरिया द्वारा महिला जागृति शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुनेश्वरी साहू सभापति महिला एवं बाल विकास छुरिया तथा अध्यक्षता हौसी लाल साहू सरपंच ने की।

कार्यक्रम की सुरुवात माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। ततपश्चात गीता के द्वारा बच्चों के कुपोषण पर ग्रामीण महिलाओं को समझाते हुए बताई की अपने बच्चे को आंगनबाड़ी में लाकर वजन करवाया करें इससे बच्चों का श्रेणी पता चलेगा कि बच्चे कौन से श्रेणी में है। बच्चे अगर सामान्य श्रेणी में है तो अच्छा है। बच्चा अगर गंभीर कुपोषित श्रेणी में आता है तो चिन्ता करने की स्तिति बन जाती है बच्चे के ऊपर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। सुपरवाइजर रंजीत कुलमित्र ने नोनी सुरक्षा योजना पर बताते हुए कही की यह योजना 1 अप्रेल 2014 से संचालित है। इसका लाभ प्रथम और द्वितीय कन्या पर दिया जाता है। उन्होंने महिला सक्षम योजना के ऊपर बताते हुए कही की इसमें 18 से 50 वर्ष के महिला जो विधवा या परित्यक्ता इस श्रेणी में आ सकते है इसके लिए शासन द्वारा 1 लाख तक लोन दिया जाता है जिससे कुटीर उद्योग या बकरी पालन या कोई भी अन्य धंधे कर सकते है।






सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भुनेश्वरी साहू ने कहा कि आज मुझे खुशी हो रही है कि इस शिविर के माध्यम से मुझे मेरी मन की बात कहने का मौका मिला उन्होंने महिलाओं के उत्थान पर पूरी बात कही उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग छुरिया को भी बधाई दिए जो इस प्रकार की गतिविधिया करते है जो महिलाओं के उत्थान में सहायक होते हैं। सभा को सरपंच हौसी लाल साहू ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि इस तरह कार्यक्रम हमारे गांव में हो रहा है इससे महिलाओ को बल मिलेगा। विशेष अतिथि के अंसादी पर उपस्थित उद्धव ठाकुर व्याख्याता ने महिला उत्थान पर अपनी बात कही उन्होंने देश की पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का उदाहरण देकर कहा महिला कोई भी क्षेत्र में पीछे नही है।

इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का गोदभराई काययक्रम, छोटे बच्चों का मुंह जूठाई का कार्यकम तथा बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महिलाओ की खेल कूद का भी आयोजन रखा गया था जिसमे ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में आस पास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका राधिक ठाकुर, सुखिया मंडावी, लक्ष्मी कतलाम, जामवंती, तामेश्वरी, वंदना, दीपक, बुद्धिमति, फारोज, अनिता ,अनूपा, बिटान, जागृति,ममता इत्यादी उपस्थितथी। कार्यक्रम में आभार व्यक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राधिका ठाकुर ने की।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**

202103090200006/202103090200006

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-6 सन-2020-2021

छुरियाकला (प.ह.नं. 00020)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-**नफीसा मेमन, रूबीना मेमन, नवेद अहमद मेमन,**

अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नफीसा मेमन पति सिद्दकी भाई मेमन, रूबीना मेमन व नवेद अहमद मेमन दोनों पिता सिद्दकी भाई मेमन निवासी- वार्ड नं. 06 छुरियाकला तहसील छुरिया के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 881 में दर्ज खसरा नं. (रकबा) 8/6 (0.1010 हे.), 389/1 (0.3590 हे.), 390 (0.0810 हे.), 391(0.2020 हे.) आवेदिका के पति सिद्दकी भाई मेमन आ. अहमद भाई मेमन के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदिका के पति सिद्दकी भाई मेमन की दिनांक 09.11.2020 को मृत्यु होने के फलस्वरूप उनका नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसों के नाम पर नामांतरण किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 व मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.03.2021 को स्वयं वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.03.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

**शिव कुमार कंवर, तहसीलदार छुरिया**

## क्विक न्यूज

### विकासखंड में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम

**सक्ती।** विकासखंड शक्ति संकुल रगजा के शासकीय प्राथमिक शाला कांदानारा में अंगना मा शिक्षा सह विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का द्वितीय चरण संपन्न हुआ जिसमें रगजा, शक्ति ,सकरेली कला, कांदानारा, टेमर संकुल के शिक्षिकाएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे इस कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी एवं कक्षा पहली के बच्चों के शारीरिक व बौद्धिक विकास का आकलन कर स्कूल पूर्व ही घर के माहौल में खेलकूद के द्वारा दक्षता को प्राप्त करना है भाषा व गणितीय क्षमताओं के जांच के लिए 9 काउंटर का निर्माण कर कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें माताओं को उनके बच्चों की योग्यताओं से अवगत कराया गया इस कार्यक्रम प्रशिक्षण की प्रभारी मीरा देवांगन, नीरा साहू एवं जयंती खमारी जिन्होंने संभाग स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी संकुल से आए शिक्षिका वालेंटियर्स के रूप में विशेष योगदान रहा इस कार्यक्रम में पांच संकुल एवं कांदानारा के सरपंच उपसरपंच एबीओ शैलेष देवांगन, संकुल ,संगीता राठिया एवं सभी संकुल से आए शिक्षक शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

# बच्चों में गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूकता फैला रही है अंकिता मासूम बच्चों के बचपन को बचाना मुख्य उद्देश्य

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




अगर इंसान किसी काम को सच्चे दिल से करना चाहे तो ईश्वर भी उसकी उस काम के लिए रहनुमाई करता है। ऐसा ही कुछ कर गुजरने की इच्छा शक्ति लिए अंकिता पाण्डेय शुक्ला और उनकी टीम सैकड़ों मासूम बच्चों की जिन्दगी व उनके बचपन को सुरक्षित रखने का काम कर रही है।

जो शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण और सुदूर अंचल में जाकर उन गरीब बच्चों को गुड टच और बैड टच के सम्बन्ध में जागरूक कर रही है यह मासूम शायद इस बारे में भी नहीं जानते और असामाजिक तत्व तथा घिनोनी मानसिकता वालों का शिकार हो जाते हैं। ऐसे मासूम बच्चों के पास जाकर अंकिता और इनकी टीम बाल और यौन अपराधों से बचने व इसे पहचानने की शिक्षा निरंतर दे रहीं हैं। अंकिता बताती हैं कि, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जरूरतमंदों की सहायता करो, बच्चों को पोषण आहार दो, कपड़े दो, जैसे कार्य तो अक्सर ही लोग करते रहते हैं। लेकिन, समाज में बढ़ रहे बाल अपराध और यौन शोषण के खिलाफ बहुत कम लोग ही हैं जो कार्य कर रहे हैं। कई बार ऐसा होता है कि, कुछ मासूम बच्चे ऐसे होते हैं जिन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका यौन शोषण हो रहा है।

जागरूकता के अभाव में बच्चे इसका शिकार हो रहे हैं। आज के इस दौर में सिर्फ लड़की ही नहीं, बल्कि मासूम लड़के भी इसका शिकार हो रहे हैं। अंकिता व उनकी अपनी टीम मिलकर मार्मिक चेतना नाम से एक संस्था भी चला रहे हैं जो शहर के अलावा दूर ग्रामीण अंचलों के बच्चों को बाल अपराध की शिक्षा दे रहे हैं। कुछ ही समय के भीतर सैकड़ों स्कूलों, आंगनबड़ियों में जाकर सैकड़ों मासूम बच्चों को बाल और यौन अपराधों से बचने के लिए जागरूक कर उनके बचपन को बचाने व संवारने का काम अंकिता व उनकी टीम कर रही है। अंकिता हर सप्ताह झुग्गी क्षेत्र में जाकर वहाँ के स्कूलों में, आंगनबाड़ी केन्द्रों में, गली-मोहल्लों में मिलने वाले 3 साल से 14 तक के बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी देती हैं। इसके अलावा पोस्टर व चार्ट के माध्यम से बच्चों को बाल अपराध की बातें बताती हैं।

### माता-पिता, बहन व पति करते हैं पूरा सपोर्ट

इस सरहनीय कार्य को करते समय अंकिता को कई तरह की दिक्क तों का भी सामना करना पड़ता है, लेकिन उनके बुलंद हौसलों के अलावा उनकी माता सूर्यकांता, पिता भचेंद्र पाण्डेय, बहन अजिता पाण्डेय और पति अनुभव शुक्ला के द्वारा उन्हें लगातार प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। परिवार हर विपरीत परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहता है। इसके अलावा उनके ससुरालवाले और उनकी टीम में शामिल नीरज गेमनानी, नेहा तिवारी, प्रकाश झा व अन्य लोग उनका हर कदम में साथ देते हैं।

**फील्ड वर्क से मिली प्रेरणा-** अंकिता की माने तो जब वे एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई कर रहीं थीं, तब उन्हें फील्ड वर्क के लिए कोनी क्षेत्र के रमतला गाँव में ले जाया गया था. वहां करीब 200 बच्चे को नशामुक्ति के लिए जागरूक किया गया। जिसके बाद उन्हें इस बात का अहसास हुआ कि नशामुक्ति के अलावा बच्चों को यौन शोषण जैसे अपराधों के प्रति भी जागरूक करने की भी जरूरत है।

**ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता-** अंकिता बताती हैं कि, शहर में तरह-तरह की सुविधाएं इत्यादि के अलावा आधुनिक शिक्षा के चलते शहर में रहने वाले बच्चे काफी हद तक यौन अपराधों के प्रति जागरूक रहते हैं, इसके अलावा कई सामाजिक संगठन भी इस ओर काम कर रहे हैं।लेकिन, ग्रामीण अंचल के बच्चे कई तरह की सुविधाओं से वंचित रहते हैं। जिसके चलते उन्हें इस तरह के अपराधों के बारे में पूरी तरह जानकारी नहीं होती है, इस वजह से वे और उनकी टीम ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों पर विशेष ध्यान देते हैं।

**गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने में भी जुटीं-** अंकिता पाण्डेय शुक्ला और उनकी मार्मिक चेतना की टीम केवल बाल अपराध रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि ये लोग गरीब, असहाय और विकलागों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का भी काम कर रहे हैं।

# रेत खदान शुरू करने जल्द करें कार्रवाई- कलेक्टर

### कलेक्टर ने ली खनिज, पर्यावरण व उद्योग विभाग की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ रेत के बढ़ते दामों को देखते हुए कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के सभी रेत खदानों की नीलामी और उसे जल्द शुरू कराने के निर्देश खनिज विभाग को दिए हैं। इसी तरह जिले के उद्योगों को एनजीटी के नियमों के अक्षरशरू पालन कराने तथा उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर भीम सिंह ने पर्यावरण, उद्योग व खनिज अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने अपने कक्ष में खनिज, उद्योग व पर्यावरण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले शासन द्वारा खनिज से मिलने वाले राजस्व वसूली संबंधित एजेंडा पर चर्चा की। खनिज विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि शासन द्वारा खनिज व गौण खनिज, खनिज की अवैध परिवहन आदि से संबंधित दिये लक्ष्य के विरूद्ध वसूली की जानकारी दी गई। इस पर कलेक्टर ने वसूली बहुत कम होने की बात कहते हुए वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के तहत वसूली पर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रेत खदान की नीलामी के संबंध में जानकारी ली। खनिज के अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्तमान में 9 खदान से रेत खनन कार्य चल रहा है। इसी तरह अन्य खदानों की नीलामी की गई, जिसमें इन्वायरमेंट संबंधित क्लीयरेंस प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर ने कहा कि रेत खदानों की संख्या कम होने के कारण इसके रेट बढ़ने और आम जनता को परेशानी होती है। इसलिए जिले में सभी रेत खदान शुरू होने चाहिए। इससे लोगों को कम दर पर रेत उपलब्ध होगा। कलेक्टर ने जिले के प्रस्तावित सभी रेत खदान को शुरू करने प्रक्रिया करने के निर्देश खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए।

# नेशनल बाईपास रोड में दो महिलाओं की हत्या

■ **पुलिस को संदेह, महिलाओं का संबंध देह व्यापार से जुड़ा हो सकता है ?**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रतनपुर में शनिवार सुबह फिर दो महिलाओं की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है बाईपास रोड पर ठीक उसी जगह महिलाओं की लाश मिली है जहां कुछ समय पहले संदीप कहरा की हत्या हुई थी देखने से पता चल रहा है इन दोनों महिलाओं की भी हत्या की गई है जिन्हें हत्या के बाद खैर खुण्डी पहाड़ के गड्ढे में छुपा दिया गया था। शनिवार सुबह आसपास के लोगों ने महिलाओं की लाश देखी जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई मौके पर पुलिस पहुंची तो वही लोगों की भीड़ जुटी थी बताया जाता है कि बाईपास रोड निर्माण के साथ यहां बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही आरंभ हुई है तब से यहां अवैध जुआ सट्टा अवैध शराब के साथ देह व्यापार भी खूब फल-फूल रहा है संदीप काहरा की हत्या भी इसी वजह से हुई होगी पुलिस अभी संदीप कहरा कि हत्या की गुत्थी सुलझा भी नहीं पाई थी।

कि इन दो महिलाओं की लाश मिलने से पुलिस की मुश्किलें और बढ़ गई हैं शुरुआती जांच में महिलाओं की पहचान नहीं हो पाई है लोगों का कहना है कि दोनों महिलाएं इस क्षेत्र की नहीं है तो वहीं महिलाओं के आसपास टॉर्च बैग कंबल और कुछ कपड़े भी मिले हैं पुलिस को भी संदेह है कि महिलाओं का संबंध देह व्यापार से जु?ा हो सकता है तो वहीं पुलिस महिलाओं की पहचान शिनाख्त में जुटी हुई है रतनपुर पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती है बाईपास रोड पर लगातार अपराधिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं जिस कारण एक के बाद एक हत्या भी हो रही है।

फिलहाल पुलिस इस अंधे कत्ल को लेकर सुराग तलाशने में जुटी है मौके पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्कॉट भी बुलाया गया है बताया जा रहा है कि 2 महिलाओं में से एक लाल खदान बिलासपुर की रहने वाली है, अभी कुछ दिन पहले ही किसी अज्ञात वाहन ने ड्यूटी पर जा रहे हैं गार्ड को कुचला था। नेशनल हाईवे रोड पर सीसीटीवी कैमरा ना होने की वजह से कई ऐसे अज्ञात वाहन लोगों को कुचलकर निकल जाते हैं इसलिए सरकार को नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी कैमरा लगवाना चाहिए जिसके वजह से नेशनल हाईवे पर होने वाली दुर्घटना के बारे में पता लगाया जा सके लगातार देखा जाता है कि बड़ी गाड़ियों के नीचे आकर कई बेगुनाह जिंदगियां उजड़ जाती हैं इसके लिए सरकार को जल्द से जल्द नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी कैमरा लगाना चाहिए।

# जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली व जिला कांग्रेस अजा का धरना प्रदर्शन, केंद्र सरकार को जमकर कोसे

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



देश में बढ़ते पेट्रोल डीजल के दामों के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली अजा विभाग द्वारा मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर सिंह बैस व अध्यक्ष जिला अ. जा. कांग्रेस मुंगेली रेखचंद कोसले के सयुंक्त तत्वावधान में मूँगेली बिलासपुर के मुख्य मार्ग कस्तूरी पेट्रोल पंप के पास किया गया इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर सिंह बैस ने कहा कि पूरे देश मे पेट्रोल डीजल के कीमत आसमान छू रही है बढ़ती महंगाई के कारण लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हम सबको एक जुट होकर केंद्र सरकार की नाकामयाबियों को आगे लाना होगा महंगाई और बेरोजगारी का आंकड़ा काफी ऊपर जा रहा है ये सब केंद्र सरकार की लापरवाही का नतीजा है भारत देश मे जो इकाई लाभ में चल रही है उसे अंबानियों को बेचने का प्रयास कर उन्हें लाभ पहुचाने का प्रयत्न किया जा रहा है। अध्यक्ष जिला अ. जा. कांग्रेस मुंगेली रेखचंद कोसले ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी की सरकार आज पेट्रोल डीजल की कीमत को बढ़ाकर लोगो की कमर तोड़ रही है डीजल की बढ़ती कीमत से किसान है आम जनता महंगाई की मार झेल रहे है हम सबको मिलकर भाजपा की सरकार को उखाड़कर फेकना होगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक चन्द्रभान बारमते, चुरावन मंगेशकर, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मायारानी सिंह, पूर्व नगर पालिका मूँगेली अध्यक्ष सावित्री सोनी, सेवादल अध्यक्ष दिलीप बंजारा, मुंगेली ग्रामीण अध्यक्ष लोकराम साहू, जरहागाव ब्लाक अध्यक्ष रामचन्द साहू, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललिता सोनी ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

# खिलौने और आकर्षक शिक्षण सामग्री से बच्चों में शिक्षा का बीजारोपण करती शिक्षिका स्वाति पांडेय

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोविड-19 के आने से सबसे ज्यादा बुरा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ा है। लगभग पूरे साल स्कूल का संचालन बंद रहा राज्य सरकार द्वारा आयोजित पढ़ाई तुहर दुवार के माध्यम से शिक्षा जारी रही इन क्लासेस में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए कई नवाचार किए गए जिसका उद्देश्य यही रहा कि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन क्लास में शामिल कर सके। ऐसे में शिक्षिका श्रीमती स्वाति पांडेय के द्वारा लगातार ऑनलाइन क्लासेस ली गई । किन्तु कुछ विद्यार्थियों के पास मोबाइल की सुविधा न हो पाने के कारण मैं ऑनलाइन क्लास में शामिल नहीं हो पा रहे थे। कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए स्वाति ने बच्चों के घर-घर जाकर संपर्क किया एवं जिन बच्चों के पास मोबाइल की सुविधा नहीं थी उन्हें ऑफलाइन मोहल्ला क्लास में आने के लिए प्रेरित किया उल्लेखनीय है कि इसके साथ ही बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार नए नए प्रयास करती रही है। इन प्रयासों से इनकी ऑफलाइन क्लासेस में एवं ऑनलाइन क्लासेस में विद्यार्थी शामिल होते रहे। हाल ही में अभी उनके द्वारा बच्चों को नवाचार के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है जिसमें ऑगमेंटेड रियलिटी, टॉय पेडगॉजी टी एल एम का उपयोग कर मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। इस प्रकार स्वाति पांडे ने नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से अन्य शिक्षकों के लिए आदर्श प्रस्तुत कर रही हैं की कोरोना महामारी में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन किस तरह किया जा सकता है वहीं इनके इस प्रयासों के लिए इन्हें कई सामानों से नवाजा गया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत टॉय पेडगॉजी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें कहानी लेखन में उन्हें जिला स्तर पर प्रथम स्थान एव टॉय पेडगॉजी पपर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ था। उनके इस कार्य की प्रशंसा जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज, जिला मिशन समन्वय वी.पी सिंह , पढ़ाई तुहर दुवार के नोडल दिव्य सर एवं रोहरा समन्वयक जिलाराम यादव के द्वारा की गई।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष एक खाता नारी शक्ति के नाम

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2021 के अवसर पर एक खाता नारी शक्ति के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 8 मार्च को अधिक से अधिक महिलाओं का एसबी, आरडी, टीडी, पीपीएफ, एमआईएस, एससीएसएस व एसएसए खाता खोला जाएगा।

प्रधान डाकघर रायगढ़ में महिलाओं के नये खाते खोलने के लिए विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रधान डाकघर रायगढ़ में डाक टिकट के साथ स्वयं की फोटो छपवाने की सुविधा माय स्टाम्प के रूप में उपलब्ध है। 12 स्टाम्प की एक शीट 300 रुपए में छपवा सकते हैं। डाकघर के अधीक्षक ने लोगों से आग्रह किया है कि अपने परिवार के बालिकाओं, महिलाओं के सम्मान में उनके नाम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को कम से कम एक खाता नजदीकी डाकघर में अवश्य खुलवायें एवं माय स्टाम्प छपवाकर उन्हें सम्मानित करें।

# देर रात शहर के बार-पब में पुलिस का रेड, शराब के नशे में झूमते मिले युवक-युवतियां

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नशे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान जैसे ही भू-माफियाओं की तरफ पलटा तो शहर में फिर नशा उफान पर आ गया। रात को बिलासपुर पुलिस ने इलाके के सभी पबों पर दबिश दी। कुछ पब व बार ये तय समय के दो घंटे बाद भी चालू मिले। वही पुलिस सूत्रों की माने तो शहर के कुछ रसूखदार जो बार संचालक है उनके कुछ गरीबी पुलिस अधिकारी कार्रवाई होने के पहले ही उनको बता देते है जिससे पुलिस औपचारिता निभा कर खाली हाथ वापस लौट आती है,यही हाल शहर में चल रहे हुक्का पार्लर का है ।

शनिवार होने के चलते रात को कोतवाली सीएसपी निमेष की टीम शहर के सभी पबों पर कार्रवाई के लिए पहुंची। सबसे खास बात कि रात 11 बजे भी पबों में युवक-युवतियां शराब पीते व नाचते हुए देखे गए। जब पुलिस ने उन्हें घर जाने को कहा तो नजरअंदाज करने लगे। मानों रात को भी देर नहीं हुई और उन्हें घर जाने की जल्दी नहीं थी। कुछ पबों में नशा कर रहे युवकों को समझाइस देकर घर भेजा गया, रविवार को भी पुलिस इसी तरह की कार्रवाई करने की बात कह रही थी। कल रात को पुलिस ने सिर्फ समझाइश देकर नशेडियों को रवाना कर दिया। छापेमार कार्रवाई में प्लेटिनम बार महाराणा प्रताप चौक एमिगोस लिंकरोड रात 11 बजे के बाद भी खुले मिले, वही भूगोल बार नटराज बार ब्लैक बैरी बार हेवेन्स बार बंद मिले। बार-बार कार्रवाई, फिर भी बेधड़क हो रहे गुलजार - पुलिस अफसर व थानेदार हुक्का बार में लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

इस दौरान बार संचालक व उनके मैनेजर के खिलाफ कोटापा अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की जा रही है। फिर भी शहर के हुक्का बार देर रात तक गुलजार हो रहे हैं। बार संचालकों में पुलिस का खौफ ही नहीं है।

## ग्रामीणों को मिली छ.ग. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

# रतनपुर माघी मेला में लगी फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के रतनपुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले माघी मेला में आज से जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित छाया प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ। मेले में आए ग्रामीणों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। शिविर में छ.ग. शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन, बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के, संबल किसान गाईड लाईन सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण किया गया, जिसकी नागरिकों ने काफी सराहना की । शिविर में आए उपकार साहू, साहिल खान, कुलदीप साहू, अजय कुमार, कौशिल्या साहू एवं अन्य लोगों में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी शिविर में ली। उल्लेखनीय है कि छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से छ.ग. शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी के क्रियान्वयन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी न्याय योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान सहित कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है।



### आगामी शिविर की तिथियां

06 मार्च को रतनपुर माघी मेला, 08 मार्च को बेलपान, 09 मार्च को ग्राम पंचायत बीजा, 10 मार्च को ग्राम पंचायत पटैता, 12 मार्च को ग्राम पंचायत बारीडीह, 13 मार्च को ग्राम पंचायत भैंसाझार, 15 मार्च को ग्राम पंचायत सेलर, 16 मार्च को ग्राम पंचायत पचपेड़ी, 17 मार्च को ग्राम पंचायत सागर, 18 मार्च को ग्राम पंचायत अमने, 19 मार्च को पौंसरी, 20 मार्च को झिंगटपुर, 22 मार्च को पंधी, 23 मार्च को हरदीकला, 24 मार्च को नगोई, 25 मार्च को लमेर, 26 मार्च को मस्तूरी एवं 31 मार्च को ग्राम पंचायत जुहली में लगने वाले हॉट बाजार में छाया प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया जायेगा



# कलेक्टर एल्मा ने किया विकास खण्ड पथरिया के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा ने कल 04 मार्च को जिले के विकास खण्ड पथरिया के ग्राम पेन्ड्री, सिलतरा, भठली, रोहरा, सावा, सकेरी, नारायणपुर और पथरगढ़ी का दौरा कर वहां संचालित विकास और निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होने उक्त ग्रामों दौरा करते हुए राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत स्थापित गोठानों के निरीक्षण किया। उन्होने गोठानों में पशुधन के लिए पेयजल की व्यवस्था, चारागाह विकास, सौर सूजला योजना के तहत सोलर पंप, फैसिंग, शेड निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट टॉका और वर्मी कम्पोस्ट खाद का अवलोकन किया। इसी तरह उन्होने गोठानों के कार्य में संलग्न स्व सहायता समूह की महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा कि गोबर को गोधन बनाने के लिए गोधन न्याय योजना लागू की गई है। योजना के कियान्वयन से लोगों को आर्थिक लाभ हो रहा है और वे आत्म निर्भर की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होने स्व सहायता समूह की महिलाओं को रूचि लेकर कार्य करने का बात कहीं। इस अवसर पर उन्होने ग्रामीणों से उचित मूल्य दुकानों से राशन की उपलब्धता, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंषन, आयुष्मान कार्ड और कोविड-19 टीकाकरण के के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि कोविड-19 के सं मण से बचाव एवं रोकथाम के लिए टीकाकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति यों को भी टीका लगाया जा रहा है। इसके साथ ही 45 वर्ष से 59 वर्ष तक के आयु वाले व्यक्ति यों जिन्हे कोई दूसरी गंभीर बीमारी भी है, को भी वैक्सीन लगना प्रारंभ हो गया है। टीकाकरण चिन्हाकित सभी शासकीय चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क किया जा रहा है। उन्होने ग्रामीणों को भी वैक्सीन लगाने की सलाह दी।

इसी तरह उन्होने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना और डॉ. खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत एसईसीसी तथा उपलब्ध राषन कार्ड के आधार पर पात्रतानुसार हितग्राहियों को वर्ष में 50 हजार एवं 5 लाख रूपये तक की चिकित्सा हेतु सहायता प्रदान करने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। आयुष्मान कार्ड 31 मार्च तक बनाये जाएंगे। अतः उन्होने 31 मार्च तक आयुष्मान कार्ड बनवाने के समझाईष दी।

# जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन, मंत्री अनिला हुई शामिल

## सुपोषण कीट व जच्चा-बच्चा कीट का किया गया वितरण

**पायनियर संवाददाता ◄ बालोद**
www.dailypioneer.com




जिले के डौंडीलोहारा नगर में 8 मार्च को होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर 2 दिन पहले ही जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री भेड़िया ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण हैं। महिलाएं सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बेहतरी के लिए राज्य शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में कुपोषण दूर करने मुख्यमंत्री सुपोषण योजना शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य व मजबूत होगा तो प्रदेश व देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सुराजी गॉव योजना के तहत गौठानों में महिला स्वसहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है। राज्य में महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त किए जाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा महिला स्व सहायता समूहों को आसान शर्तों पर ऋ ण उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर को संसदीय सचिव एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं कलेक्टर जनमेजय महोबे ने भी संबोधित किया। मंत्री अनिला भेंडिया ने शिविर में छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना अंतर्गत दस महिला स्वसहायता समूह को ऋण स्वीकृति की राशि का चेक प्रदान किया। गर्भवती माताओं की गोद भराई संस्कार हेतु सुपोषण कीट व ग्यारह महिलाओं को जच्चा-बच्चा कीट का वितरण किया गया। मंत्री भेंडिया ने जिले में सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने शिविर स्थल पर लगाए गए ''बालोद बाजार'' स्टाल का भी निरीक्षण कर विक्रय किए जा रहे स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत सदस्य बसंती बाला भेंडिया, होरीलाल रावटे सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, एसडीएम ऋ षिकेश तिवारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी हरिकीर्तन राठौर व अन्य अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद थी।

**शासन की योजनाओ से जुड़कर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भरः महोबे**

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि छग शासन की महत्वकांक्षी योजना से जिले भर में 150 से अधिक गौठान बनाये गए हैं। जहां जिले की स्व सहायता समूह की महिलाएं गौठानो के माध्यम से आत्मनिर्भर, आर्थिक सामाजिक तथा राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त हो रही है। महिलाएं बहुत सक्रियता से काम कर रही हैं।

# अभय कंस्ट्रक्शन की मनोरा-खरसोता सड़क साइट पर पहुंचे 15 हथियार बंद दहशतगर्द

## दहशत में 1 किमी बैक गियर में ऑपरेटर ने दौड़ाया निर्माण में लगी ग्रेडर मशीन



**एसएसपी से शिकायत**

**वाहिद खान ◄ जशपुर/मनोरा**
www.dailypioneer.com

**पायनियर एक्सक्लूसिव**

जिले के मनोरा विकासखंड मुख्यालय से खरसोता होते हुए ग्राम पंचायत डड़गांव तक 10 किमी तक निर्माणाधीन सड़क पर काम किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने साइट पर काम कर रहे मजदूरों के पास गुरूवार की शाम 15 हथियार बंद दहशतगर्दों के पहुंचने की खबर है। सड़क का निर्माण करा रही अभय कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से घटना की शिकायत एसपी बालाजी राव सोमावार से की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत खरसोता और ग्राम पंचायत डड़गांव सड़क के बीच स्थित हाथी लंघना पुलिया के पास 15 नकाबपोश हथियार बंद पहुंचे और सड़क निर्माण पर लगी ग्रेडर मशीन के ऑपरेटर को हाथ देकर रोकने लगे। उसी दौरान वहां से जशपुर से मनोरा होते हुए गुमला जाने वाली शमीम बस पहुंची जिसके बाद ग्रेडर ऑपरेटर वहां से मशीन लेकर भागने में सफल हुआ और बड़ी घटना टल गई।

### 2 सड़क पर थे 13 ने घेरा था

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सड़क निर्माण पर लगे एक कर्मचारी ने बताया कि गुरूवार की शाम लगभग 6 बजे 15 हथियार बंद पहुंचे जिसमें से 2 सड़क के दोनों किनारे पर खड़े होकर मशीन को रोकने के इरादे से हाथ दे रहे थे। वहीं 13 हथियार बंद नकाबपोश पुलिया के नीचे खड़े होकर मोर्चा में मुस्तैद थे।

### शमीम बस ने टाला हादसा

नकाबपोश दहशतगर्द हथियार बंद लोगों के द्वारा जब मशीन को रोकने के लिए हाथ दिया जा रहा था उसी दौरान वहां से गुमला के लिए जा रही शमीम बस तेजी से निकली। और इसी दौरान ग्रेडर चालक ने मौका पाते ही मशीन को बैक गियर लगाकर 1 किलोमीटर तक पीछे से चलाया और वहां से भागने का प्रयास किया। उसे भागता देख नकाबपोश उसे घेरने की तैयारी कर रहे थे। वह वहां से अपने साथियों के पास पहुंचा और ग्रेडर छोड़कर बाइक में सवार होकर खरसोता ग्राम की ओर भाग गया। शमीम बस के आने से मशीन चालक को भागने का अवसर मिला।

### क्षेत्र में बढ़ा दी गई गश्ती

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सबसे पहले मनोरा चौकी क्षेत्र में रहे रही सीआरपीएफ-81वीं बटालियन के जवान पहुंचे और मोर्चा संभाला। उन्होंने आसपास गश्ती की तबतक दहशतगर्द वहां से भाग निकले थे। गुरूवार के साथ ही शुक्रवार को भी इलाके में गश्त किया गया।

> अभय कंस्ट्रक्शन की ओर से उनके मनोरा से डड़गांव सड़क साइट पर हथियार बंद लोगों के आने की सूचना देकर लिखित शिकायत की गई है। मामले की जांच की जा रही है और गश्त बढ़ा दी गई है। फिलहाल उक्त इलाके में किसी नक्सली संगठन के मूवमेंट की कोई जानकारी नहीं मिली है।
>
> **बालाजी राव सोमावार,** एसएसपी जशपुर

# समय के साथ नित नया रूप ले रहा कुरुद का खेल मेला मैदान

**पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद**
www.dailypioneer.com




पिछले काफी समय से कुरुद का काफी पुराना पारंपरिक खेल मेला मैदान समय के साथ नित नया रूप ले रहा है। कुरुद क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में पिछले दिनों इस स्थान पर राज्य स्तर की ड्यूज्र बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ था,जिसकी सभी ने तारीफ की थी। तब से लेकर अब तक इस मैदान में काफी बदलाव नजर आया है।

पहले जहां इस मैदान में असामाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न तरीकों से मैदान को खराब करने की शिकायत देखी जाती थी,वहीं आज ग्राउंड को रोज अलग-अलग ढंग से सजाया-संवारा जा रहा है।मैदान के चारो ओर रंग-रोगन किया गया है,पूरे मैदान की फील्ड व पिच पर प्रतिदिन पानी देने से इसमे हराभरा रूप निर्मित हो रहा है। मैदान के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनो गेटों में तालेबंदी की गई है,ताकि कोई असामाजिक व्यक्ति प्रवेश कर मैदान को खराब न कर सके,वहीं आवश्यकता पड़ने पर मैदान के एक छोर का छोटा गेट जो कि पूर्व खिलाड़ी राजु रात्रे व यूनिक सॉल्यूशन से होकर गुजरता है वह खुला रहता है ताकि जरूरी होने पर आवाजाही में इसका प्रयोग किया जा सके। कुरुद क्रिकेट अकादमी के संरक्षक तपन चन्द्राकर व वरिष्ठ खिलाड़ी संजय ध्रुव ने बताया कि हमने पिछले कई महीनों से इस मैदान को नए-नए ढंग से सजाने-सवारने का कार्य किया है। प्रतिदिन सुबह व शाम को जूनियर खिलाड़ी यहां प्रैक्टिस करते है । यह मैदान कुरुद के खेल इतिहास में अनमोल यादों को संजोए है।इसके अतीत में ऐतिहासिक पल है जिसने नगर को होनहार खिलाड़ी दिए है।आज के नए जनरेशन के बच्चे इन्ही के नक्शे कदम पर चलते हुए इस मैदान में अपना सुनहरा भविष्य संजो रहे है।खिलाड़ियों के रुकने के लिए भवन निर्माण एवं मैदान को बड़ा करने पर विचार किया जा रहा है,आने वाले वर्षों में यहां अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।इस मैदान में दो खिलाड़ियों का अभी सीपीएल कैंप के लिए चयन हुआ है आगे भीं यहाँ के युवा कुरुद का नाम रौशन करेगे। मैदान में प्रतिदिन सुबह के समय आरएसएस शाखा से जुड़े लोग अपने नित्य क्रियाकलापों के लिए यहां आते है,उन्होंने भी इस मैदान के नए लेते इस रूप की तारीफ की है।ध्रुव ने सभी खेलप्रेमियों व नगर के सम्मानीय जनो से अपील की है कि इस मैदान को साफ-सुंदर व स्वच्छ बनाने तथा खेल से जुड़ी एक्टिविटी को यहां विकसित करने में सहयोग देते रहे।

# बेवजह युवक को धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया, मामला दर्ज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री अमृत मिशन योजना के अंतर्गत सुपरवाईजर का काम करने वाले युवक को बेवजह बाईक चालक ने धारदार औजार से गाल पर मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट सिविलिलाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 06 कमल विहार रायपुर निवासी सन्नी कुमार पटेल 21 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी प्रधानमंत्री अमृत मिशन योजना के अंतर्गत सुपरवाईजर का काम करता है। 5 मार्च 2021 को पुराना शांति नगर रायपुर एकता अस्पताल के पास अपने मजदूरो से काम करा रहा था करीबन दोपहर 03.30 बजे पीछे से एक मोटरसाइकिल चालक बाईक से ठोकर मारते हुये आगे चले गए। जिस पर प्रार्थी चुप रहा इसके बावजूद भी बाईक में सवार दोनों व्यक्ति बेवजह गाली-गलौच कर वापस आकर मोटर चालक ने गाली-गलौच करते हुये अपने पास रखे नुकीले औजार को लहराकर गाल में वारकर चोट पहुचांया। आस-पास के लोग मारपीट करने वाले का नाम जगमोहन पटेल बता रहे है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामले में धारा 25,27,294,323,506 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# न्यायालय परिसर से पुलिस को धक्का देकर कैदी फरार

**रायपुर।** न्यायालय परिसर से कैदी पुलिस को धक्का देकर हडकड़ी सहित भाग गया। घटना की शिकायत सिविललाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना आरंग से एनडीपीएस 20 बी के आरोपी को गिरफ्तार कर आरंग पुलिस रायपुर न्यायालय में पेश करने लायी थी। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी विनोद कुमार साहु 30 वर्ष पिता कृष्ण कुमार साहु आरक्षक राजूलालन चंद्राकर 31 वर्ष को न्यायालय परिसर में 5 मार्च 2021 को दोपहर 4 बजे धक्का देकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर सिविललाईन पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 224 के तहत अपराध कायम कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# युवती का पर्स छीनकर भागा चोर,पर्स में रखा था 15 हजार रुपये नगद व एटीएम

**रायपुर।** पैदल आ रही युवती का पर्स छीनकर चोर भाग गया। घटना की शिकायत सिविललाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सकुन होटल के पीछे संतोषीनगर निवासी नीतू दर्गुा 30 वर्ष पिता गोपाल दुर्गा ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि पीड़िता फिजियोथैरेपी का काम करती है। 3 मार्च 2021 को रात्रि आनंद तिवारी के यहां शैलेन्द्रनगर से फिजियोथैरेपी करके वापस आ रही थी तभी पीछे से आकर कोई अज्ञात चोर रात्रि 8.45 बजे हैण्ड पर्स जिसमें 15 हजार रुपये नगदी एवं एटीएम कार्ड,आधार कार्ड रखी थी छीनकर भाग गया। घटना की शिकायत 5 मार्च को सिविल लाईन थाने में दर्ज करायी है। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## निधन

### रविन्द्र पाण्डेय



**रायपुर।** आजाद चौक, ब्राम्हण पारा निवासी रविन्द्र पाण्डेय, बरोण्डा वाले का शुक्रवार की देर रात 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लखन लाल पाण्डेय के पुत्र, वेदांग और देवांशु के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया।

# 'स्ट्रीट फॉर पीपल चैलेंज' स्पर्धा के अंतर्गत वर्किंग ऑडिट 8 मार्च को

**रायपुर।** आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के ''स्ट्रीट फॉर पीपल÷चैलेंज के अंतर्गत आम लोगों के साथ अपनी कार्य योजना साझा करने रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा 8 मार्च को वर्किंग ऑडिट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अभियंता और प्रोजेक्ट सलाहकार शहर के नागरिकों के साथ प्रोजेक्ट संबंधी जानकारियां साझा करेंगे। इस हेतु रायपुर स्मार्ट सिटी कि तकनीकी टीम दोपहर 12 बजे ऑक्सीजोन स्मार्ट रोड, 12:30 बजे मालवीय रोड व गोल बाजार, एक बजे यूथ हब, 1:30 बजे घ?ी चौक और 2 बजे बू?तालाब पहुँचेगी।

# मुख्यमंत्री के नामकरण किए जाने को लेकर सर्वसमाज खड़ा हुआ विरोध में

**पायनियर संवाददाता ◄ नगरी**
www.dailypioneer.com



शासन की मंशा के अनरूप राज्य के समस्त शासकीय विद्यालयों/महाविद्यालयों का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/ शहीदों के नाम पर रखे जाने हेतु पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से सिहावा क्षेत्र के ख्याति प्राप्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.श्याम लाल सोम के नाम पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी,जिला धमतरी के नाम पर नामकरण करने अवगत कराया था तथा जिस पर लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. रायपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी द्वारा भी नामकरण करने बाबत कार्यवाही किया जा रहा था,किन्तु खेद का विषय है कि मुख्यमंत्री द्वारा 27/फर2021 दिन शनिवार को कर्णेश्वर मेला के अवसर पर क्षेत्र की जनभावनाओं को ध्यान में ना रखकर तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वरिष्ठता की अस्मिता को भी ध्यान में ना रखकर एक व्यापारी को जो राजनैतिक शहीद का दर्जा दिया जाकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी,जिला-धमतरी का नामकरण अभिषेक गोलछा के नाम पर करने की घोषणा किया गया है। जो क्षेत्र की सर्व समाज की जन भावनाओं के खिलाफ है। अतः मुख्यमंत्री के उक्त घोषणा का हम छ.ग. सर्व समाज तहसील नगरी पर जोर से विरोध दर्ज कराते हुए यह मांग करते हैं कि क्षेत्र की समस्त शासकीय विद्यालयों/महाविद्यालयों एवं शासकीय प्रतिष्ठानों का नामकरण करने संलग्न सूची में शामिल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/शहीदों के नाम पर करने को जन भावना अनुसार वरीयता दिया जावे। तथा यह भी मांग करते हैं, कि क्षेत्र की समस्त शासकीय विद्यालयों/महाविद्यालयों एवं शासकीय प्रतिष्ठानों का नामकरण करने गैर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/शहीदों के नाम पर करने की प्रकिया को अशुद्ध करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। उस पर रोक लगायी जावें। अतः शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी,जिला-धमतरी का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.श्याम लाल सोम के नाम पर नामकरण करने की कार्यवाही करने की कृपा करेंगे ताकि छ.ग. सर्व समाज तहसील नगरी की जन भावना आहत ना हो सके अन्यथा कि स्थिति में क्षेत्र की जनता जन आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी । उपस्थित उमेश देव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, सहदेव साहू अध्यक्ष साहू समाज, श्रवण नाग अध्यक्ष हल्बा समाज,दीपेश निषाद उपाध्यक्ष निषाद समाज सिहावा क्षेत्र, रामलाल श्रीमाली वरिष्ठ नागरिक, दुलचंद गौर वरिष्ठ नागरिक, दिनेश सोम सचिव हल्बा समाज,योगेंद्र गौर कोषाध्यक्ष, ऋ षिराज कंचन वरिष्ठ नागरिक, मुनेश्वर ठाकुर वरिष्ठ नागरिक, शेष सोम वरिष्ठ नागरिक, योगानंद सोम,सतीश सोम, मृत्युजय सोम,कौसल देव,नीति राम वरिष्ठ नागरिक, बृज किशोर साहू, ललित नारायण पटेल, पवन देव,चुनेंद्र पटेल, के. एन नाग, दुष्ण्यत वर्मा,कौंसल वर्मा,कीरोन सोन, पवन विकास आदि शामिल है।

## उभयलिंगी पर जागरूकता संवेदनशीलता कार्यशाला

# अस्पतालों में अलग वार्ड व पुनर्वास केंद्र की होगी स्थापना

**पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर**
www.dailypioneer.com




कलेक्टर महादेव कावरे की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में उभयलिंगी व्यक्तियों पर केन्द्रित जागरूकता संवेदनशीलता विषय पर बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस. मण्डावी, छत्तीसगढ़ शासन के तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड के विद्या राजपूत, रवीना बरिहा, तृतीय लिंग कल्याण कमेटी बोर्ड कोरबा की शंकर यादव, मितवा संकल्प समिति की पापी देवनाथ, उप संचालक पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग सुचिता लकड़ा, जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित भी किया।

**अधिकारों पर हुई चर्चाः** कार्यशाला में तृतीय लिंग बोर्ड की सदस्य रवीना बरिहा ने समुदाय की सामाजिक आर्थिक, शैक्षणिक उनके अधिकार, कानून, रोजगार के अवसर, समाज की मुख्य धारा में लाने का सार्थक प्रयास आदि पर विस्तार से प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने उभयलिंग को परिभाषित करते हुए बताया कि उनका शरीर और मन अलग-अलग होता है और वे अपने अनुसार स्त्री, पुरूष या तृतीय लिंग का चयन कर सकते हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर द्वारा इस समुदाय को दिए जाने वाले प्रमाण-पत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक निर्धारित प्रपत्र में जिला कलेक्टर के पास आवेदन किया जाएगा और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उनको प्रमाण पत्र देने के लिए अधिकृत किया गया है।

**जिलास्तर पर अलग से सुविधाएं** कार्यशाला में जिला प्रशासन द्वारा तृतीय लिंग के उत्थान के लिए क्या-क्या कार्य किए जा सकते है इसके बारे में भी जानकारी दी। रवीना बरिहा ने बताया कि ऐसे तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्ति जिनको घर से बाहर निकाल दिया गया है, निराश्रित है, अनाथ हैं उनके के लिए जिला में एक पुनर्वास केन्द्र की सुविधा उपलब्ध कराना है। ताकि उनको रहने की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और जिला अस्पताल में तृतीय लिंग समुदाय के लिए अलग-वार्ड बनाकर अलग बेड की व्यवस्था कराकर पृथक से अलग शौचालय की भी सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। जिला स्तर पर तृतीय लिंग की सुरक्षा के लिए जिला स्तरीय समिति का भी गठन किया जाना है। कमेटी द्वारा प्रत्येक तीन माह में बैठक लेकर उनकी सुविधाओं समस्याओं का समाधान करेगी और निगरानी रखेगी। कार्यशाला में बताया गया कि जिला कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, पुलिस कार्यालय में उनके अधिकारों और महत्वपूर्ण बिन्दूओं को बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने के लिए भी कहा गया है। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देश के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। और तृतीय लिंग के कानूनों के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला में बताया गया कि तृतीय लिंग समुदाय को रोजगार के समान अवसर पर उपलब्ध कराना है। तृतीय लिंग के पहचान पत्र जारी करने के लिए दिशा निर्देश, लिंग परिवर्तन करने केलिए पहचान पत्र की पद्धति, गैर भेद-भाव के लिए प्रावधान, रोजागर के समान अवसर, शिकायत निवारण आदि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनकी शंकाओं एव समस्याओं का भी समाधान किया गया।

# 5 करोड़ के निर्माण कार्यों की शकुन्तला साहू ने किया भूमिपूजन

**पायनियर संवाददाता ◄ लवन**
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने कसडोल विधानसभा के बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम खैरा (दातान) में खैरादातान जलाशय योजना के शीर्ष एवं नहरों का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य के 5 करोड़ की लागत भूमिपूजन की । शकुन्तला साहू ने संबोधित करती हुई इस जलाशय का निर्माण 115 वर्ष पूर्व सन 1932 में हुई थी ,बहुत ज्यादा पुरानी योजना के कारण पूर्ण सिंचाई नही हो पा रही है इस नवीन नहर लाइनिंग एवं जलाशय के जीर्णोद्धार से एवं कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात 1141 एकड़ क्षेत्र खैरा,पहंदा,तुरमा,अमलडीहा एवं हरदी के किसानों के खेत की सिंचाई सफलता पूर्वक होगी ,साथ ही ग्राम खैरा पहुँच नहर पुल का निर्माण भी नया होगी ।साथ ही शकुन्तला साहू ने बताई पूरे कसडोल विधानसभा अंतर्गत सभी नहरों का कांक्रीटीकरण के लिए बजट में शामिल की गई है। इस अवसर पर गुरूदयाल यादव ,केदार डहरिया ,सरपंच बम्हणपुरी हिंछा राम पैकरा ,रज्जु वर्मा ,पूर्व उपसरपंच खैरा जनक पैकरा ,धन्नू राम साहू ,धनसिंह पैकरा ,रामसिंह पैकरा ,कमल नारायण पैकरा ,छबि लाल देवांगन ,दिलहरण साहू ,तुरमा सरपंच प्रतिनिधि करण सिंगध्रुव ,दिनेश नेताम ,धनेश्वर नेताम ,शिव निषाद ,वीरेंद्र साहू ,बिमलेश वर्मा ,मूलशंकर पैकरा ,जल संसाधन कार्यपालन अभियंता टी सी वर्मा ,अनुविभागीय अधिकारी एल एल अहिवार ठेकेदार मोहन लक्कड़ एवं आस पर के लाभान्वित ग्रामो के सरपंच व ग्रामीण जन भारी संख्या में मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403